राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 260
लखनऊ, सोमवार 12 मई 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

दुधवा को पर्यटन गंतव्य के रूप में किया जाएगा विकसित : जयवीर सिंह 03

बिना जांच के ही पुलिस ने दर्ज कर लिया मुकदमा 04

सीएम योगी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस यूनिट का किया शुभारंभ

आतंकियों को उनकी भाषा में ही मिलेगा जवाब

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर पाकिस्तान और उसके पोषित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है, जो कभी सीधी होने वाली नहीं है। प्यार की भाषा न मानने वालों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। इस दिशा में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है। अब समय आ गया है कि जब आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सबको एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा। मुख्यमंत्री योगी उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली शमिल हुए। मुख्यमंत्री योगी और रक्षामंत्री ने एक साथ बटन दबाकर ब्रह्मोस उत्पादन यूनिट का शुभारंभ किया। इस मौके पर रक्षा उत्पादन से जुड़ी एक पुस्तक ब्रह्मांड का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने ब्रह्मोस के इस यूनिट के लिए चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। कार्यक्रम आयोजकों की ओर से मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी भेंट किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की तीनों रक्षा सेनाओं के बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अभिनंदन किया और प्रदेशवासियों की ओर से दोनों को बधाई दी। योगी ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है, इसके पराक्रम को आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा और नहीं देखा तो कम से कम पाकिस्तान वालों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है।

इस अवसर पर दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद ब्रजलाल, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत डीआरडीओ, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, पीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

डिफेंस कॉरिडोर के छह नोडों पर तेजी से हो रहा कार्य

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर डिफेंस कॉरिडोर के 6 नोडों पर हमारा कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे पहले हमने कानपुर में रक्षा सेनाओं के लिए गोला बारुद के उत्पादन केन्द्र का शुभारंभ किया था। अब उसके विस्तार के लिए भी भूमि की मांग हो रही है। लखनऊ में भी ब्रह्मोस को जैसे ही 200 एकड़ भूमि दी गई तो पीटीसी भी यहां पर आया है। पीटीसी ने न केवल ब्रह्मोस के लिए बल्कि एयरोस्पेस से जुड़े अनेक कार्यों के लिए एक एंकर यूनिट के रूप में उत्पादन कार्य प्रारंभ किया है। यहां ब्रह्मोस से जुड़ी हुई लगभग 7 एंकर यूनिट लग रही हैं। उन्होंने कहा कि 2013-14 में भारत का जो रक्षा उत्पादन था आज हम उससे कई सौ गुना ज्यादा उत्पादन और निर्यात कर रहे हैं। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ दुनिया के तमाम मित्र देशों को रक्षा सामग्री निर्यात करके उनकी सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति का भी काम कर रहे हैं।

सरहद पार आतंकी और उनके आका नहीं हैं सुरक्षित

रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढाहने के उद्देश्य से चलाया गया था। इस अभियान के दौरान हमने उनके आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया था। मगर पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा और गिरिजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही नहीं कार्रवाई की बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत, है जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कारवाई करेगा।

देश व दुनिया के अलग-अलग भागों से हो चुके 57 एमओयू

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो हमारा लक्ष्य था कि 6 डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में हमें 50 हजार करोड रुपये का निवेश करना है। इससे यहां एक लाख युवाओं को रोजगार भी देना है। अब तक हमारे साथ डिफेंस एक्सपो के साथ ही देश और दुनिया के अलग-अलग भागों से 57 एमओयू हो चुके हैं, जिनके माध्यम से करीब 30 हजार करोड़ के निवेश सिर्फ डिफेंस सेक्टर से ही होने जा रहे हैं। ब्रह्मोस, पीटीसी, डीआरडीओ, एल एंड टी और सभी इकाइयों को धन्यवाद दूंगा, जो स्थानीय स्तर के नौजवानों को प्रशिक्षित करके रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले जिस राज्य में नौकरी नहीं होती थी, पलायन होता था, आज वहां पर निवेश भी हो रहा है आज वहां पर एमएसएमई यूनिट एक एंकर यूनिट के रूप में बेस तैयार कर रहा है।

पाकिस्तान को भारत की सख्त चेतावनी-संघर्ष विराम तोड़ा तो देंगे तगड़ा जवाब

▸ ऑपरेशन में 100 आतंकी ढेर हुए, एलओसी पर गोलाबारी में करीब 40 पाक सैनिक मार गिराए

एजेंसी

नई दिल्ली। संघर्ष विराम का फैसला पाकिस्तान की पहल पर लिया गया है लेकिन सशस्त्र बलों का ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी रहेगा। आगे की रणनीति तय करने के लिए 12 मई को 12 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच वार्ता होगी। संघर्ष विराम का उल्लंघन रोकने के लिए भारत ने आज सुबह डीजीएमओ को एक और हॉटलाइन संदेश भेजा है। यदि आज रात या बाद में इन्हें दोहराया जाता है, तो हम इनका कड़ाई से जवाब देंगे। सेना प्रमुख ने पाकिस्तान के किसी भी उल्लंघन के मामले में जवाबी कार्रवाई के लिए हमारे सेना कमांडर को पूर्ण अधिकार दिए हैं।

संघर्ष विराम का फैसला भले हो गया हो, लेकिन सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं को कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इस ऑपरेशन में 100 आतंकी ढेर किये गए हैं, जिनमें तीन बड़े आतंकी भी हैं। एलओसी पर गोलाबारी में करीब 40 पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए। भारतीय वायु सेना ने हमले करके पाकिस्तान के कई एयरबेस और थल सेना प्रतिष्ठान तबाह किये। भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 अफसरों-जवानों की मौत हुई है।

पाकिस्तान के हमले में भारतीय वायु सेना के किसी एयरबेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, जबकि भारतीय वायु सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी हमले नाकाम किए।

वायु सेना ने पाकिस्तान के 3 एयर डिफेंस सिस्टम बर्बाद किए और दो एयरबेस का रनवे तबाह किया है। तीनों सेनाओं के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) ने रविवार को भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

हमने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया

सेना के डीजीएमओ राजीव घई ने बताया कि पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष लोगों की हत्या किये जाने के बाद आतंक के षड्यंत्र कारियों को दंडित करने और उनके आतंकी ढांचे को नष्ट करने के स्पष्ट सैन्य उद्देश्य के साथ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि पाक ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करके नागरिक आबादी वाले गांवों और गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थलों पर गोलीबारी की, जिसमें हमारे नागरिक क्षेत्रों में कई लोगों की दुखद मृत्यु हुई। डीजीएमओ घई ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों और उनके ढांचे को नेस्तनाबूद करके पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया है। भारतीय वायु सेना ने चिन्हित किए गए सभी 9 आतंकी ठिकानों को सटीक निशाना साधकर उन्हें बर्बाद किया। इस ऑपरेशन में 100 आतंकी ढेर किये गए हैं, जिनमें यूसुफ़ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद हैं, जो आईसी-814 के अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

श्रीलंका में बस हादसा, 21 बौद्धों की मौत, 24 घायल

कोलंबो। श्रीलंका में रविवार सुबह हुई बस दुर्घटना में कम से कम 21 बौद्धों की मौत हो गई। यह हादसा गारडीला क्षेत्र के रामबोडा में फॉल्स के पास हुआ। यह सरकारी बस है। बस चट्टान से टकरा कर 100 फीट नीचे खाई में पलट गई। बस कटारगामा से कुरुनेगला तक चलती है। घायलों को थमाले क्षेत्रीय अस्पताल और नुवारा एलिया जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की संख्या 24 से ज्यादा है। श्रीलंका के अंग्रेजी भाषा के अखबार द आइलैंड के सहयोगी सिंहली में छपने वाले दैनिक दिवाना की खबर में यह जानकारी दी गई। इस साल का यह सबसे घातक सड़क हादसा है। पुलिस ने हादसे में 21 यात्रियों के मरने की पुष्टि की है। पुलिस ने कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली इस बस में लगभग 70 बौद्ध यात्री थे।

आईएएस अफसर अभिषेक प्रकाश किए गए सस्पेंड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को सस्पेंड कर दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक भटगांव जमीन अधिग्रहण घोटाले में चार्जशीट देने की तैयारी में राजस्व विभाग जुटा है।

चारधाम यात्रा में अवैध रूप से चल रहे चार वाहन सीज

हरिद्वार। परिवहन विभाग ने हरिद्वार से चार धाम की यात्रा पर अवैध रूप से व्यक्तियों की बुकिंग कर रहे तीन इनोवा कार और एक टेंपो ट्रैवलर को सीज कर दिया है। यह सभी वाहन राजस्थान नंबर के थे, जो कि पुराने ऑल इंडिया परमिट लेकर संचालित हो रहे थे। यह बिना मान्य परमिट के ही चारों धाम की यात्रा की बुकिंग कर रहे थे। एआरटीओ प्रवर्तन नेहा झा ने बताया कि सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए इन सभी वाहनों को सीज कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वैध परमिट पर ही कोई वाहन यात्रा रूट पर संचालित किया जा सकेगा। अवैध परमिट धारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

350 से अधिक अवैध धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। प्रदेश के पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में प्रशासन द्वारा अवैध धार्मिक स्थलों को चिह्नित कर उन पर प्रशासन ने चाबुक चलाया। मुख्यमंत्री का साफ निर्देश है कि किसी भी धर्म के नाम पर भूमि अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग पर चल रही मालगाड़ी दो हिस्सों में बटी

समृद्धि न्यूज

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के थाना कटघर क्षेत्र में रविवार सुबह रामगंगा नदी पुल पर दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग पर चल रही मालगाड़ी दो हिस्सों में बट गई। सूचना पाकर रेलवे इंजीनियर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद मरम्मत कर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया।

इस दौरान दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग पर लगभग आधा घंटा रेल यातायात पूरी तरह से बाधित रहा। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि रविवार सुबह 06 बजे

दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग पर लगभग आधा घंटा रेल यातायात पूरी तरह से बाधित रहा

दिल्ली लखनऊ रेलवे लाइन पर दौड़ रही मालगाड़ी अचानक से कटघर थाना क्षेत्र रामगंगा नदी पुल पर पहुंचने पर दो हिस्सों में बट गई। यह हादसा कपलिंग टूटने की वजह से हुआ था। घटना की जानकारी पर रेलवे के अधिकारी, स्टेशन मास्टर और इंजीनियरों की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद मरम्मत कर ट्रेन को यहां से रवाना किया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि इस दौरान आधे घंटे से दिल्ली लखनऊ रेलवे लाइन पूरी तरह से बाधित रही। मालगाड़ी रवाना होने के बाद रेल संचालन बहाल हो सका।

मलेरकोटला से पकड़े गए दो पाक जासूस

▸ पाक उच्चायोग के अधिकारी के लिए कर रहे थे काम

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने राज्य के मलेरकोटला से दो पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया है। इन पर पाकिस्तानी उच्च आयोग के कार्यालय के एक अधिकारी को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां मुहैया करवाने का आरोप है। इसके बदले में उन्हें ऑनलाइन पेमेंट मिलती थी।

पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर मलेरकोटला से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में अपने दूसरे सहयोगी के बारे में बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके उनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनसे पूछताछ करके पता लगाया जा रहा है कि वह कब से गोपनीय जानकारियां लीक करने का काम कर रहे थे और वह अब तक किस तरह की जानकारियां पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को मुहैया करवा चुके हैं। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पकड़े गए दोनों आरोपित अपने हैंडलर के लगातार संपर्क में थे और उसके निर्देशानुसार काम करते हुए स्थानीय युवकों के साथ मिलकर गतिविधियों को नोट करके मोबाइल के माध्यम से आगे भेजते थे। इनके खिलाफ मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

भारत-पाक सीमा से आरडीएक्स, हैंड ग्रेनेड व हथियार बरामद

चंडीगढ़। बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर भारत-पाकिस्तान सीमा से आरडीएक्स तथा हैंड ग्रेनेड व कई हथियार बरामद किए हैं। विस्फोटक सामग्री व हथियार बरामद करने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने मिलकर सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को इस बारे में सूचित किया कि गांव चक बाला के पास कुछ संदिग्ध वस्तुएं पड़ी हैं। बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस की टीम वहां पहुंची और पूरे गांव को घेर लिया। इसके बाद खेतों में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान यहां से 972 ग्राम आरडीएक्स, एक रिमोट कंट्रोल डिवाइस और चार्जर, दो हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, आठ बैटरियां, एक ब्लैक बॉक्स, 30 जिंदा कारतूस तथा दो पिस्टल व चार मैगजीन बरामद की हैं।

पैतृक संपत्ति के बंटवारे पर लगेगा अब अधिकतम 5,000 रुपए का स्टांप शुल्क

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर लंबे समय से चल रहे विवादों को सुलझाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। अब पैतृक संपत्ति के बंटवारे पर अधिकतम 5000 रुपये स्टांप शुल्क लगेगा, जिससे आम परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

नई व्यवस्था के तहत, अगर कोई व्यक्ति अपनी पैतृक अचल संपत्ति को परिवार के अन्य सदस्यों, यानी स्वयं, जीवित वारिस और तीन पीढ़ियों तक के वंशजों के बीच बांटना चाहता है, तो

उसके लिए स्टांप शुल्क अधिकतम 5000 रूपये ही देना होगा। रजिस्ट्रेशन फीस भी अधिकतम 5000 रूपये तक सीमित कर दी गई है। इससे पहले, संपत्ति बंटवारे पर भारी-भरकम स्टांप ड्यूटी लगती थी, जिससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता था, बल्कि कई बार कानूनी विवाद भी उत्पन्न होते थे।इस नई व्यवस्था के अंतर्गत सेटलमेंट डीड भी केवल 5000 रूपये में तैयार करवाई जा सकेगी। यह बदलाव उन परिवारों के लिए खास राहत लेकर आया है जो आपसी सहमति से पैतृक संपत्ति का बंटवारा करना चाहते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ निर्देश दिए हैं कि यह नियम पूरे प्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं और इसे सरलता से जमीन पर उतारा जाए।सरकार का मानना है कि इस फैसले से परिवारों के बीच संपत्ति को लेकर उत्पन्न होने वाले झगड़ों और कानूनी मुकदमों में भारी कमी आएगी। लोगों को अब कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और परिवार में आपसी सौहार्द बना रहेगा।

निगरानी : 500 से ज्यादा संदिग्ध आईडी चिह्नित

मुरादाबाद। भारत-पाक के बीच चल रहे तनाव को लेकर पुलिस अलर्ट है। पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ सड़कों पर गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिला रहे हैं। खुफिया एजेसियां संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त रहने वाले लोगों की तलाश में जुटी हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर पुलिस विशेष निगरानी कर रही है। इसके लिए अलग से टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें लोगों की पोस्ट पर नजर बनाए हैं। जिले में 500 से ज्यादा संदिग्ध आईडी चिह्नित गई हैं। जिन पर लगातार निगरानी की जा रही है। भारत-पाक के बीच बीते दिन सीजफायर पर सहमति बनने पर पुलिस ने भी राहत की कुछ सांस तो ले ली थी, लेकिन ऐसे में पुलिस के लिए सोशल मीडिया पर भ्रामक, झूठी और असत्य खबरों ने चिंता बढ़ा दी है।

उग्रवादियों के खिलाफ अभियान में 13 गिरफ्तार, हथियार बरामद

एजेंसी

इम्फाल। मणिपुर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के विभिन्न स्थानों से अभियान के दौरान 13 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए।

मणिपुर पुलिस के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि इस दौरान पटसोई थाना क्षेत्र के सजीरोक तुरेल मपल (इम्फाल वेस्ट) से 7.62 एसएलआर राइफल, एक मैगजीन, एक संशोधित .303 राइफल, एक एसबीबीएल गन, दो .22 राइफल, एक फ्लेयर गन, दो 9 मिमी पिस्तौल व दो मैगजीन, एक पिस्टल खाली मैगजीन के साथ, एक हैंड ग्रेनेड (बिना डेटोनेटर), एक बाओफेंग हैंडहेल्ड सेट, विभिन्न प्रकार की गोलियां, दो बीपी वेस्ट, जंगल बूट, सफेद प्लास्टिक बैग व एक बोरा जब्त किया गया। आरोपितों को पकड़ने के लिए जोरदार खुफिया आधारित तलाशी अभियान जारी है। एक अभियान में केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो कैडरों, निंगथौजम किरण मैतेई उर्फ बोइनाओ (29) व सोरुखैबम इनाओचा सिंह (45) को इम्फाल वेस्ट से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से इंसास, एके रायफल और .303 की गोलियां, खाली खोखे, बाओफेंग सेट, बीपी वेस्ट, मोबाइल, आधार कार्ड, चार पहिया वाहन और एक हरा बैग जब्त किया गया।

युद्ध में शहीद इम्तियाज के परिवार को 5 करोड़ व परिजन को नौकरी देने की मांग

अररिया। पाकिस्तान धोखेबाज है यह तो हर कोई जानता है, लेकिन वह अपनी कही बातों और किये गए वादों से भी पलट जाता है। ऐसा ही शनिवार को तब हुआ जब सीजफायर की घोषणा करने के बाद पाकिस्तान ने धोखे से फिर बॉर्डर पर गोलीबारी शुरू कर दी। युद्ध विराम की स्थिति में हुई इस क्रॉस बार्डर फायरिंग में बिहार के छपरा का लाल बीएसएफ सब इंस्पेक्टर मो. इम्तियाज शहीद हो गए। इस संबंध में रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता सह आजाद हिंद फौज के संयोजक प्रभात यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश के नाम पत्र भेजकर शहीद मो. इम्तियाज के परिवार को 5 करोड़ का सहयोग देने तथा परिजन को सरकारी नौकरी की घोषणा की मांग किया है।

सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए इंदौर में बनेगा गेस्ट हाउस

एजेंसी

इंदौर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इंदौर में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए गेस्ट हाउस बनाया जाएगा।

डॉ यादव ने रेसीडेन्सी कोठी परिसर इंदौर में गेस्ट हाउस का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी, न्यायमूर्ति एस सी शर्मा, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत, उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति एवं निर्माण समिति के चेयरमैन संजीव सचदेवा मौजूद रहे। शिलान्यास समारोह में उच्च न्यायालय के एडमिनिस्ट्रेटिव जज विवेक रुसिया,उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल धर्मेन्द्र सिंह, न्यायामूर्ति आनंद पाठक सहित उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति एवं एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

आत्मनिर्भरता

योगी सरकार ने ओडीओपी में शामिल किए 12 और नए उत्पाद

बलिया का सत्तू दुनिया को दिलाएगा कई बीमारियों से निजात

▸ अमरोहा का मैटल बिखेरेगा जलवा, बरेली का लकड़ी उत्पाद घरों की बढ़ाएगा रौनक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट (ओडीओपी) योजना न केवल प्रदेश के हर जिले की पारम्परिक विशेषता को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाने का माध्यम बनी है, बल्कि लाखों कारीगरों, शिल्पियों और उद्यमियों के लिए

आत्मनिर्भरता का सशक्त जरिया भी साबित हुई है।

सीएम योगी की ओडीओपी योजना जहां देश के कई राज्य अपना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दुनिया में भी काफी ओडीओपी उत्पादों की सराहना हो रही है। इसे और सशक्त बनाने के लिए योगी सरकार ने 12 और नये उत्पादों को ओडीओपी में शामिल किया है, जो देश दुनिया में अपनी पहचान बनाएंगे। योगी सरकार पहले ही प्रदेश के विभिन्न जिलों के 62 उत्पादों को ओडीओपी में शामिल कर चुकी है, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 74 हो गई है। योगी सरकार ने ओडीओपी योजना के तहत अब तक कई पारम्परिक उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाई है।

ओडीओपी योजना के तहत विभिन्न जिलों के इन 12 नये उत्पादों को किया गया शामिल

एमएसएमई सचिव ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर ओपीओपी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 12 नये उत्पादों को शामिल किया है। इसमें बागपत के एग्रीकल्चरल इम्पलीमेंटस एंड रिलेटेड एसेसिरीज, सहारनपुर के होजरी उत्पाद, फिरोजाबाद के फूड्स प्रोसेसिंग, गाजियाबाद के मैटल उत्पाद तथा टेक्सटाइल एंड अपेरल उत्पाद, अमरोहा के मैटल एवं वुडन हैंडीक्राफ्ट, आगरा के पेठा उद्योग एवं सभी प्रकार के फुटवेयर, हमीरपुर के मैटल उत्पाद, बरेली के लकड़ी के उत्पाद, एटा के चिकोरी उत्पाद, प्रतापगढ़ का खाद्य प्रसंस्करण, बिजनौर का ब्रश एवं उससे जुड़े उत्पाद और बलिया का सत्तू उत्पाद आदि शामिल हैं। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है। यह योजना विभिन्न राज्यों को काफी पसंद आयी। यही वजह है कि उन्होंने अपने राज्यों में भी सीएम योगी की ओडीओपी योजना को लागू किया है। सीएम योगी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि प्रदेश के हर जिले की पारंपरिक विशेषताओं और उद्योगों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिली है।

मातृ दिवस पर विशेष

मातृत्व व कर्तव्य का अद्भुत संगम: लखीमपुर खीरी की प्रियंका शुक्ला बनीं ममता की मिसाल

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मातृ दिवस के अवसर पर जब हर कोई मां की ममता को शब्दों में समेटने की कोशिश कर रहा था, तब लखीमपुर खीरी से एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने 'मां' शब्द की गहराई को और भी अधिक सजीव कर दिया। यह तस्वीर कोतवाली सदर में तैनात महिला कांस्टेबल प्रियंका शुक्ला की है, जिन्होंने ड्यूटी और मातृत्व–दोनों जिम्मेदारियों को एक साथ निभाकर एक नई मिसाल पेश की है।

2019 बैच की कांस्टेबल प्रियंका शुक्ला वर्तमान में कोतवाली सदर में कार्यरत हैं। मातृत्व का यह सफर उनके लिए तब और भी खास बन गया जब ढाई साल की मासूम बेटी यशिका शुक्ला को उन्होंने अपने कंधे से लगाए ड्यूटी निभाते देखा गया। यह दृश्य न केवल भावुक कर देने वाला था, बल्कि हर उस महिला के लिए प्रेरणास्रोत बन गया जो अपने पेशेवर जीवन और पारिवारिक दायित्वों के बीच संतुलन साधने की कोशिश में लगी रहती हैं। प्रियंका बताती हैं कि उनकी शादी 2020 में गोविंद शुक्ला से हुई थी, जो फर्रुखाबाद में एक बेसिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। प्रियंका का मायका भी फर्रुखाबाद में ही है, जिससे परिवार से संपर्क बना रहता है। वह कहती हैं, बच्चे की देखभाल और ड्यूटी दोनों को निभाना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो जाता है, लेकिन कोतवाली प्रभारी हेमंत राय का सहयोग हमेशा मिलता है। वे बहुत अच्छे अधिकारी हैं और उन्होंने मेरी स्थिति को समझते हुए मुझे बाहर की ड्यूटी से राहत दी है। प्रियंका शुक्ला की कोशिश रहती है कि वह न तो अपनी बच्ची की परवरिश में कोई कमी आने दें और न ही वर्दी के साथ किए गए कर्तव्यों में। यही समर्पण उन्हें एक सशक्त महिला, एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी और एक ममतामयी मां बनाता है। इस मातृ दिवस पर प्रियंका शुक्ला जैसी महिलाएं समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। वे हमें यह याद दिलाती हैं कि ममता वर्दी के नीचे भी धड़कती है, और एक मां कहीं भी, किसी भी रूप में अपने बच्चे के लिए सबसे बड़ा संबल होती है।

मातृत्व की पीड़ा: हादसे में दो बुजुर्ग माताओं की मौत, मातृ दिवस पर गांव में पसरा मातम

मातृ दिवस पर जब देश मां की ममता का उत्सव मना रहा था, उसी दिन लखीमपुर खीरी के लुधौरी गांव में दो माताओं की मौत ने मातृत्व को एक दर्दभरी याद में बदल दिया। पूरनपुर दवा लेने जा रहे ग्रामीणों की ओमनी कार खुटार के पास पेड़ से टकरा गई। हादसे में 80 वर्षीय फूला देवी और लहबड़ी जायसवाल की माता की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। फूला देवी, पूर्व प्रधान लेखराम भास्कर की मां थीं, जिनका कूल्हा टूटा हुआ था। उनकी सेवा में परिवार उन्हें अस्पताल ले जा रहा था। यह घटना बताती है कि मां का दर्द सिर्फ उसके अपने लिए नहीं होता, बल्कि वह अपने बच्चों को दर्द से बचाने की कोशिश में भी खुद अनजाने में पीड़ित हो जाती है। गांव में मातृ दिवस पर मातम छा गया। परिजनों की आंखों में आंसू और दिलों में ग़म था। यह हादसा मातृत्व की एक और सच्चाई को उजागर करता है–मां की भूमिका जीवन के हर पड़ाव पर अहम होती है, और उसकी कमी जीवन भर खलती है।

मातृ दिवस के अवसर पर मां के प्रति कार्यक्रम आयोजित

बेलरायां खीरी। श्रीगाँधी इण्टर कॉलेज, बेलरायां खीरी के प्रांगण में मातृ दिवस के पावन अवसर पर एक अद्भुत और भावुक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैनवास पर उकेरी गई इन कलाकृतियों में मां की ममता, त्याग, स्नेह और दुलार की अनुपम छटा देखते ही बनती थी। किसी चित्र में मां अपने बच्चे को गोद में लेकर लोरी सुना रही थी, तो किसी में बच्चा मां के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहा था। इन कलाकृतियों में मां की कोमलता और बच्चों की निश्छलता का अद्भुत संगम देखने को मिला। इन मनमोहक कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय परिसर में ही किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार, लिपिक विनीत मिश्रा तथा कला विषय के अध्यापक अवनीश कुमार राना ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार ने

छात्रों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से मातृत्व की महानता को बखूबी दर्शाया है।

मदर्स डे पर मातृत्व का किया गया भावपूर्ण सम्मान

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

स्थानीय श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी, लक्ष्मनजती में रविवार को मदर्स डे बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर माताओं की उपस्थिति और बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों से भावनाओं से भर उठा। कार्यक्रम में सलाद बनाओ, मेहंदी रचाओ और फ्लावर अरेंजमेंट जैसी प्रतियोगिताओं ने न केवल माहौल को जीवंत किया, बल्कि माताओं के सृजनात्मक पक्ष को भी मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य और संगीत कार्यक्रम ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। 'माँ' विषय पर आधारित इन प्रस्तुतियों में बच्चों ने अपने दिल की भावनाएँ खुले रूप से व्यक्त कीं। मुख्य अतिथि डॉ. इरा श्रीवास्तव,

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा, माँ केवल जीवनदायिनी ही नहीं, अपितु हमारी प्रथम गुरु होती है। वह बच्चों को संस्कारों, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ती है। उन्होंने माताओं से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को नैतिकता और अनुशासन की ओर प्रेरित करें विद्यालय के प्रबंधक एवं क्षेत्रीय विधायक अमन गिरी ने मातृ दिवस के शुभ अवसर पर समस्त माताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि माँ न केवल परिवार की आधारशिला होती है, बल्कि उसके संस्कारों से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने माताओं को राष्ट्र निर्माण की असली प्रेरक शक्ति बताते हुए उनके योगदान को नमन किया। विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी ने विद्यालय के संस्थापक स्व.श्री अरविंद गिरि को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में मातृ-प्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है प्रधानाचार्य श्री आलोक कुमार मिश्र ने कहा, हर बच्चे की पहली शिक्षिका उसकी माँ होती है। माँ के संस्कार ही उसके चरित्र और भविष्य की नींव होते हैं। उन्होंने मदर्स डे जैसे आयोजनों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की दिशा में सार्थक कदम बताया। कार्यक्रम की रूपरेखा और संचालन की जिम्मेदारी साक्षी परिवार ने बखूबी निभाई। मंच संचालन कक्षा 7 के छात्र आरिश नोमान और कक्षा 12 की छात्रा खुशबू ने आत्मविश्वास और संयम के साथ किया। विद्यालय की शिक्षिका सफिया खान ने सभी उपस्थित माताओं का स्वागत करते हुए उनके प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को विद्यालय की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किए गए, तथा केक कटिंग और केक वितरण के साथ समारोह का भावपूर्ण समापन हुआ।

लविवि के कुलपति का खीरी में हुआ सम्मान समारोह

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का खीरी में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। होटल लैंडमार्क में आयोजित सम्मान समारोह में कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में कुलपति ने जिले के महाविद्यालयों से लखनऊ विश्वविद्यालय से सक्रिय जुड़ाव का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल परीक्षा केंद्र नहीं, बल्कि छात्रों के लिए एक व्यापक शैक्षणिक मंच है। उन्होंने शिक्षकों और प्रबंधकों से छात्रों को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में भाग

दिलाने व म्यूजियम भ्रमण कराने की अपील की। कुलपति ने नई शिक्षा नीति और शोध की दिशा में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने रूस, नेपाल, ओमान समेत कई देशों से एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खीरी सेल्फ फाइनेंस डिग्री कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन चंद्रशेखर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. अवधेश त्रिपाठी, प्रो. संगीता साहू, डॉ. एस.के. पांडेय सहित कई महाविद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्य और शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कुलपति को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

छोटी काशी को मिला नया सीओ, शिवम कुमार को सौंपी गई कमान

गोला गोकर्णनाथ खीरी। 2022 बैच के पीपीएस अधिकारी शिवम कुमार को गोला गोकर्णनाथ का नया क्षेत्राधिकारी नियुक्त किया गया है। आगरा निवासी शिवम की यह पहली सर्किल पोस्टिंग है। इससे पहले वे लखीमपुर में ट्रैफिक सीओ के रूप में तैनात थे, जहां उन्होंने अनुशासित कार्यशैली और जनसमन्वय से बेहतर छवि बनाई। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए गोला जैसे संवेदनशील क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी है। शिवम से क्षेत्र की कानून–व्यवस्था सुधारने और जनता का भरोसा कायम रखने की उम्मीदें जताई जा रही हैं।

ई-रिक्शा जब्त होने से दुखी रिक्शा चालक ने दी जान, ट्रेन से कटकर मौत

- फाइनेंसर ने नहीं मानी गरीब की मजबूरी, रिक्शा छीनने के कुछ घंटे बाद दी जान

पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज़।

उचौलिया थाना क्षेत्र के बबक्करपुर गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक गरीब ई-रिक्शा चालक ने फाइनेंसर की दबंगई और बेरुखी से क्षुब्ध होकर रेल पटरी पर जाकर अपनी जान दे दी। मृतक युवक की पहचान 22 वर्षीय नरोत्तम पाल पुत्र रामसागर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि फाइनेंसर द्वारा किश्त न जमा कर पाने पर उसका ई-रिक्शा जब्त कर लिया गया था, जिससे आहत होकर नरोत्तम ने यह

खौफनाक कदम उठाया।

परिजनों के अनुसार, शनिवार को नरोत्तम रोज की तरह सुबह अपने ई-रिक्शा पर सवारी ढोने गया था। दोपहर में वह कुछ देर के लिए खाना खाने घर आया था। इसके बाद वह फिर काम पर निकल गया। परिजनों का कहना है कि शाम को दो लोग घर भी आए थे, जो संभवतः फाइनेंसर के कर्मचारी थे। कुछ देर बाद नरोत्तम रास्ते में मिला, तो उन्हीं लोगों ने जबरन उसका ई-रिक्शा छीन लिया। इस घटना से नरोत्तम बुरी तरह टूट गया था। वह न तो रात में घर लौटा और न ही किसी से संपर्क किया। परिजनों ने कई बार उसका मोबाइल मिलाया, लेकिन वह स्विच ऑफ आया।

घटना के बाद गांव में गम का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गरीबों पर जबरन रिकवरी का दबाव बनाने वाले फाइनेंसर्स पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि नरोत्तम की मौत सिस्टम की बेरुखी और पूंजी की कठोरता का नतीजा है।

रोजा-सीतापुर रेलखंड पर ट्रेन से कटकर दी जान

रात करीब नौ बजे रोजा–सीतापुर रेललाइन के डाउन ट्रैक पर एक स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी। उसी दौरान नरोत्तम पटरी पर लेट गया और ट्रेन से कटकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेन पायलट ने घटना की जानकारी कंट्रोल को दी, जिसके बाद उचौलिया पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची। घटनास्थल जीआरपी क्षेत्र में होने के चलते रोजा जीआरपी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया। शव की शिनाख्त होने के बाद जब परिजनों को सूचना दी गई तो घर में कोहराम मच गया।

बिलखती रही मां, कहा–'रिक्शा ही उसकी रोज़ी रोटी थी'

नरोत्तम की मां रजनी देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि उनका बेटा बेहद मेहनती था और ई–रिक्शा ही पूरे परिवार की आजीविका का सहारा था। उन्होंने बताया, वो सिर्फ दोपहर में खाना खाने आया था। जब फाइनेंसर वालों ने रिक्शा छीना, तब से वह बहुत परेशान था। हमने उसे बहुत ढूंढा, लेकिन देर रात उसकी मौत की खबर मिली।

सरकारी स्कूल बना बारातघर!

- पसगवां ब्लॉक के नरदी गांव में बने प्राथमिक विद्यालय में हो रही शादियां
- ग्रामीणों ने वीडियो वायरल कर जताया विरोध

पसगवां (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद खीरी जिले के कई सरकारी विद्यालय अब भी निजी आयोजनों का केंद्र बनते जा रहे हैं। ताजा मामला पसगवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत नरदी का है, जहां प्राथमिक विद्यालय को शादी-ब्याह जैसे निजी आयोजनों के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। ग्रामीणों ने इन घटनाओं के वीडियो वायरल करते हुए जिम्मेदारों के

खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते एक महीने में इस विद्यालय में कम से कम पांच बार बारातों को रोका गया। पहली बार 18 अप्रैल को पग्गू यादव की बारात विद्यालय में ठहरी, इसके बाद 30 अप्रैल को गुड्डू पासी की बारात, 8 मई को रामदीन पासी की बारात, 9 मई को फकीरे कश्यप की बारात और 10 मई को रामपाल की बारात को भी विद्यालय परिसर में ठहराया गया। शनिवार की रात एक और बारात के पहुंचने पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने कहा कि 10 मई को जिस परिवार की बारात थी, वे अत्यंत गरीब हैं। इसलिए मानवीय दृष्टिकोण से विद्यालय का अतिरिक्त कक्ष खोलकर बारातियों को ठहरने की अनुमति दे दी गई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि विद्यालय शिक्षा का केंद्र है, न कि वैवाहिक समारोहों का स्थल। बार-बार विद्यालय के इस प्रकार के उपयोग से न केवल उसकी गरिमा को ठेस पहुंच रही है, बल्कि शासनादेश की खुलेआम अवहेलना भी हो रही है। खंड शिक्षा अधिकारी संजीव भारती से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

नशे में धुत बाइकसवार ने साइकिलसवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

- दुकान का सामान लेने निकले थे शौकत, हादसे ने छीन लिया घर का सहारा

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मितौली क्षेत्र के कस्ता कस्बे में रविवार को तेज रफ्तार और नशे में धुत एक बाइक सवार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली लेकर पहुंचे, जहां से हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर

दिया। इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मरने वाले बुजुर्ग की पहचान बबौना गांव निवासी 70 वर्षीय शौकत अली पुत्र हसनू के रूप में हुई है। शौकत अली कस्ता कस्बे में अपनी छोटी सी परचून की दुकान चलाते थे। रविवार सुबह वह दुकान का सामान लेने साइकिल से कस्ता गए थे। लौटते समय कस्बे के ही मुख्य मार्ग पर यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में था और नशे में झूम रहा था। सामने से आ रहे शौकत अली को देख वह बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका और सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को मितौली सीएचसी पहुंचाया गया। वहां से शौकत को जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उधर, बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शौकत अली अपने परिवार में पत्नी के साथ अकेले रहते थे। बेटे-बेटियां अलग रह रहे हैं। परचून की दुकान से ही उनका गुजर-बसर होता था। हादसे के बाद घर में कोहराम मचा है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी

पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और बाइक सवार युवक की नशे की पुष्टि के लिए मेडिकल जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नौ जोड़े महिला थाने से सुलह के बाद साथ लौटे, टूटते रिश्तों को मिला नया मोड़

लखीमपुर खीरी। महिला थाना लखीमपुर में रविवार को प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा सिंह के नेतृत्व में पारिवारिक विवादों को सुलझाने का सराहनीय कार्य किया गया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों की मदद से 15 मामलों में सुलह का प्रयास हुआ, जिनमें से 9 जोड़े आपसी मतभेद भुलाकर सुलह के बाद साथ विदा हुए। इनमें दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व पारिवारिक कलह से जुड़े मामले शामिल थे। काउंसलर कुसुम गुप्ता और कय्यूम ज़रवानी के परामर्श से जहां रिश्तों में फिर से मिठास आई, वहीं कुछ जटिल मामलों में दोनों पक्षों को सोचने-समझने का समय दिया गया। इस पहल में महिला आरक्षी सारिका चौहान और बबली पवार का सहयोग भी सराहनीय रहा। महिला थाना की यह पहल समाज में रिश्तों को जोड़ने की मिसाल बन रही है।

धारदार हथियार से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव चांदकुआ में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के किनारे स्थित क्षेत्र में आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सुबह लगभग 8 बजे जयपाल नामक युवक पर दो विपक्षी युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पत्नी गुड़िया पत्नी जयपाल निवासी चांदकुआं, थाना गोला, जिला खीरी ने कोतवाली गोला में दी गई। उसके पति जयपाल सुबह के समय गांव के किनारे टहलने गए थे, जहां विपक्षीगण विनीत पुत्र नेपाली व नेपाली पुत्र नामालूम ने पहले तो जयपाल से गाली–गलौज कर हमला बोल दिया। आरोपियों ने बांका जैसे धारदार हथियार से कमलाकर उससे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया जिससे उसका सर र फट गया पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मां मंगला देवी मंदिर में भूमि पूजन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)। नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल मां मंगला देवी मंदिर में आगामी 14 मई 2025, दिन बुधवार को प्रातः 8 बजे से भूमि पूजन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन पूर्ण धार्मिक विधि-विधान के साथ किया जाएगा। यह आयोजन मंगला देविम् समिति, गोला द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नगर के श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रहने वाली है। इस आध्यात्मिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक

- सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति, भक्ति और श्रद्धा से गूंजा मंदिर परिसर

अमन गिरी तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और आयोजन की सभी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। मंगला देविम् समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जनमानस में भक्ति, एकता और सामाजिक समरसता की भावना को सुदृढ़ करना भी है। भूमि पूजन के साथ मंदिर विकास के आगामी कार्यों का शुभारंभ भी किया जाएगा, जिससे भविष्य में श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। सुंदरकांड पाठ में स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा सस्वर राम भक्ति गान प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों के लिए प्रसाद वितरण एवं भंडारा की व्यवस्था की गई है।

ढखेरवा खालसा रपटा पुल पर उचित प्रबंधन की मांग

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

सरयू नदी ढखेरवा घाट पर बने रपटा पुल से पूर्व में व बीते साल हुए हादसों के बाद स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ इलाके के राहगीर भी चिंतित व भयभीत हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय नेताओं ने प्रशासनिक अफसरों से उचित प्रबंधन के लिए मांग रखी है। रकेहटी चौराहे से उत्तर दिशा में तीन किलोमीटर दूर ढखेरवा खालसा में सरयू नदी है जहां पर अमावस्या को मेला व सावन माह में भारी संख्या में भीड़ जुटती है सावन में हजारों की तादात में श्रद्धालु जलभर जलाभिषेक करने हेतु जंगलीनाथ, लिलौटी नाथ, छोटी काशी (गोला गोकर्णनाथ) सहित

अपनी मान्यताओं के मुताबिक कांवड़ लेकर जाते हैं। इस स्थान पर भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर भी जिसकी विशेषता खास है हर साल यहां सावन में हजारों की तादात श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

पूर्व में हो चुके हैं कई हादसे: ढखेरवा खालसा सरयू नदी पर बने रपटा पुल व नदी से पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं।इस हादसे ढखेरवा गांव निवासी इस्ताक खां की दो बेटियां, सलीम हलवाई का सात वर्षीय बेटा, बीते साल सावन माह में हरीपुरवा निवासी के दोनों पुत्रों की सावन माह जलाभिषेक करनें के लिए गोला गोकर्णनाथ जा रहे बेटों की डूबने से मौत हो गई थी। इसके साथ दिसंबर माह में झंडी बाजार बाग निवासी एक साइकिल सवार मजदूर की रपटा पुल से गिरने से मौत हो चुकी है इन हादसों के बाद ग्रामीण व राहगीर भी परेशान व चिंतित हैं।

डीएम से मिले राजा राजराजेश्वर सिंह: ढखेरवा खालसा सरयू नदी पर बने रपटा पुल से पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं राजा राजराजेश्वर सिंह ने डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल से मिलकर पूर्व में हुए हादसों से अवगत कराया व रपटा पुल पर रेलिंग सहित अन्य काम हों जिससे हादसे में रुकावट हो।

अधिकारियों ने किया मौका मुआयना: रपटापुल ढखेरवा खालसा में हादसे को दावत दे रहे पुल को लेकर झंडी राज राजेश्वर सिंह ने मिलकर रपटा पुल पर रेलिंग सहित कुंड में पत्थर डालने की बात कही वहीं एमआई ने रपटा पुल पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार की है।

ग्रामीणों के बयान

सोनू पांडेय कहते हैं इस स्थान पर हजारों की तादात में श्रद्धालु आते हैं रपटा पुल से बीते सालों में काफी हादसे हो चुके हैं रपटा पुल के लिए व्यापक प्रबंध किए जाएं जिससे ग्रामीणों व राहगीरों के राहत मिल सके रपटा पुल पार करते समय सोचने पर विवश न होना पड़े।

सरदार गोविंदर सिंह कहते हैं कि सरयू नदी व प्राचीनतम मंदिर की विशेषता खास है यहां सावन में सैकड़ों गांवों के श्रद्धालु जल भरने के लिए व अमावस्या को स्नान हेतु आते हैं और अपनी मान्यताओं के मुताबिक जलाभिषेक करने के लिए जाते हैं। प्रशासन उचित प्रबंध करें जिससे कोई दूसरी घटना न हो।

लखनऊ में आईजी रेंज पर गाबा की वापसी, 11 महीने बाद फिर आए

लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के कई अहम पदों पर फेरबदल, उपेंद्र अग्रवाल को पीएसी मुख्यालय में तैनात

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। आईपीएस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर रविवार को तबादले किए गए हैं। इनमें लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के कई अहम पदों पर फेरबदल हुआ है। कुल 11 वरिष्ठ अधिकारियों को इधर से उधर किया गया, जिनमें आईजी, डीआईजी से लेकर पीएसी सेनानायक तक शामिल हैं।

सबसे अहम बदलाव में तरुण गाबा को प्रयागराज के पुलिस आयुक्त पद से हटाकर 11 महीने के बाद लखनऊ रेंज का आईजी बनाया गया है। इसके अलावा, पीएसी, कारागार प्रशासन, एसएसएफ और अन्य महत्वपूर्ण महकमों में नई तैनातियां हुई हैं। तरुण गाबा (आईपीएस-2001) को लखनऊ परिक्षेत्र का नया पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनाया गया। वे वर्तमान में पुलिस आयुक्त प्रयागराज थे। 11 महीने के बाद यह दूसरी बार है जब उन्हें लखनऊ रेंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चंडीगढ़ निवासी गाबा पहले सीबीआई में भी सेवाएं दे चुके हैं। 22 जून 2024 को उन्हें प्रयागराज का पहला कमिश्नर नियुक्त किया गया था। उपेंद्र कुमार अग्रवाल (आईपीएस-2005) को पहले लखनऊ आईजी बनाया गया था। लेकिन आदेश निरस्त कर अब उन्हें आईजी पीएसी मुख्यालय, लखनऊ बना दिया गया है। इससे पहले भी वे सुरक्षा शाखा में तैनात थे। संजय त्यागी (आईपीएस-2010) आगरा कमिश्नरेट से हटाकर डीआईजी, कारागार प्रशासन एवं सुधार, लखनऊ बनाया गया। प्रदीप गुप्ता (आईपीएस-2010) अब लखनऊ के कारागार प्रशासन जोन-3000 में डीआईजी के पद पर कार्यभार संभालेंगे। हेमंत कुटियाल (आईपीएस-2011) अब केवल डीआईजी, एसएसएफ लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे।

पहले उनके पास कारागार प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार भी था, जिसे अब हटा लिया गया है। वहीं अमित कुमार (आईपीएस-2015) मुरादाबाद की 24वीं वाहिनी पीएसी से ट्रांसफर होकर 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के सेनानायक बनाए गए हैं।

जोगेन्द्र कुमार (आईपीएस-2007) को आईजी कानपुर परिक्षेत्र से हटाकर पुलिस आयुक्त, प्रयागराज बनाया गया। हरीश चंद्र (आईपीएस-2010) को डीआईजी, कानपुर परिक्षेत्र बनाया गया है। राम बदन सिंह (आईपीएस-2011) कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से हटाकर अब अपर पुलिस आयुक्त, आगरा बनाए गए। रमेश प्रसाद गुप्ता (आईपीएस-2014) अब सेनानायक, 24वीं वाहिनी पीएसी, मुरादाबाद होंगे।

यूपी इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की तैयारी, दुधवा को पर्यटन गंतव्य के रूप में किया जायेगा विकसित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड दुधवा राष्ट्रीय उद्यान को इको-टूरिज्म के प्रमुख गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इस कड़ी में पर्यटन विभाग द्वारा स्टेकहोल्डर्स की उच्चस्तरीय बैठक की गई, जिसमें वन विभाग, होटल व्यवसाय से जुड़े लोग और बेंगलुरु स्थित आईडीईसीके संस्था के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बोर्ड की टीम ने दुधवा की थारू जनजाति के लोगों, होम स्टे संचालकों, नेचर गाइड से संवाद भी स्थापित किया। दो दिनो शनिवार और रविवार को विद्यार्थियों को विस्टडोम ट्रेन से भ्रमण कराया गया।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप दुधवा को सतत् पर्यटन और स्थानीय विकास का आदर्श मॉडल बनाया जाएगा। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन, बुनियादी सुविधाओं के विकास और पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक अनोखी पहल करते हुए, शनिवार को लखनऊ के नवयुग कन्या इंटर कॉलेज और रविवार को डीएवी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को विस्टडोम ट्रेन से दुधवा और कतर्नियाघाट का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वन्यजीवों, जैव विविधता और जंगलों के संरक्षण के महत्व को नजदीक से जाना। विद्यार्थियों को बाघों, दलदली क्षेत्र के बारहसिंगा, गैंडों, घड़ियाल और दुर्लभ पक्षियों की जानकारी दी गई। दुधवा के शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

खबरें एक नजर में

शांति से ही संभव है देश व दुनिया का विकास : भाकपा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सम्मेलन में शिवदर्शन वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि शाति से ही देश और दुनिया का विकास हो सकता है। आरडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल माती में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव पर्यवेक्षक अरविंद राज स्वरूप की उपस्थिति में 41 सदस्यीय जिला काउंसिल चुनी गई। जिला सचिव के पद पर कामरेड बृजमोहन वर्मा, जिला सह सचिव प्रवीण कुमार, विनय कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर शिवदर्शन वर्मा को चुना गया।मथुरा में होने राज्य सम्मेलन के बृजमोहन वर्मा प्रवीण कुमार रणधीर सिंह सुमन दीपक वर्मा रामनरेश वर्मा मुनेश्वर गोस्वामी व विनय कुमार सिंह को चुना गया है। सम्मेलन का समापन करते हुएजिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार चरम पर है देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

किसान ने की आत्महत्या, आम के पेड़ से लटका मिला शव

लखनऊ,समृद्धि न्यूज। लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र में एक किसान शिव बालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिव बालक (55) ने अपने खेत के ट्यूबवेल पर स्थित आम के पेड़ पर साड़ी से फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शिव बालक के परिवार में पत्नी ऊषा और चार बच्चे हैं। तीन बेटे रितेश (19), अमितेश (24), दीपक (20) और एक बेटी रोशनी (28) हैं। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच जारी है।

सीएम योगी ने मातृ शक्ति व प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर सभी मातृ शक्ति का वंदन-अभिनंदन करते हुए उनको शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में मुख्यमंत्री ने संस्कृत में श्लोक लिखा, ''या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै।। नमस्तस्यै।। नमस्तस्यै नमो नमः। उन्होंने कहा, ''मातृ दिवस की समूची मातृशक्ति एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं!'' योगी ने कहा, परिवार की एकता एवं सुमति की सेतु मां, संस्कारों की प्रथम शिल्पकार होती है। मां हमें जीवन देने के साथ ही उसे अर्थमय भी बनाती है। समस्त मातृशक्ति का वंदन-अभिनंदन।

नवीनतम मत्स्य प्रजाति के कैप्टिव प्रोपेगेटेड बीजों की रैंचिंग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने वर्णित नई प्रजाति होराबैग्रस ऑब्स्कुरस के कैप्टिव प्रोपेगेटेड शिशुओं को केरल के चालाकुडी नदी में छोड़ा गया। यह प्रजाति में संरक्षण महत्व वाली तथा जलीय कृषि क्षमता से युक्त है। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के वैज्ञानिकों ने इस प्रजाति के कैप्टिव प्रोपेगेशन तकनीक से विकसित 2000 उन्नत फिंगरलिंग्स को 10 मई को उनके प्राकृतिक आवास वेट्टिलापारा, चालाकुडी नदी, केरल में रिलीज किया। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और भविष्य की पीढ़ियों के लिए ऐसी प्रजातियों के संरक्षण हेतु उनके प्राकृतिक आवासों में रैंचिंग कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि आईसीएआर-सीएमएफआरआई के निदेशक डॉ. ग्रिंसन जॉर्ज ने मूल्यवान प्रजातियों के संरक्षण और इसके सतत उपयोग में ऐसे आयोजन पर जोर दिया।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, दीवार से गिरने से हादसा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में नाले के किनारे एक युवक शव मिला। जांच के दौरान पता चला युवक नशे का आदी था। दीवार कूदने के चक्कर में फिसलकर नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली कि काशीराम कॉलोनी के बगल स्थित नाले के किनारे अचेत अवस्था में एक युवक पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। उसकी पहचान पुरानी काशीराम कॉलोनी चिनहट निवासी गौरव (35) पुत्र राम मनोहर के रूप में हुई। परिजनों को सूचना दे कर युवक को अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आसपास के लोगों ने बताया गौरव नशे का आदी था। नशे के कारण ही वहां पर आया था। उसके बाएं हाथ में इंजेक्शन की सिरिंज लगी थी। उसके पास से दवा की सीसी भी मिली है। प्रारंभिक जांच में पता चला गौरव दीवार पर चढ़ते वक्त फिसल गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वाटर पार्क में डूबा युवक, मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में स्थित मरीनो वाटर पार्क में एक युवक की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ वाटर पार्क में मस्ती करने गया था। घटना के बाद उसके दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस ने उनसे थाने में पूछताछ की। थाना प्रभारी ने कहा है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पहचान लकड़मंडी थाना सआदतगंज के सनी राठौर के रूप में हुई है। घटना शनिवार शाम की है। वाटर पार्क कठवारा गांव के चंद्रिका देवी मंदिर के पास है। चंद्रिका देवी मंदिर पुलिस चौकी में इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। चौकी प्रभारी ने कहा कि अभी कोई सूचना नहीं मिली।

अधेड़ ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पत्नी से दो महीने पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, जिसके बाद वह पति को छोड़कर मायके चली गई थी। इस घटना के बाद से पुत्ती लाल मानसिक रूप से परेशान थे। उनकी नववर्षीय बेटी समरीन उनके साथ ही रह रही थी। पिता की आत्महत्या के बाद, मां समरीन को अपने साथ लेकर चली गई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पड़ोसियों ने बताया कि पुत्ती लाल बेहद सरल और मेहनती व्यक्ति थे। घरेलू कलह ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया था, जिसका अंत इतना भयावह होगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के पीछे की वजहों की जांच की जा रही है। साथ ही परिजनों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या मानसिक तनाव के अलावा कोई अन्य कारण भी जिम्मेदार था। घटना के बाद से पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

सी.एम.एस. में दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स शुरू



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के तत्वावधान में दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.) का शुभारम्भ आज विद्यालय परिसर में हुआ। मुख्य अतिथि मनीष वर्मा, आई.आर.एस., असिस्टेन्ट कमिश्नर, इन्कम टैक्स, ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया जबकि विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार विश्वकर्मा, ज्वाइंट कमिश्नर, जी.एस.टी., डिपार्टमेन्ट ऑफकॉमर्शियल टैक्स, ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। विदित हो कि माडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एम.) का आयोजन 11 व 12 अप्रैल को सी.एम.एस. चौक कैम्पस परिसर में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 300 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। मॉडल युनाइटेड नेशन्स वास्तव में संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रतिरूप है, जिसके माध्यम से छात्रों को महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मनीष वर्मा, आई.आर.एस. ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस आयोजन के माध्यम से युवा छात्र वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार रख रहे हैं। वास्तव में यही छात्र आगे चलकर विश्व का नेतृत्व करेंगे। विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार विश्वकर्मा, ज्वाइंट कमिश्नर, जी.एस.टी., ने अपने संबोधन में सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी को श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मेलन भावी पीढ़ी को महान जननायक बनाने में महती भूमिका निभायेगा।

लेखपाल से लेकर आयुक्त तक एक डैशबोर्ड पर करेंगे जानकारी साझा

राजस्व विभाग में पारदर्शिता बढ़ाएगी इंटीग्रेटेड प्रणाली

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार प्रदेशवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान और राजस्व विभाग के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए एक बड़ी डिजिटल पहल करने जा रही है। योगी सरकार लेखपाल से लेकर आयुक्त तक अधिकारियों को एक समेकित डैशबोर्ड से जोड़ने की योजना पर काम कर रही है।

इस समेकित डैशबोर्ड से राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और जवाबदेही भी तय होगी। इसके साथ ही विभागीय समन्वय को मजबूती मिलेगी। राजस्व विभाग के सभी अधिकारी जैसे लेखपाल, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम और आयुक्त अब एक ही डिजिटल मंच पर अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। इससे न केवल कार्यों की निगरानी आसान होगी, बल्कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान भी सुनिश्चित हो सकेगा।

डैशबोर्ड से लाभ

इस डैशबोर्ड पर भूमि रिकॉर्ड, भू-माप, राजस्व संग्रह और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध होंगी। अधिकारी इन आंकड़ों का विश्लेषण कर तेजी से निर्णय ले सकेंगे। इससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आएगी।

जवाबदेही होगी सुनिश्चित

डैशबोर्ड के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इससे हर स्तर के अधिकारी के कार्यों की समीक्षा संभव होगी और जवाबदेही तय की जा सकेगी। जनता के साथ-साथ शासन भी यह जान सकेगा कि कौन अधिकारी किस स्तर पर कितना सक्रिय है।

भूमि विवादों का होगा त्वरित निस्तारण

भूमि विवादों के समाधान में अक्सर समय लगता है, लेकिन इस डैशबोर्ड की मदद से अधिकारी संबंधित दस्तावेजों को डिजिटल रूप में तत्काल देख सकेंगे। इससे विवादों का जल्द निस्तारण संभव होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विवादों पर भी अंकुश लगेगा। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की व्यापक डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल का हिस्सा है। सरकार चाहती है कि तकनीक के जरिए प्रशासन को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील बनाया जाए।

जलशक्ति मंत्री ने निरीक्षण के दौरान रिटेनिंग वॉल को परखा

लखनऊ। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को लखनऊ खंड-2 के अंतर्गत शारदा नहर की लखनऊ शाखा का स्थलीय निरीक्षण किया। वह नहर के किलोमीटर 166.660 स्थल पर पहुंचे, जहां नहर का संचालन सरोजनी नगर और मोहनलालगंज तहसीलों में तालाबों और पोखरों को भरने के लिए किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अपस्ट्रीम क्षेत्र किलोमीटर 164.240 पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। यहां नहर के आंतरिक हिस्से में रिटेनिंग वॉल और कैटल घाट का निर्माण प्रगति पर है। जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को सिंचाई और जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके।

बुद्ध का संदेश पूरी दुनिया को जाएगा आज होगा बुद्ध पूर्णिमा समारोह

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कल 12 मई को केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सीआईएचटीएस सारनाथ में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थानसारनाथ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बुद्ध के जन्म, बोधि प्राप्ति, महापरिनिर्वाण की पुण्य-स्मृति को श्रद्धा-सहित स्मरण करना है। इसअवसर पर प्रतिष्ठित शोध-पत्रिका 'धीः' के 65वें अंक को भगवान बुद्ध को अर्पित किया जाएगा।कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे होगी। भिक्षु संघ द्वारा सूत्र-पाठ प्रस्तुत किया जाएगा। संस्थान के कुलसचिव द्वारा स्वागत भाषण दिया जाएगा, विभागाध्यक्ष प्रो टीआर शाशनी द्वारा शोध-पत्रिका के 65वें अंक का परिचय दिया जाएगा। कुलपति द्वारा धीः शोध-पत्रिका का बुद्धार्पण किया जाएगा।मुख्य अतिथि एस. राजलिंगम आयुक्त वाराणसी, विशिष्ट अतिथि प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलपति सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय तथा प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सारनाथ वह पुण्यभूमि है जहाँ भगवान बुद्ध ने विश्व को शांति और करुणा का अपना पहला संदेश दिया।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए : प्रमोद तिवारी

लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कहा है कि आज जब पूरी दुनिया ''मदर्स डे''(मातृ दिवस) मना रही है और भारत वासियों को बहुत मान-सम्मान के साथ स्व. इन्दिरा गाँधी जी का वर्ष 1971 का दौर याद आ रहा है कि जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध में बंगलादेश में बढ़ती हुई भारतीय सेनाओं को रोकने के लिये भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी जी से बात करनी चाही तो उन्होंने (स्व. इन्दिरा गाँधी जी) ने उनसे निर्देश लेने से मना कर दिया, तब अमेरिका ने दुनिया का सबसे शक्तिशाली और ताकतवर ''सातवाँ बेड़ा'' बंगाल की खाड़ी में उतार दिया।

राजधानी में अचानक बदला मौसम, तेज धूलभरी हवाओं के साथ हल्की बारिश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अचानक मौसम बदल गया है। तेज धूलभरी हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई है। दिन में तेज धूप के साथ बादल भी छाए हुए थे। दिन में गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग ने अनुमान जताया था कि दिन में कई बार बादल छाएंगे। न्यूनतम तापमान 26 और अधिकतम 40 डिग्री के आसपास रहेगा।

मौसम विभाग वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में 5 डिग्री की बढ़त होगी। गर्मी बढ़ेगी। 14 मई से प्रदेश के कई हिस्सों में हीट वेव चलने की संभावना है। वहीं, रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 39.9 और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री रहा। दिन में उमस भरी गर्मी के चलते लोग परेशान हुए। 13 मई के आसपास मानसून दक्षिणी अंडमान सागर पहुंचने की संभावना है। इसके बाद 27 मई से 1 जून के बीच केरल में मानसून की दस्तक होगी। मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि केरल में मानसून के आने के बाद इसकी सक्रियता के आधार पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में पहुंचेगी। 18 जून तक सबसे पहले मानसून के गोरखपुर पहुंचने की संभावना है। इसके बाद 23 जून तक मानसून की दस्तक लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज में होगी। झांसी और बरेली में 24 जून, मैनपुरी में 25 जून, आगरा और बिजनौर में 27 जून तक मानसून के पहुंचने का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है।

पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसो. की बादशाहनगर शाखा खुली

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के बादशाहनगर शाखा का शुभारंभ 11मई को स्थानीय रेलवे मनोरंजन केन्द्र में रेलवे तथा केंद्र सरकार के अन्य विभागों से सेवानिवृत्त सैकड़ों पेंशनर्स की उपस्थिति में हुआ। संयोजक अजय कुमार वर्मा ने बताया कि काफी समय से पेन्शनर्स की बादशाहनगर में शाखा खोलने की मांग थी, ताकि उनके ग्रीवान्स का समाधान हो सके।

उन्होंने कहा कि इस शाखा के खुलने से पेंशनर्स में अपार खुशी है। कार्यक्रम में भारत पेंशनर्स समाज नई दिल्ली के ज्वाइंट सेक्रेटरी जनरल अमिय रमण, प्रबंध समिति के सदस्य मुन्नीलाल गुप्ता, मुख्यालय से सत्य प्रकाश सिंह, वाराणसी मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ मंडल के अध्यक्ष गोपालजी तिवारी, गोण्डा शाखा के अध्यक्ष जय प्रकाश धर द्विवेदी तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। शाखा का शुभारंभ करते हुए अमिय रमण ने जहां 8वें वेतन आयोग के गठन पर खुशी जाहिर की, वहीं फाइनेंस बिल 2025 द्वारा पेंशनर्स को वेतन आयोग से वंचित करने वाले कानून का विरोध किया। उन्होने कहा कि पेंशनर्स का देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है तथा उनकी संख्या तथा वोट प्रभावित करने की क्षमता को देखा जाय तो वे लोकतंत्र के मजबूत स्तम्भ हैं। मुन्नी लाल गुप्ता ने कहा कि काले कानून का सभी पेंशनर एकजुट होकर विरोध करें, ताकि सरकार इसका दुरुपयोग करने से पहले सौ बार सोचने को विवश हो। सत्य प्रकाश सिंह ने पेंशनर्स एकता पर बल दिया। प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कुछ ही वर्षों में एसोसिएशन की 25वीं शाखा के शुभारंभ पर हर्ष व्यक्त किया।

▸ अनिल कुमार निरंजन अध्यक्ष, अजय वर्मा शाखा मंत्री एवं अभय पाल सिंह हुए कोषाध्यक्ष निर्वाचित

भगवान बुद्ध का जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग व ज्ञान का प्रतीक : आनंदीबेन पटेल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कामना की है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में शांति, करुणा, सद्भावना और आत्मबोध का संचार करे। हम सब भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को आत्मसात कर एक समरस, जागरूक और नैतिक समाज के निर्माण में योगदान दें। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और ज्ञान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा केवल बौद्ध धर्मावलंबियों का पर्व नहीं है, अपितु यह भारत की महान आध्यात्मिक विरासत और सार्वभौमिक मूल्यों का उत्सव है।

मनरेगा मे सहभागिता में ऐतिहासिक प्रगति, महिलाओं ने पकड़ी रफ्तार

▸ 45 फीसदी हुई महिला भागीदारी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन करना है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य, मनरेगा के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस योजना में महिलाओं की सहभागिता न केवल आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम बनी है, बल्कि सामाजिक समानता और लैंगिक समावेश को बढ़ावा देने में भी योगदान दे रही है। मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी 2025-26 वित्तीय वर्ष के शुरुआती दौर में अब तक के सर्वकालिक उच्च स्तर 45.05 फीसदी पर पहुंच गई। यह प्रगति उत्तर प्रदेश सरकार के ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। यह आंकड़ा 2024-25 में 41.87 फीसदी की तुलना में 3 प्रतिशत अधिक है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीण परिवेश और गाँवों के विकास और प्रगति को लेकर ग्राम्य विकास विभाग लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पूरी तत्परता के साथ पहुंचाया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत महिलाओं के कल्याण के लिए भी कई कदम उठाये गये हैं।

दुर्घटना में डीआरडीओ में काम करने वाले तीन मजदूर घायल

लखनऊ। डीआरडीओ में काम करने वाले तीन मजदूरों को कार ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तीनों घायल हो गए। सभी मजदूर एक ही बाइक पर जा रहे थे। तीनों उन्नाव जिले के रहने वाले हैं। घटना बंथरा इलाके में शुक्रवार शाम 7 बजे बनी-मोहान रोड पर सादुल्ला नगर कट के पास हुई। घायलों की पहचान राकेश सिंह (49), राम प्रकाश मौर्य (37) और रविंद्र रावत (42) के रूप में हुई है। तीनों उन्नाव जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव के रहने वाले हैं। ये सभी बंथरा के भटगांव स्थित डीआरडीओ में श्रमिक के रूप में काम करते हैं। हादसे के समय तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। राकेश सिंह बाइक चला रहे थे, जबकि राम प्रकाश और रविंद्र पीछे बैठे थे। सामने से आ रही कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए इनकी बाइक को टक्कर मार दी।

समिट

रूरल एम्पावरमेंट समिट 2025 में ग्रामीण नवाचारों की गूंज

गांवों का समग्र विकास जमीनी क्रियान्वयन व भागीदारी से संभव

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर में रविवार को आयोजित रूरल एम्पावरमेंट समिट 2025 में ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदमों की झलक देखने को मिली। समिट में रूरल हब संस्था ने अपनी तीन वर्षों की यात्रा साझा की, जिसमें मुख्यमंत्री से मिले मार्गदर्शन और प्रेरणा से लेकर धरातल पर कार्यान्वयन तक की कहानी शामिल रही।

संस्था द्वारा प्रस्तुत प्रमुख पहलों में स्मार्ट खेती, खाद्य प्रसंस्करण, पंचगव्य वेलनेस सेंटर, ग्राम पंचायत पीपीपी मॉडल और स्मार्ट गाँव पहल को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। ड्रिप सिंचाई, सेंसर तकनीक, जैविक खेती और कार्बन क्रेडिट जैसी योजनाओं से किसानों की आय बढ़ी है, वहीं ग्राम पंचायतों के संसाधनों को जोड़कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बल मिला है।

सबसे उल्लेखनीय रहा रूरल हब द्वारा लखीमपुर जिले के मोहम्मदी में विकसित किया गया दीन दयाल पुरम, जिसे विश्वस्तरीय सुविधाओं जैसे सीवर लाइन, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, डिजिटल सुरक्षा और नाली रहित सड़कों से सुसज्जित किया गया है। यह मॉडल भविष्य के स्मार्ट गाँवों की प्रेरणा बन रहा है। रूरल हब इनोवेशंस लिमिटेड ने अपने उद्देश्य को दोहराया कि वह प्रत्येक गाँव को आत्मनिर्भर बनाना चाहता है, जहाँ युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए उद्यमिता के नए द्वार खुलें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रिटायर्ड आईएएस डॉ. कमल टावरी ने कहा कि भारत का वास्तविक विकास तब संभव है जब गाँवों को ज्ञान, तकनीक और आत्मनिर्भरता के तीन स्तंभों पर खड़ा किया जाए। हमें ग्रामीण भारत को उपभोक्ता नहीं, उत्पादक बनाना होगा। नवाचार और लोकभागीदारी के माध्यम से ही गाँवों को सशक्त किया जा सकता है। उन्होंने रूरल हब इनोवेशंस लिमिटेड के फाउंडर गौरव गुप्ता की तारीफ करते हुए कहा कि उनका यह कार्य ग्रामीण पुनर्जागरण की नींव रख रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. बल्लभभाई कथीरिया ने कहा कि ग्रामोदय से भारत उदय की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है जब हम गाय आधारित जीवनशैली और पंचगव्य चिकित्सा को मुख्यधारा में लाएँ। गाय केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और कृषि सुधार की कुंजी है। विशिष्ट अतिथियों में मोहम्मदी से भाजपा विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम गांवों में चेतना का काम कर रहे हैं। गाँवों का समग्र विकास ज़मीनी क्रियान्वयन और जनभागीदारी से संभव है। स्थानीय संसाधनों का उपयोग स्थानीय लोग करेंगे तो विकास होना तय है। विशिष्ट अतिथियों में मोहम्मदी से भाजपा विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, शतरुद्र प्रताप सिंह तथा डॉ. रजनी सरीन खत्री शामिल रहे। समिट का आयोजन रूरल हब इनोवेशंस लिमिटेड द्वारा किया गया, जो तकनीक, नवाचार और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से गाँवों को विकसित करने में जुटी अग्रणी संस्था है।

बिना जांच के ही पुलिस ने दर्ज कर लिया मुकदमा

विवादित जमीन पर आवास सर्वे को लेकर हुई थी दो पक्षों में कहासुनी, पुलिस ने की एक पक्षीय कार्रवाई

कोतवाली देहात पुलिस ने नाबालिग को भी बना दिया आरोपी

समृद्धि न्यूज

बहराइच । थाना कोतवाली देहात पुलिस फर्जी मुकदमा दर्ज कर वाहवाही लूटने में माहिर हैं। लापरवाही का आलम यह है कि पुलिस ने एक मामले में बिना जांच मुकदमा दर्ज कर दिया है। पीड़ित ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसपी बहराइच को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञातव्य हो कि बीते 8 मई को थाना कोतवाली देहात ग्राम पंचायत हेमरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु सर्वे कार्य रोजगार सेवक राम कुमार द्वारा किया जा रहा था। इस दौरान गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहिताश द्वारा गांव के ही एक अपात्र परिवार का आवास योजना में सर्वे कराया जा रहा था। इसी जानकारी जब ग्राम प्रधान राम छबीले यादव के छोटे भाई धर्मेन्द्र को हुई तो मौके पर पहुंचे तो बीडीसी से अपात्र परिवार का सर्वे कराने का कारण पूछा तो वह भड़क गए। उन्होंने ग्राम प्रधान समेत पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे फंसाने की धमकी देते हुए चले गए। इस मामले में पीड़ित ग्राम प्रधान ने कोतवाली देहात में प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन पुलिस ने उल्टा ग्राम प्रधान राम छबीले व उनके दो भाई समेत 18 अज्ञात पर पुलिस ने बिना जांच के मुकदमा दर्ज कर दिया। जबकि 8 मई को ग्राम प्रधान राम छबीले किसी कार्य से बाहर गए थे।

ग्राम प्रधान राम छबीले ने बताया गांव के ही क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहिताश गांव के ही इन्द्रराज पुत्र हुसैनी का प्रधानमंत्री आवास सर्वे के लिए रोजगार सेवक को लेकर गए थे। ग्राम प्रधान ने बताया कि इन्दराज पूर्व में आवास पा चुके हैं। इन्द्रराज का आवास बना भी है।पूरी तरह परिवार अपात्र है। लेकिन रोहिताश गांव के इन्द्रराज पुत्र हुसैनी को सामने एक विवादित जमीन पर अस्थाई झोपड़ी रखकर उसमें चूल्हा इत्यादि व्यवस्था करके रोजगार सेवक से जबरन आवास का सर्वे कर रहे थे। इसी का विरोध किया तो बीडीसी ने फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। ग्राम प्रधान राम छबीले ने बताया कि मामले की जानकारी चौकी समेत थाने पर दी गई थी लेकिन पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए उल्टा तीन नामजद समेत 18 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर दिया है। विपक्षियों द्वारा जो गवाह थे। उन्होंने बताया कि मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। जबकि स्थानीय ग्रामीण दशरथ, मयंकर, रमेश, मुंशीराम, बहादुर, जीतू, सिद्धू, रामू, शिव गोपाल ने बताया कि सर्वे के दौरान दोनों पक्षों के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ था पुलिस द्वारा दर्ज किया गया मुकदमा पूरी तरह फर्जी है। वही दूसरी ओर रोजगार सेवक ने बीडीसी पर जबरन आवास का सर्वे करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बीडीसी द्वारा लगातार मुझे फोन करके आवास सर्वे के लिए जबरन बुलाया जा रहा था। रोजगार सेवक राम कुमार ने बताया कि सर्वे के दौरान दोनों पक्षों के बीच किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ था। मारपीट व अपरहण की बात पूरी तरह निराधार है। ग्राम प्रधान राम छबीले ने एसपी राम नयन सिंह को प्रार्थनापत्र देकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

चोरी की पांच बोटा सागौन की लकड़ी रेलवे पुलिस ने लखनऊ से की बरामद, अभियुक्तों को भेजा जेल

समृद्धि न्यूज़

गोंडा। 24 अप्रैल को मसकनवा रेलवे-स्टेशन के पूर्वी छोर से दक्षिणी तरफ लगे एक सागौन के पेड़ को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काट कर चोरी कर लिया गया था। मामला पंजीकृत करने के पश्चात जांच एसपीआईएफ राम पाल सिंह मनकापुर द्वारा की जा रही हैद्ध

10 मई को मुखबिर खास की सूचना पर एवं चोरित घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरा में उपलब्ध आंकड़ों के एनालिसिस करने के पश्चात समय 12.05 बजे उक्त मामले में सम्मिलित एक अभियुक्त इन्द्रमनी शुक्ला उर्फ सोहित शुकला पुत्र देवी प्रसाद, पता- ग्राम- धरमपुरा थाना-मनकापुर, जिला- गोंडा, उम्र-25 वर्ष को घटना में सम्मिलित श्चद्धष्द्मह्यश्च संख्या क्र 43ञ्ज 9496 सहित ग्राम धरमपुर के पास ह्यद्बश्चद्ध राम पाल सिंह साथ स्टाफ द्वारा गिरफ्तार कर बल पोस्ट मनकापुर पर लाकर मामले को अज्ञात से ज्ञात मैं तरमीम करते हुए दिनांक 10.05.25 को सरकार बनाम इंद्रमनी शुक्ला उर्फ सोहित शुक्ला आदि तरमीम किया गया।

दौरान अभियुक्त से पूछताछ प्राप्त सूचना के आधार पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में अनिरुद्ध राय, प्रभारी निरीक्षक गोडा साथ उप निरीक्षक मोहम्मद शमीम खा साथ स्टाफ, प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश प्रजापति, अआशा/ गोरखपुर एरिया साथ स्टाफ, उप निरीक्षक प्रशांत, अआशा लखनऊ साथ स्टाफ व उप निरीक्षक राम पाल सिंह जांचकर्ता साथ स्टाफ,के उपरोक्त अभियुक्त की निशान देही पर देवा रोड/ लखनऊ स्थित देवा टिम्बर संचालक की दुकान पर रिसीवर मोहम्मद नसीम खान उर्फ छोटू को उसकी दुकान से 05 बोटा सागौन की चोरित लकड़ी बरामद की गई एवं मामले मे रिसीवर मोहम्मद नसीम खान पुत्र मो0 इदरीश पता- देवा रोड, शिवपुरी कालोनी, थाना- चिनहट, जिला- लखनऊ उम्र 29 वर्ष को मौके से गिरफ्तार कर चोरित रेलवे सम्पती की पूर्ण बरामदगी की गई। मामले में अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

खबरें एक नजर में

राहत जनता इंटर कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के नानपारा के राहत जनता इंटर कॉलेज में रविवार को सीरत ए नबी पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चला। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विभिन्न विद्यालयों से कुल 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें 100 छात्राएं और 50 छात्र शामिल थे। आयोजक कौन है प्रतियोगिता से पहले सभी प्रतिभा भोगियों को एक पुस्तक और पंजीकरण फार्म वितरण किए थे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को इस्लामी इतिहास और पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सीरत के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षक और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थित लोगों में रेहान, अरफात,सईद, यासिर, नगमा, शीजा ,अदीबा, सोबिया ,तालिया और इरा फातिमा शामिल थी। आयोजकों ने छात्रों को सक्रिय भागीदारी की सराहना की। और भविष्य में ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

जाली भारतीय मुद्रा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा, समृद्धि न्यूज। थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा ग्राम हड़हवा भवरियापारा से एक अभियुक्त को जाली भारतीय मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल ?3600 मूल्य की नकली भारतीय मुद्रा बरामद की गई, जिसमें ?500 के दो नोट, ?200 के बारह नोट तथा ?100 के दो नोट शामिल हैं। इस संबंध में थाना मोतीगंज पर अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

पति ने मारकर घर से भगाया, महिला की प्राथमिकी नहीं हुई दर्ज

धानेपुर /गोण्डा। एक विवाहिता को पति ने बुरी तरह से मार पीट कर घर से सारा सामान कपड़ा ज़ेवर छीन कर भगा दिया। मिली जानकारी के अनुसार बाबागंज निवासी पंकज उर्फ़ राजू पुत्र लायक राम ने पत्नी रीता गुप्ता 4 मई को बुरी तरह से मारा पीटा। चलने फिरने मे मजबूर थी!रीता का विवाह बारह वर्ष पूर्व हुआ था जिससे दो लड़के है। जब से विवाह हुआ तब से आये दिन बुरी तरह से मारता है, जिसकी सुचना रीता ने फोन से मायके विक्रम जोत जिला बस्ती मे दिया, उसके भाई 6 मई को दिन मे 12 बजे मिलने आये। पंकज, अरविन्द कुमार, राहुल ने रीता से मिलने नहीं दे रहे थे। इसी बाता कहानी मे पंकज अपने भाई अरविन्द कुमार, राहुल ने अपने साथियो के साथ बुरी तरह से मेरे भाइयो को लाठी डंडा हॉकी से मारा पीटा!रीता को सारा सामान कपड़ा ज़ेवर छीन कर एक कपड़े के साथ घर से भगा दिया। पीड़ित महिला रीता ने थाना धानेपुर मे तहरीर दिया!कुछ दबाव वस रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया नहीं मेडिकल कराया गया!विवश होकर पुलिस अधीक्षक गोण्डा को 7/5/2025को प्रार्थनापत्र दिया। अभी तक कार्यवाही नहीं हुई। रिपोर्ट भी दर्ज नहीं हुआ। उसके मायके वालों पर मुकदमा दर्ज कराने की साजिश पंकज द्वारा किया जा रहा है!पीड़ित महिला न्याय पाने के लिए भटक रही है। क्या न्याय मिलेगा यह तो समय के गर्त मे है?

परिवार परामर्श केन्द्र में जोड़ा एक साथ रहने को हुआ राजी



गोण्डा, समृद्धि न्यूज। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुड़े जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 01 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया। महिला थाना प्रभारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, गंगाधर शुक्ल, शशि भारती, राजमंगल मोर्या, म0आ0 नेहा सिंह, म0आ0 कुसुम सिंह,म0आ0 पूनम वर्मा म0आ0 उमा देवी, म0आ0 विनीता यादव आदि उपस्थित रही।

भाजपा ने आयोजित किया प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम

एक राष्ट्र-एक चुनाव होने पर परिवारवाद को बढ़ावा नहीं मिलेगा : अनूप गुप्ता

समृद्धि न्यूज

बहराइच। रविवार को शहर के रिजार्ट मे प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता शामिल हुए। जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर शहर के विनायक रिसोर्ट में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान पीजी कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर एसपी सिंह रहे। एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर नीरज पांडे उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।जिलाध्यक्ष ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए एक राष्ट्रीय एक चुनाव को जैसे हित में अपरहियाय बताया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप आप सभी अधिवक्ता, डॉक्टर, अध्यापक, प्रोफेसर, व्यापारी गण की उपस्थिति में से हम पूछना चाहता हैं कि आप सभी एक राष्ट्र एक चुनाव पर क्या अभिमत है । सभी ने पूर जोर समर्थन करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय हित में आवश्यक है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्ष 1952 से लेकर 1967 तक एक राष्ट्र एक चुनाव होते आ रहे थे लेकिन यह व्यवस्था कांग्रेस ने अपने स्वार्थ पूर्ति हेतु राज्यों की सरकारों को बर्खास्त करके इस व्यवस्था में विघ्न डाला। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव होने पर इससे परिवारवाद को बढ़ावा नहीं मिलेगा सभी को अवसर की समानता मिलेगी। देश पर प?ने वाला आर्थिक व्यय भी कम होगा । और उसे कार्य से जो बचत होगी उसे अन्य विकास के कार्य भी हो सकेंगे।

कार्यक्रम अध्यक्ष मेजर डॉ एसपी सिंह ने कहा कि निश्चित रूप से इस व्यवस्था के लागू होने पर देश में भौतिक परिवर्तन देखने को मिलेगा समाज में बढ़ रहे हैं अलगांव जातिवाद और क्षेत्रवाद पर भी अंकुश लगेगा। कार्यक्रम संयोजक नीरज पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में प्रबुद्धजन, डॉक्टर, व्यवसायी, अधिवक्ता, अध्यापक, प्रोफेसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी,एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, नि वर्तमान जिलाध्यक्ष व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, डॉ रामेंद्र त्रिपाठी, डॉ मनीष शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सूबेदार मिश्र, सदर ब्लॉक प्रमुख फखरपुर रणवीर सिंह मुन्ना सदर विधायक प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, नीरज पांडे प्रवक्ता जिला संयोजक, डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, समय प्रसाद मिश्र, अजीत प्रताप सिंह, संजय जायसवाल सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

गांव में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री से की शिकायत

समृद्धि न्यूज

गोंडा। जनपद गोंडा के विकासखंड मनकापुर अंतर्गत एक गांव में काफी दिनों से सड़क इंटरलॉकिंग न होने से परेशान ग्रामीणों की समस्याओं के क्रम में सड़क तथा नाली निर्माण को लेकर संयुक्त मंत्री अधिवक्ता, देव पूजन ने अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी समेत उप जिलाधिकारी मनकापुर को प्रार्थना पत्र देकर विकासखंड मनकापुर के सम्बंधित गांव सिसवा में इंटरलॉकिंग के साथ नाली निर्माण करवाने की मांग की है।

वहीं इंटरलॉकिंग तथा नाली की समस्या को लेकर लोगों ने बताया गांव में जल निकास की समुचित व्यवस्था न होने से बरसात में पानी इकट्ठा हो जाता है और कीचड़ व गंदगी से संक्रामक रोगों समेत मच्छरों का निरंतर आतंक बना रहता है, जिससे कई बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है, यदि गांव में नाली निर्माण करने के साथ इंटरलॉकिंग की व्यवस्था कर दी जाए तो समस्या से निजात मिल सकती है।

संदिग्ध परिस्थितियों मे पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

समृद्धि न्यूज

पयागपुर, बहराइच। पयागपुर थाना क्षेत्र के पटिहाट भट्ठा के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटकता मिला। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ के महासमुन जिले के थाना भीमकोट अंतर्गत डबारा भाटा निवासी उल्लेश (25 वर्ष), पुत्र चंद्रशेखर के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पयागपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर गहन जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सुसाइड नोट न मिलने से कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक पयागपुर करुणाकर पांडेय ने बताया कि सूचना मिली कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक फिलहाल पटिहाट भट्ठा क्षेत्र में रह रहा था। कानूनी प्रक्रिया के तहत सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह से कायम है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक का इस इलाके से कोई विशेष जुड़ाव नहीं था, जिससे आत्महत्या के पीछे मानसिक तनाव या पारिवारिक/आर्थिक कारणों की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है, लेकिन फिलहाल प्रथम दृष्टिकोण से इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों पर और अधिक स्पष्टता आने की उम्मीद है।

स्कूलों में मदर्स डे का आयोजन, गीत गाकर लिया आशीर्वाद

बहराइच। जनपद के ब्लॉक नवाबगंज में मदर्स डे के अवसर पर रविवार को विभिन्न निजी विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बख्तावर,सुकई,हकीम शिवदास, चहलवा, शंकरपुर के स्कूलों में छात्र छात्राओं ने अपनी मां को याद किया। उमादत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और रामप्यारे इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी मां के चित्र से ग्रीटिंग कार्ड बनाएं। बच्चों ने तेरी उंगली पड़कर चला और ममता के आंचल में पला जैसे गीत प्रस्तुत किया। शंकरपुर में अंकुर, उमंग, दिव्यांश, आदर्श मिश्रा, रतन और पुष्पराज शर्मा सहित कई बच्चों ने अपनी माता का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

व्यापार संगठन ने रेलवे यात्रियों को दिया निशुल्क बिस्किट व पानी

समृद्धि न्यूज

गोंडा। रविवार को गोंडा रेलवे जंक्शन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जनपद गोंडा के द्वारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को इस भीषण गर्मी में राहत देने के लिए निशुल्क जल व बिस्कुट की व्यवस्था की गई थी जिसमें ट्रेनों में यात्रियों को निशुल्क पानी व बिस्कुट का वितरण किया गया। जिसमें जनरल कोचेस में तथा अन्य यात्रियों को निशुल्क पानी व बिस्किट मिलने से यात्रियों को बहुत राहत मिली और सभी यात्रियों ने रेलवे की इस सेवा का तथा व्यापार संगठन की इस व्यवस्था को बहुत ही धन्यवाद दिया।

इस मौके पर रेलवे के कमर्शियल डिपार्टमेंट के सभी कर्मचारी तथा प्लेटफॉर्म निरीक्षक किशन लाल यादव जी मुख्य टिकट निरीक्षक आशा देवी मुख्य वाणिज्य अधीक्षक आर. एल. मीना व अन्य रेलवे स्टाफ मौजूद रहे इस कार्यक्रम में व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष विशाल अग्रवाल नगर अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष शिवनाथ रस्तोगी अभिलाष गुप्ता शेष चौरसिया अन्य सभी पदाधिकारी गण मौजूद होकर के यात्रियों की सेवा करने का अवसर प्राप्त किया गया तथा व्यापार संगठन ने रेलवे के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

समृद्धि न्यूज

17 मई तक चलेगी कथा, एसपी ने किया सुरक्षा का निरीक्षण

बहराइच। जिले के थाना नवाबगंज क्षेत्र में स्थित शिव मंदिर मंगली नाथ धाम रामनगर सेमरा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

कथा व्यास स्वामी श्री रवि गिरी जी महाराज अपनी मधुर वाणी से कथा का वर्णन करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा के साथ होगी यह यात्रा ग्राम अटहवा श्री शिव मंदिर से बाबा मंगली नाथ धाम शिव मंदिर तक निकल जाएगी। 14 मई को भगवान जन्म का कार्यक्रम होगा। 18 मई को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा का समय 7ः00 बजे से रात 10ः00 बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में रामनगर सेमरा के प्रधान प्रतिनिधि रिंकू सिंह जुटे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने मंदिर में पूजा अर्चना की और कथा स्थल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। आयोजकों ने क्षेत्र वासियों से श्री शिव मंदिर मंगली नाथ धाम पहुंचकर कथा श्रवण का आग्रह किया है।

तापमान बढ़कर 40 डिग्री पहुंचा, गर्मी बढ़ने से लोग परेशान

अयोध्या । अयोध्या में उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। रविवार को मिल्कीपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही उमस के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर रहे। दोपहर बाद अमानीगंज, मिल्कीपुर, कुमारगंज, हैरिंग्टनगंज, सैदपुर, मवई और रुदौली सहित कई क्षेत्रों में बादल छाए और हल्की रिमझिम बारिश हुई। हालांकि, यह राहत महज आधे घंटे तक रही, जिसके बाद तेज धूप ने फिर से परेशानी बढ़ा दी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्रा के अनुसार, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 87 प्रतिशत और न्यूनतम 51 प्रतिशत दर्ज की गई। हवा उत्तरी-पश्चिमी दिशा से 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। शनिवार को 12.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले 24 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना है।

सरयू नदी में नहाने गए दो दोस्तों की डूबकर मौत

ग्रामीणों ने मशक्कत कर निकाले शव, पंजाब से दोस्त की शादी मे शामिल होने आए थे दोनों दोस्त

समृद्धि न्यूज

बहराइच। जनपद के ग्राम पंचायत पतरहिया के मजरा बोटनपुरवा सरयू नदी में नहाने गए दो दोस्त गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने मशक्कत कर दोनों के शवों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची कोतवाली नानपारा पुलिस ने जांच पड़ताल कर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों में एक युवक अयोध्या का रहने वाला है।

कोतवाली नानपारा के बोटनपुरवा निवासी राजू (26) पंजाब के जालंधर में रहकर नौकरी करते थे। वहां उनकी दोस्ती अयोध्या के इनायनगर थाना क्षेत्र के शुक्लदत्तपुरवा निवासी राहुल रावत (25) से हुई। दोनों के बीच दोस्ती इतनी गहरी थी कि तीन दिन पहले राजू अपने दोस्त मनोज की शादी में शामिल होने गांव आ रहा था तो राहुल उसके साथ बोटनपुरवा आ गया। आठ मई को मनोज की शादी संपन्न होने के बाद दोनों सोमवार को वापस जालंधर जाने वाले थे। इस दौरान दोनों बोटनपुरवा के पास गुजरी सरयू नदी में नहाने गए थे। वहां नहाते समय दोनों दोस्त गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, ग्रामीणों ने मशक्कत कर शवों को बाहर निकाला। सूचना पर नायब तहसीलदार राजदीप यादव, कोतवाल रामाज्ञा सिंट टीम के साथ गांव पहुंचे और जांच के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। तहसीलदार अंबिका चौधरी ने बताया कि विधिक कार्रवाई पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

बालू निकालने से गहरी हो गई नदी बनी मौत का कारण

ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ से बचाव के लिए सरयू नदी के किनारे बांध निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी नदी से बालू निकालकर इसमें प्रयोग किया जा रहा है,इससे नदी जगह-जगह ज्यादा गहरी हो गई है। राजू को पूर्व की तरह ही गहराई पता थी, जिसके चलते वह गहरे पानी में चला गया और दोनों की डूबने से मौत हो गई।

प्रमुख सचिव ने किया कान्हा गौशाला त्रिपुला का निरीक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

नोडल अधिकारी जनपद/ प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग उप्र शासन एल वेंकटेश्वर लू द्वारा आज कान्हा गौशाला, त्रिपुला रायबरेली का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय कान्हा गौशाला में 454 निराश्रित गोवंश संरक्षित है, तथा 47 गौ सेवकों को 95 निराश्रित गोवंश मुख्यमंत्री गोवंश सुपुर्दगी योजनान्तर्गत गोवंश सुपुर्दगी में दिये गये, की विस्तृत जानकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार द्वारा दी गयी। प्रमुख सचिव द्वारा गौशाला में संरक्षित गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया गया, गौशाला में भ्रमण व निरीक्षण के दौरान गोवंश तथा छोटे बछड़ों हेतु अतिरिक्त केटल

शेड का निर्माण कराने,एकत्रित गोबर के निस्तारण व उपयोग हेतु वर्मी कम्पोस्ट खाद के साथ साथ गोबर से पेन्ट बनाने की औद्योगिक इकाई प्राथमिकता के आधार पर स्थापित करने सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को आमंत्रित कर योगदान लेना आदि बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी को गौशाला की नियमित अनुश्रवण करने, ग्राम प्रधान व सचिव को बेहतर साफ-सफाई, अतिरिक्त मुसा भण्डारण व संग्रहण, लू से बचाव हेतु उपाय, ताजा पानी व हरे चारे की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण व गौसेवक उपस्थति रहे।

नगर पालिका क्षेत्र में चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियानः ईओ

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता के पश्चात जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में नगर पालिका के 34 वार्डों को 17917 वार्ड के दो क्लस्टर में बांटकर 25-25 सफाई नायकों की टीम बनाई गई है, जिसका नेतृत्व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक रवि शेखर सिंह कर रहे हैं।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन नाला सफाई अभियान के तहत मैनुअल एवं मैकेनिक वाहनों की मदद से गल्ला मंडी, देवानंदपुर, अहियारायपुर, धमसीराय का पुरवा, खसपरी,आजाद नगर, हनुमंतपुरम, आनंद नगर, मनिका सिनेमा रोड, घोसियाना, बेलीगंज, मधुवन रोड, राजकीय

कालोनी, कुम्हारन टोला आदि क्षेत्रों मे नालों की तलीझाड़ सफाई का कार्य कराते हुए सिल्ट उठान कराया जा रहा है, नगरपालिका की कार्ययोजना के अनुसार शेष बचे सभी छोटे-बड़े नालों एवं कच्चे नालों की सफाई का कार्य वर्षा ऋतु से पूर्व कराने का लक्ष्य रखा गया है, नाला सफ़ाई कार्य का निरीक्षण ड्रोन के माध्यम से कराया जा रहा है, शासन स्तर से भी नाला सफ़ाई के कार्य की समीक्षा की जा रही है,अभी तक 33 प्रतिशत नालों की सफ़ाई करायी जा चुकी है, महीने के अंत तक यानि 30 मई तक शत-प्रतिशत नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है।

मानसून के पहले नगर पालिका ने की तैयारी

मानसून आने का इंतजार जहां उत्तर भारत कर रहा है इस बात से समय से पहले मानसून भारत में प्रवेश कर जाएगा। नगर पालिका परिषद रायबरेली के द्वारा मानसून से पहले तैयारी पूरी करने में लगा हुआ है नगर पालिका क्षेत्र के नाली और नाली की सफाई को लेकर अभियान चलाया जा रहा है जिससे बारिश की मौसम में जल भराव की स्थापना और लोगों को सुविधा न होने पाए जिसको लेकर अधिशासी अधिकारी सवर्ण सिंह के द्वारा पलिका क्षेत्र की सभी प्रमुख नाले और उनसे जुड़ी हुई नालियों की सफाई कराई जा रही है।

खबरें एक नजर में

मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी ने स्कूल में अध्यनरत पाल्यों की माताओं को सादर आमंत्रित किया। सरस्वती पूजन के उपरांत विद्यालय में पधारी पाल्यों की सभी माताओं का प्रधानाचार्य जी ने हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हें- मुन्ने बच्चों ने अपनी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियों से सभी का मन मुग्ध कर दिया। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल पधारी कुछ माताओं ने नाच-गाकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाते हुए गेम्स खेलकर विद्यालय द्वारा सम्मान की भागीदार बनीं। इस संपूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। आज की प्रस्तुति का अंजू त्रिपाठी द्वारा संचालन प्रशंसनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में अपने संबोधन में प्रधानाचार्य जी ने कहा कि इस संसार में मां के जैसा कोई नहीं और न ही माँ का कोई विकल्प है। माँ तो जीवन में ईश्वर प्रदत्त वरदान है। बच्चों की वृद्धि और विकास में माँ महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। हमारी माँ हमारे लिए सुरक्षा कवच की तरह होती है। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय पधारी मातृ-शक्तियों के शुभाशीष की कामना के साथ ही हम सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में निकाली गई शोभायात्रा

रायबरेली। हरचन्द्रपूर क्षेत्र के पूरे गुलाब सिंह गांव में श्रीमद् भागवत कथा के भव्य आयोजन के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु उमड़े। मुख्य यजमान वीरेंद्र सिंह ने अपने निवास पर पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में पवित्र जल भरने के लिए श्रद्धालु पहले श्रीआस्तिक बाबा मंदिर गए और वहां दर्शन करने के बाद पास की नदी से जल भरकर वापस लौटे। इसके पश्चात लगभग 300 से अधिक वाहनों के साथ कलश यात्रा शुरू हुई। इस यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ जिले के कई प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हुए। शोभायात्रा हरचंदपुर चौराहा, गंगागंज और अजमतुल्लागंज होते हुए अचलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा वापस गांव आई और कलश स्थापना विधि संपन्न हुई। वृंदावन से पधारे कथा व्यास पूज्य योगेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने इस अवसर पर कहा कि पूरे गुलाब सिंह गांव भक्ति और आध्यात्मिकता के रंग में रंगने वाला है। गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का संचार हो गया है। कलश यात्रा में पवित्र जल भरकर श्रद्धालु कथा स्थल तक ले गए हैं, जो इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन 12 मई से प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। पूज्य गुरु जी अपनी ओजपूर्ण वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। उनके प्रवचनों में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अद्भुत संगम होगा, जिससे श्रोतागण भावविभोर हो उठेंगे। कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीलाओं, भक्तों के चरित्रों और जीवन के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में समझाया जाएगा।

नहर में नहाने गए एक दर्जन युवकों में एक युवक डूबा, तलाश के दौरान शव बरामद

बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

शारदा नहर में नहाते समय पानी के तेज बहाव में एक युवक अचानक गायब हो गया। जिसकी तलाश पुलिस और गोताखोरों के द्वारा की गई। जहां तलाश के दौरान युवक का शव बरामद हुआ है। घटना रविवार दोपहर 3:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र बछरावां के ग्राम चुरूवा निवासी करीब एक दर्जन युवक शारदा नहर में नहाने के उद्देश्य से ग्राम मीरखनगर थाना नगराम जनपद लखनऊ जो लखनऊ रायबरेली बॉर्डर पर स्थित है, वहां गए हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी एक दर्जन युवक भीषण गर्मी व तपन के चलते नहाने के उद्देश्य अपने साथियों के साथ नहर पर पहुंच गए। जहां सभी लोग नहर में नहाने के लिए कूद पड़े नहाते समय अचानक एक युवक आदर्श कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम चुरूवा थाना बछरावां अचानक गायब हो गया। जिसे अन्य साथियों के द्वारा इधर-उधर खोजा जाने लगा, परंतु नहर का तेज बहाव होने के चलते युवक की तलाश नहीं की जा सकी, तो अन्य युवको के द्वारा ग्रामीणों एवं परिजनों को जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों एवं परिजनों के द्वारा युवक की खोजबीन शुरू की गई। परंतु जब कहीं पता नहीं चला तो सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस के द्वारा गोताखोरों की मदद से लगातार युवक की खोजबीन की जाने लगी। काफी खोजबीन के बाद युवक का शव बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कई बीघे जमीन पर अवैध कब्जा

- थाना दिवस और तहसील दिवस सहित अधिकारियों के लगा रहे हैं भाजपा नेता चक्कर पर चक्कर
- जब बीजेपी के प्रांतीय परिषद सदस्य की नहीं सुनी जा रही तो आम आदमी का क्या हाल होगा

महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

भू माफिया से सरकारी जमीन खाली करवाए जाने के लिए निरंतर लगातार पिछले कई वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा डॉक्टर मातादीन पासी ने थाना दिवस में

शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गंगा प्रसाद पुत्र सुंदर निवासी ग्राम घेरा मजरे अतरेहटा तहसील महराजगंज रायबरेली के द्वारा बावन बुजुर्ग बल्ला की लगभग पांच बीघा भूमि पर अवैध कब्जा करके कृषि कार्य कर रहा है इसके संदर्भ में प्रार्थी लगातार प्रार्थना पत्र देता आ रहा है किंतु खाना पूर्ति करके क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा भ्रामक रिपोर्ट लगाकर भ्रमित किया जाता रहा है कई प्रार्थना पत्र देने के बावजूद पटेल ने लेखपाल संतोष पटेल ने गेहूं की फसल कटवा दी जिसका लेखा जोखा कहीं पर भी नहीं है। शिकायतकर्ता भारतीय जनता पार्टी का प्रांतीय परिषद सदस्य हैं लगातार शिकायती पत्र देने के बावजूद राजस्व अधिकारियों की हीला हवाली से जहां अवैध रूप से जमीन पर कब्जा है तो वहीं उसके ऊपर खेती करके लाखों के राजस्व का चुनाव भी सरकार को लग रहा है लेकिन विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की हीला हवाली और लापरवाही का नतीजा है कि पिछले कई वर्षों से लगातार शिकायती पत्र देने के बावजूद भी कार्रवाई के नाम पर केवल शून्य।

एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां अवैध जमीनों पर सख्त हैं तो वही महाराजगंज तहसील प्रशासन अवैध कब्जा हुई जमीनों पर नरम रवैया कहीं ना कहीं साठ गांठ की ओर इशारा कर रहा है और भाजपा सरकार की किरकिरी कराने का कार्य अधिकारी और कर्मचारी कर रहे हैं जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रांतीय परिषद सदस्य की ही नहीं सुनी जाएगी तो आम जनता का क्या हाल होगा यह किसी से छिपा नहीं है।

भारत की बेटी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बालिकाएं सम्मानित

- मातृ दिवस पर प्रबंधक निरंजन सिंह ने 50 छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने की घोषणा की, मातृ दिवस पर मां को समर्पित गीत गाकर छात्र ने सबका मन मोहा

डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

डलमऊ कस्बे के श्री महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय में भारत की बेटी अभियान के तहत बीती 30 अप्रैल को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था विद्यालय परिवार द्वारा मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर 50 सफल छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य

अतिथि के रूप में उपस्थित राजेंद्र शुक्ला एस एस इंटर कॉलेज मुस्तफापुर हुसैनगंज ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया विद्यालय की छात्र सानिया, चांदनी, अनामिका ने सरस्वती वंदना हे शारदे मां गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुवात की विद्यालय प्रबंधक निरंजन सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का माल्यार्पण कर व बुके देकर सम्मानित किया छात्रा अनामिका यादव, आशा ने स्वागत गीत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्रा ऋतिका त्रिपाठी ने मां को समर्पित गीत खुदा मुझसे मां की मोहब्बत न छीने, अगर छीनना है तो जमी छीन ले आसमा छीन ले गाकर मां की महिमा का बखान करते हुए वहां उपस्थित जनों को सम्मोहित कर दिया कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को सफलता के मूल मंत्र दिए विद्यालय प्रबंधक निरंजन सिंह ने मातृ दिवस पर छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया एवं संबोधित करते हुए कहां की विद्यालय द्वारा आप सभी के सहयोग से जिन छात्राओं के माता पिता नहीं है तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिन छात्राओं ने 85फीसद से अधिक अंक प्राप्त किया हैं। उन छात्राओं को एवं विद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा में टॉप करने वाली छात्राओं सहित कुल 50 छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर सुधांशु त्रिपाठी, राधेश्याम पाल, रामदास मौर्य, पुनीत द्विवेदी, शिशुपाल सिंह, घनश्याम जायसवाल, विद्यालय प्राचार्य डॉ गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, अध्यक्ष रघुवीर सिंह, प्रबंधक निरंजन सिंह, सचिव यादराम सिंह, अजीत श्रीवास्तव, मोहम्मद जसीम, प्रमालिनी शुक्ला, नेहा सिंह, अनुराग सिंह एवं विद्यालय परिवार के उपस्थित रहे।

डॉक मैन उदयभान सिंह के सेवानिवृत होने पर साथियों ने दी विदाई

- डॉक मैन के विदाई समारोह में पंचायत सचिव ने पहुंचना मुनासिब नहीं समझा

शिवगढ़, रायबरेली। विकास खंड शिवगढ़ में खंड विकास कार्यालय में डॉक मैन के सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारी का साथी ब्लॉक कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया गौरतलब हो कि विकास खंड शिवगढ़ में खंड विकास कार्यालय में डॉक मैन के पद पर तैनात उदयभान सिंह 30 अप्रैल बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए उनके सेवानिवृत होने पर विकासखंड कार्यालय शिवगढ़ में तैनात एडीओ आईएसबी धनेंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण स्वप्निल सिंह, एवं ग्रामीण आजीविका मिशन योजना कार्यालय में तैनात महिला कर्मचारी नम्रता सिंह के द्वारा ब्लॉक शिवगढ़ के सभागार में बड़े ही धूमधाम से केक काटकर उदयभान सिंह की विदाई की गई इस दौरान सभी ने उनके कार्य प्रणाली की भर भर प्रशंसा की सभी ने कहा कि सेवानिवृत्ति होना नौकरी का एक अहम हिस्सा है लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपने कार्य से लोगों के दिल में खास जगह बना लेते हैं उसी तरह डॉक मैन उदयभान सिंह भी रहे जिन्होंने अपने नौकरी के 42 वर्ष के कार्यकाल में किसी भी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया इनका हंसमुख स्वभाव हमेशा याद रहेगा साथ ही सभी ने उन्हें जीवन की एक नई पारी की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं भी दी वहीं सेवानिवृत हुए उदयभान सिंह बताया कि जिस दिन मैं सेवानिवृत्त हुआ उस दिन जिनकी मैने 42 वर्ष सेवा की इनमें से किसी भी कर्मचारी ने मेरे सेवानिवृत होने पर मुझसे बात तक नहीं कि इसका मुझे बड़ा ही अफसोस हुआ जबकि ब्लॉक के अन्य कर्मचारी एडीओ आईएसबी, एडीओ समाज कल्याण, ग्रामीण आजीविका मिशन योजना की महिला कर्मचारी एवं समूह की महिलाओं द्वारा बड़े धूमधाम से मेरा विदाई समारोह आयोजित किया गया आगे की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा कभी किसी भी कर्मचारी के साथ कोई भी दुर्व्यवहार नहीं किया गया सदैव मैंने सभी के कामों को बड़े ही सरलता से किया परंतु मेरे सेवानिवृत के अवसर पर ब्लॉक कर्मचारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का बड़ा ही अफसोस है। वह कहते हैं कि व्यक्ति जहां पर नौकरी करता है उसे कार्यालय के कर्मचारियों को अपना परिवार मानता है। मुझे बड़ा अफसोस है कि मुझे मेरे परिवार यानी कि मेरे ब्लॉक के कर्मचारियों द्वारा विदाई तक नहीं दी गई जिसका मुझे पूरे जीवन अफसोस रहेगा।

नगर पालिका की अनदेखी से मोहल्ले में फैली गंदगी

- शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई

बीपी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर)। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर गई है। जगह-जगह कूड़े-कचरे के ढेर लगने से दुर्गंध और गंदगी का माहौल बन गया है। ताजा मामला वार्ड नंबर 6, मोहल्ला आर्य नगर का है, जो काशीराम कॉलोनी में स्थित है। यहां गंदगी का अंबार इस कदर लग चुका है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बदबू और मच्छरों के प्रकोप ने स्थानीय निवासियों का जीना दुश्वार कर दिया है। काशीराम कॉलोनी के निवासी मो. यूसुफ, निजाम अहमद, अमरनाथ, सलाहू, विक्रम, फिरोज अहमद ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार सभासद राजेंद्र प्रसाद सैनी से शिकायत की गई। लेकिन, इसके बावजूद अब तक सफाई व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय निवासी मो. यूसुफ ने कहा कि हमने कई बार सभासद से गुहार लगाई कि सफाई कराई जाए, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिलता। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश के दौरान जलभराव के कारण स्थिति और भी बदतर हो जाती है। सड़कों पर गंदगी का पानी बहता है, जिसमें मच्छर और कीड़े-मकोड़े पनपते हैं। इसके चलते डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते समय इस गंदगी से होकर गुजरते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। स्थानीय निवासी अमरनाथ का कहना है कि ÷नगर पालिका की अनदेखी से वार्ड के लोगों को गंदगी में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। यदि जल्द ही सफाई नहीं कराई गई तो संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाएगा। मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाया जाए और कूड़े-कचरे को हटाया जाए, ताकि उन्हें साफ-सुथरा माहौल मिल सके। काशीराम कॉलोनी के लोगों ने मांग की है कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और नियमित अंतराल पर कूड़ा उठाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही, सभासद को भी इस मामले में तत्परता दिखाने की जरूरत है, ताकि लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। अब देखना यह है कि प्रशासन और नगर पालिका कब तक इस समस्या पर कार्रवाई करती है। स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान होगा।

सड़क किनारे बालू और मोरंग का ढेर, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

सादुल्लानगर/बलरामपुर। स्थानीय क्षेत्र सादुल्लानगर क्षेत्र से एक बड़ी और गंभीर लापरवाही की तस्वीर सामने आई है। नगर के विभिन्न हिस्सों में सड़क किनारे बालू और मोरंग के अवैध ढेरों ने हादसों का खतरा बढ़ा दिया है। प्रशासन की अनदेखी के चलते लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। सादुल्लानगर कस्बे की मुख्य सड़कों के किनारे भारी मात्रा में बालू और मोरंग का अवैध जमावड़ा देखा जा सकता है। इन ढेरों के कारण न तो वाहन चालकों को सामने से आ रहे वाहन दिखाई देते हैं और न ही पैदल राहगीरों को सुरक्षित गुजरने का रास्ता मिल पाता है। क्षेत्रवासी राधेश्याम, विनय, मंगरे,झिंकू, गबोधर, नसीम, प्रदीप, आरजू आदि ने बतया कि ये ढेर आए दिन छोटे-बड़े हादसों का कारण बनते हैं। विशेष रूप से स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक हो चुकी है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष का उतरौला कार्यालय में स्वागत

उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

गोरखपुर से बलरामपुर जा रहे सपा प्रदेश अध्यक्ष का उतरौला कार्यालय पर कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सपा कार्यालय उतरौला में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रेस से वार्ता करते हुए सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पहलगाम घटना में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा मिले और उन्हें पूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए।जब जब देश पर संकट आया है हमारे वीर जवानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर बढ़ चढ़कर मुकाबला किया है। सपा ने हमेशा ही सैनिकों का सम्मान किया है।देश की रक्षा अग्निवीर योजना से संभव नहीं है इसके सेना में पूर्ण नौकरी देनी चाहिए।उतरौला विधानसभा से बाहरी लोगों को प्रत्याशी बनाए जाने पर कहा कि स्थानीय नेता व कार्यकर्ता के बल पर 2027 में पीडीए पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। सपा प्रदेश अध्यक्ष का डॉ. एहसान माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस

अवसर पर अबरार अहमद, छब्बू शाह, निहाल खान, शत्रोहन वर्मा, अकरम डॉ रफ़ीउल्लाह, अनवारूल खान, आफाक कुरैशी, शहंशाह खान, अशफाक, मोहम्मद मसी व डॉ शादाब सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में बाबा फक्कड़ दास चौराहे पर सपा के वरिष्ठ नेता राम दयाल यादव के नेतृत्व में सपा कार्कर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। राम दयाल यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, नगर अध्यक्ष सकील इदरीशी, मोहम्मद शमीम,रक्षा राम उर्फ मोटे यादव, आबिद अली खां आदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक खाई में पलटी, दो युवक घायल

बछरावां, रायबरेली। बाइक की तेज रफ्तार होने के चलते सड़क घुमावदार होने का बाइक अनियंत्रित हो गई, और खाई मे पलट गई। जिसमें सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए है जहाँ एक की हालत गंभीर बताई गई है। रविवार दोपहर 1:00 बजे थाना क्षेत्र शिवगढ़ के बांदा बहराइच मार्ग पर निर्बला पुल के निकट सड़क घुमावदार होने के चलते बाइक की तेज रफ्तार होने चलते अनियंत्रित होकर बगल की खाई में चली गई। जिसमें सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा दोनों घायल लोगों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें एक युवक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी प्राप्त हुई है, कि अभिषेक पुत्र अशोक कुमार निवासी दुर्गा खेड़ा मजरे बैती थाना शिवगढ़ के साथ दिवाकर पुत्र दिनेश कुमार निवासी गूजरपुर मजरे बहादुरपुर दोनों बाइक पर सवार होकर बछरावां की ओर आ रहे थे तभी निर्बला पुल के पास रोड पर घुमाव होने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गए। दोनों घायलो का सीएचसी में प्राथमिक उपचार करने के बाद अभिषेक की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

कंपोजिट विद्यालय बंजरिया हुसैन के छात्र का अटल आवासीय विद्यालय में चयन

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

कंपोजिट विद्यालय बंजरिया हुसैन का नाम किया रोशन, मोहित मौर्या ने अटल आवासीय विद्यालय की परीक्षा में पाई सफलता। कंपोजिट विद्यालय बंजरिया हुसैन के होनहार छात्र मोहित मौर्या ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6) में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। मोहित ने कक्षा 1 से लेकर 5 तक की शिक्षा इसी सरकारी विद्यालय में प्राप्त की है। और किसी भी प्राइवेट संस्थान से पढ़ाई नहीं की।मोहित मौर्या योग के 36 विभिन्न प्रकारों में निपुण हैं। और पढ़ाई के

प्रति उनकी गहरी रुचि प्रारंभ से ही देखने को मिलती रही है। उनकी इस सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार को गर्व है। मोहित के माता-पिता, श्रीपाल मौर्य और मंजू देवी, बेटे की इस उपलब्धि से अत्यंत प्रसन्न हैं। और विद्यालय के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता यादव ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय बंजरिया हुसैन के लिए यह वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। उन्होंने कहा, विद्याज्ञान, एनएमएमएस, अटल आवासीय विद्यालय, राजकीय आश्रम पद्धति जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर ब्लॉक, जिला और विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया है।अटल आवासीय विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाना आसान नहीं होता और मोहित ने यह कर दिखाया।मोहित की यह उपलब्धि उनके मेहनत लगन और समर्पण का स्पष्ट प्रमाण है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। विद्यालय परिवार मोहित की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देता है। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

एफ-16 के गलत इस्तेमाल पर लगेगा प्रतिबंध?

पाकिस्तान ने अपने फाइटर प्लेन एफ-16 को भारत के खिलाफ उपयोग करके अमेरिकी शर्तों का घोर उलंघन किया है, जबकि अमेरिका के पाकिस्तान के साथ हुए समझौते में तय हुआ था कि पाकिस्तान किसी भी हाल में एफ-16 फाइटर जेट का इस्तेमाल भारत के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन में नहीं करेगा, इनका इस्तेमाल केवल आतंक विरोधी अभियानों और आंतरिक सुरक्षा के मामलों में उपयोग करने की शर्तो पर अमेरिका ने पाकिस्तान को दिया था। किन्तु अब पाकिस्तान से एफ-16 लड़ाकू विमानों को वापस भी ले सकता है? हालांकि 7मई से भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न सैन्य तनाव अब खत्म हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए हवाई हमलों के बाद भारत ने भी आक्रामक रुख अपनाया और जिसके बाद पाकिस्तान घुटने टेकने और सीजफायर का ऐलान करने पर मजबूर हुआ। भारत के कुछ ही दिन के सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ है। इंडियन एयर फोर्स ने एक बार फिर पाकिस्तान के अमेरिका निर्मित एफ-16 फाइटर जेट्स को खदेड़ दिया। ऐसा पहली बार नहीं है जब इंडियन एयरफोर्स के आगे दुनिया के सबसे बेहतरीन फाइटर जेट में से एक एफ-16 को मुंह की खानी पड़ी हो। भारतीय सेना ऐसा पराक्रम दो बार पहले भी कर चुकी है। इसके बावजूद पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कई सवाल खड़े करता है, क्योंकि अमेरिका ने ये फाइटर जेट पाकिस्तान को इस शर्त पर दिए थे कि इनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं किया जाएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पाकिस्तान ने एफ-16 का इस्तेमाल कर बड़ी गलती कर दी है और क्या अमेरिका इन विमानों को पाकिस्तान से वापस ले लेगा? सनद रहे, एफ-16 को पाकिस्तानी एयरफोर्स की रीढ़ कहा जाता है, पाकिस्तानी सेना ने ये लड़ाकू विमान अमेरिका से खरीदे हैं और इस डील को लेकर दोनों देशों के बीच एक समझौता भी हुआ था। इस समझौते को एंड-यूज मॉनिटरिंग एग्रीमेंट कहा जाता है। इसमें तय हुआ था कि पाकिस्तान इन फाइटर जेट्स का इस्तेमाल केवल आतंकवाद विरोधी अभियानों और इंटरनल सिक्योरिटी ऑपरेशंस में कर सकता है और किसी भी हाल में इसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन में नहीं किया जाएगा। क्योंकि अमेरिका इन विमानों के इस्तेमाल की निगरानी करता है, हालांकि, पाकिस्तान ने बार-बार इन विमानों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ ही किया है, इससे यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान इस समझौते को नहीं मानता है। बालाकोट स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने एफ-16 विमानों के जरिए भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की थी, लेकिन भारत के मिग-21 ने इस पाकिस्तान के इस विमान को मार गिराया था, जिसके बाद भारत ने अमेरिका के सामने पाकिस्तान द्वारा एफ-16 के दुरुपयोग का मामला भी उठाया था। भारत की आपत्ति के बाद अमेरिका ने जरिए पत्र पाकिस्तान को लताड़ लगाई थी। अब एक बार फिर एफ-16 विमानों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किए जाने की बात सामने आई है। अगर यह सच साबित होती है तो अमेरिका, पाकिस्तान पर कार्रवाई कर सकता है और एफ-16 के रखरखाव के लिए दी जाने वाली मदद रोक सकता है, इतना ही नहीं इन फाइटर जेट्स के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह प्रतिबंध भी लगा सकता है।

अब तकनीक बदलने लगी है युद्ध की तकदीर

डॉ. संजय वर्मा

युद्धों का इतिहास बताता है कि कोई भी जंग सबसे पहले मनोवैज्ञानिक स्तर पर लड़ी जाती है। खास तौर से सैनिकों में यह मनोबल उनके प्रशिक्षण, उन्हें प्रदान किए गए हथियारों और उनके देश की हैसियत के आधार पर विकसित होता है। लेकिन तकनीक और विज्ञान की तरक्की की बदौलत युद्धों के नियम और शैलियां बदल गई हैं। अब जरूरी नहीं रहा कि किसी जंग में सैनिकों की भारी तादाद किसी मोर्चे पर तैनात हो। या फिर सैनिक खुद आमने-सामने की जंग लड़ें, जिसके आधार पर हार-जीत का फैसला हो। बल्कि अब इसमें तकनीक की भूमिका सबसे अहम और प्राथमिक हो गई है। चाहे हमला करना हो या फिर दुश्मन की भेजी मिसाइलों-ड्रोन्स से खुद का बचाव करना हो, आज युद्धों में तकनीक सबसे असरदार और सटीक भूमिका निभा रही है।

ताजा मिसाल 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में आतंकवादियों के हाथों 26 लोगों की निर्मम हत्या के बाद 6-7 मई की दरम्यानी रात भारत की ओर से, इस घटना के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान और पाक-कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में की गई कार्रवाई है। भारत ने पाकिस्तान के जिन 9 स्थानों पर मौजूद आतंकी ढांचों पर हवाई हमला किया, उसमें अत्याधुनिक तकनीक से विकसित हथियारों (मुख्यतः मिसाइलों और ड्रोन) का ही इस्तेमाल किया गया। यही नहीं, सटीक हमले से बौखलाए पाकिस्तान ने 7 और 8 मई, 2025 को भारतीय सीमा में जो मिसाइलें छोड़ीं और ड्रोन भेजे, प्रायः उन सभी को भारत ने तकनीक के बल पर नाकाम किया। दोनों ही मामलों में साबित हुआ कि परखी गई उन्नत तकनीक के आधार पर कैसे दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जा सकता है और उसकी कार्रवाई से कितनी सटीकता से बचाव संभव है। निश्चय ही, विज्ञान और तकनीक ने युद्धों को बदल दिया है। इसे भारत-पाकिस्तान के हालिया संघर्ष के उदाहरणों को देखना होगा।

पहलगाम हमले के दोषी आतंकियों के पाकिस्तान और पीओके में मौजूद ठिकानों पर 7 मई रात भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जो कार्रवाई की, उसमें खासकर न तो हमारे सैनिकों ने और न ही लड़ाकू विमानों ने आक्रमण के लिए नियंत्रण रेखा पार की। इस आक्रमण के लिए हवित्जर और धनुष तोपों, कामिकाजी नामक आत्मघाती ड्रोन, लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले आधुनिक हथियारों के अलावा युद्धक विमानों- राफेल, मिराज-2000 और सुखोई-30 से स्कैल्प मिसाइलों और स्पाइस-2000 नामक बमों का इस्तेमाल किया गया। दावा है कि दागे गए ज्यादातर बम प्रेसिजन गाइडेड आर्टिलरी एम्युनिशन से लैस थे। नियंत्रण रेखा पार किए बिना अपनी सीमा से ही आतंकी ढांचों को ध्वस्त करने की इस कार्रवाई में दर्जनों आतंकवादी मारे जाने और लश्करे-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल के मुख्यालय ढहने की तस्वीरें खुद पाकिस्तानी मीडिया ने प्रसारित कीं।

पहलगाम हमले के दोषी आतंकियों के पाकिस्तान और पीओके में मौजूद ठिकानों पर 7 मई रात भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जो कार्रवाई की, उसमें खासकर न तो हमारे सैनिकों ने और न ही लड़ाकू विमानों ने आक्रमण के लिए नियंत्रण रेखा पार की। इस आक्रमण के लिए हवित्जर और धनुष तोपों, कामिकाजी नामक आत्मघाती ड्रोन, लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले आधुनिक हथियारों के अलावा युद्धक विमानों- राफेल, मिराज-2000 और सुखोई-30 से स्कैल्प मिसाइलों और स्पाइस-2000 नामक बमों का इस्तेमाल किया गया। दावा है कि दागे गए ज्यादातर बम प्रेसिजन गाइडेड आर्टिलरी एम्युनिशन से लैस थे। नियंत्रण रेखा पार किए बिना अपनी सीमा से ही आतंकी ढांचों को ध्वस्त करने की इस कार्रवाई में दर्जनों आतंकवादी मारे जाने और लश्करे-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल के मुख्यालय ढहने की तस्वीरें खुद पाकिस्तानी मीडिया ने प्रसारित कीं।

हालांकि यह सटीक कार्रवाई आतंकी ढांचों और आतंकवादियों के खिलाफ थी, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने इसे आम नागरिकों पर हमला बताया और 8 मई को भारतीय सीमा पर गोलाबारी के अलावा लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इनमें से भारत के पुंछ में एक दर्जन से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की जान गई। जम्मू-अमृतसर से लेकर राजस्थान के जैसलमेर तक सीमा पार कर आई मिसाइलें, ड्रोन और लड़ाकू विमान भारत की अत्याधुनिक बचाव प्रणाली की सक्रियता के कारण नाकाम हो गए। इन प्रणालियों में जिसे सबसे ज्यादा असरदार माना गया है, वह रूस से 2018 में खरीदा गया एस-400 सिस्टम है जो असल में लंबी दूरी यानी 500 किलोमीटर दूर से आ रहे ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल या लड़ाकू विमानों का समय रहते पता लगाकर उन्हें हवा में ही नष्ट करने वाला लॉन्ग रेंज इंटरसेप्टर है। दावा है कि इसकी तीन सक्रिय यूनिटें भारत के पास हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर तैनात हैं। यह इंटरसेप्टर चार चरणों में काम करता है। पहले चरण में इसका ट्रांसपोर्ट इरेक्टर लॉन्चर नजदीक आ रहे ड्रोन या मिसाइल का पता लगाता है। दूसरे चरण में इसका सर्विलांस रेडार ड्रोन आदि की दूरी व गति का आकलन कर कमांड वाहन को उसे रोकने का निर्देश देता है। तीसरे चरण में कमांड और कंट्रोल वाहन दुश्मन के ड्रोन या मिसाइल की लोकेशन तय कर उसे मिसाइल से मारने के निर्देश देता है और चौथे चरण में गाइडेंस रेडार टारगेट पर तेजी से मिसाइल छोड़ता है। यह एक ही समय में कई ड्रोन या मिसाइलों का पता लगाकर उन्हें हवा में ही नष्ट कर डालती है। लेकिन भारत सिर्फ एस-400 पर ही आश्रित नहीं है। इसके अलावा हमारे देश के पास मध्यम दूरी का इंटरसेप्टर-एमआरएसएएम भी है जो 70 किलोमीटर रेंज में ड्रोन आदि को हवा में तबाह कर डालता है। साथ ही स्वदेशी शॉर्ट रेंज इंटरसेप्टर दू आकाश है जो 25-30 किमी की रेंज में एक साथ चार लक्ष्यों (टारगेट) को हवा में नष्ट कर सकता है। जमीन से हवा में मार करने वाला स्पाईडर नामक मिसाइल सिस्टम कम ऊंचाई पर उड़ रहे ड्रोन या मिसाइल को नष्ट कर सकता है। रूस से हासिल किया गया क्लोज रेंज इंटरसेप्शन (इग्ला-एस) सिस्टम भी है, जो लड़ाकू विमान, ड्रोन या मिसाइल को 5-6 किमी की रेंज में नष्ट करने में सक्षम है। बचाव की इन आधुनिक तकनीकों में हालांकि विश्व स्तर पर अमेरिका के थाड (टर्मिलन हाई अल्टीट्यूड एरिया डिफेंस), इस्राइल की डेविड्स स्लिंग और एरो प्रणाली तथा आयरन डोम, अमेरिका की जीएडी व एजिस कॉम्बैट प्रणाली, रूस की एस-500 प्रोमेतेई और चीन की एचक्यू-19 और एचक्यू-22 प्रणालियों का नाम भी लिया जाता है। लेकिन चीनी प्रतिरक्षा प्रणाली की नाकामी दुनिया ने हाल में देखी, जब इसका उपभोक्ता देश पाकिस्तान इनके बल पर भारतीय ड्रोन और मिसाइलों को रोकने में असफल रहा। आधुनिक युद्धक हथियारों के लिए हमेशा दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। जरूरी है, भारत खुद ऐसी तकनीकों, युद्धक विमानों, ड्रोन और हथियारों का विकास करे जिन्हें जरूरत के अनुसार बड़ी संख्या में बनाया-तैनात किया जा सके। जैसे, हाल ही (13 अप्रैल 2025) में भारत के डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) ने देश के पहले स्वदेशी हाई-एनर्जी लेजर वेपन का सफल परीक्षण किया है जो फिलहाल पांच किलोमीटर के हवाई दायरे में मौजूद ड्रोन आदि का पता लगाकर उन्हें भस्म कर सकता है। एमके-2 ए नामक इस सिस्टम की फिलहाल क्षमता 30 किलोवॉट ही है, इससे छोटे ड्रोन हवा में नष्ट किए जा सकेंगे।

विचार

समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

योगेश कुमार गोयल

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है, जिनकी आज हम 205वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती पर 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थीं। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था, वहीं अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था। उनके माता-पिता संपन्न परिवार से थे। ऐसे में

उनका मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई। इसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की (तुर्किये) की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आ रही थीं। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंच कर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी।

फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष

फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यो के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थीं। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया।

चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थीं। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई।

उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

अब अंदरूनी लड़ाई में फंसा पाकिस्तान

डॉ. प्रभात ओझा

भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से शुरू सीजफायर दुनिया में तनाव कम होने की तरह देखा जायेगा। इसके विपरीत खुद पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। इसे उसी रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के देश के नाम संबोधन से समझा जा सकता है। शहबाज ने अमेरिका, चीन, सऊदी अरब और तुर्की जैसे देशों को सहयोग अथवा सीजफायर में मदद के लिए शुक्रिया कहा। गौर करने लायक है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने जनरल मुनीर के लिए भी ऐसा ही शुक्रिया करने के साथ एक कटु बात भी जोड़ दी। वह कठोर तथ्य यह है कि शहबाज ने परोक्ष रूप से मान लिया कि भारत के हमलों से पाकिस्तान को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा है। सही मायनों में अब इस नुकसान की जिम्मेदारी तय करने का समय शुरू हो गया है।

पीएम शहबाज के कई देशों और अपने सहयोगियों के लगातार धन्यवाद करते जाने के बीच दुनियाभर के कूटनीतिक विशेषज्ञ सांस रोके भाषण खत्म होने का इंतजार कर रहे थे। उन्हें थोड़ी देर के लिए शायद यह लगा कि शहबाज अपनी कुर्सी छोड़ने जा रहे हैं। लगा कि सीजफायर होते ही शहबाज को विदा करने की योजना बन चुकी है। ऐसा नहीं हुआ। उसके बाद अब शहबाज शरीफ की चाल की चर्चा शुरू हो गयी है। पाकिस्तानी हुक्मरान ही नहीं,आम लोगों को भी पता है कि भारत-पाक के मध्य हर युद्ध अथवा संघर्ष में पाकिस्तान की बदहाली के लिए किसी के सिर ठीकरा फोड़ने की परंपरा रही है। आमतौर पर इसमें राजनेताओं के बजाय सैन्य अधिकारी हावी होते रहे हैं। फिलहाल स्थिति अलग लग रही है। शहबाज ने संघर्ष में भारत की मजबूती और पाकिस्तान की बर्बादी का जिक्र कर फिलहाल इसकी जिम्मेदारी सेना पर डालने की कोशिश की है। ऐसे में सेना और सरकार के बीच अघोषित संघर्ष शुरू हो चुका है। इस तरह का ताजा मामला वर्ष 1999 के कारगिल युद्द का है,तब भी कुछ ऐसा ही हुआ था। कहते हैं कि जनरल परवेज मुशर्रफ ने प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को विश्वास में लिए बिना कारगिल,द्रास और बटालिक की चोटियों पर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जब इन जगहों पर पाकिस्तानी सेना हार गई तो जनरल मुशर्रफ ने पीएम नवाज को आगे कर दिया। बाद में तख्तापलट की कहानी लंबी हो जायेगी। पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री को इसका अंदाजा है। तभी उन्होंने जिम्मेदारी के लिए जनरल मुनीर को आगे करने की कोशिश की है। ऐसा करना उन्हें इसलिए भी जरूरी लगा कि सीजफायर तो पड़ाव भर है। अभी भारत की ओर से सिंधु का पानी रोकना,दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते फिर से कायम करने के साथ भारत-पाकिस्तान के बीच व्यापारिक रिश्ते बहाल करने जैसे बड़े काम बाकी हैं। स्वाभाविक रूप से इसके लिए पाकिस्तानी राजनेताओं को ही आगे आना होगा। भारत का लोकतांत्रिक नेतृत्व भी सैन्य शासक की जगह पाकिस्तानी राजनेताओं को ही प्राथमिकता देगा। पाकिस्तान स्वयं इस हार के दंश से किस तरह बाहर निकलेगा,यह समझने के लिए कुछ समय लगेगा। फिलहाल,पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर पर आम पाकिस्तानियों का गुस्सा फूटने लगा है।

पीठ पीछे वो मेरी बहुत तारीफ करती है...

मेरे सामने ना सही वो मेरे पीठ पीछे मेरी बहुत तारीफ करती है,
मेरे चेहरे की मुस्कान देख, वो निस्वार्थ मन से हंसती है,
जब मैं रोती हूं, तो मुझे चुप करा खुद मुझसे छुपकर रोती है,
किसी ने सच ही कहा है,
जन्नत दुनिया के किसी कोने में नहीं मां के कदमों में बसती है।
दुआ जब दवा बन जाए वह मां का प्यार होता है,
ज्ञान गंगा जो बह जाए वह मां का प्यार होता है,
सुख की दरिया में सभी स्नान कर लेते मगर
दुख में कश्ती जो बन जाए वह मां का प्यार होता है।

सौम्या श्रीवास्तव
9696827660

राशिफल

मेषः- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

बृषभः- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मिथुनः- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्कः- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

सिंहः- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्या :- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

तुलाः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

वृश्चिकः- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। ।

धनुः- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

मकरः- बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

कुंभः- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

मीनः- शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

महंगाई, मुनाफाखोरी और सरकारी चेतावनी

डॉ सत्यवान सौरभ

भाराशन की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के दावे एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या ये आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित रहेंगे या जमीनी स्तर पर भी असर दिखाएंगे? इतिहास गवाह है कि संकट के समय महंगाई, जमाखोरी और भ्रष्टाचार बढ़ जाते हैं, और प्रशासनिक उदासीनता से हालात और बिगड़ते हैं। असली सुधार के लिए पारदर्शी वितरण, तकनीकी निगरानी और सख्त दंड जरूरी हैं, वरना यह भी महज एक खोखला नारा बनकर रह जाएगा। जब भी किसी देश में संकट का साया मंडराता है, सबसे पहले आम जनता पर इसका असर पड़ता है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि संकट के दौर में महंगाई, कालाबाजारी और जमाखोरी जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं।

हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर देशभर में खाद्य पदार्थ, पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कालाबाजारी की खबरें सुर्खियों में हैं। इन मुश्किल हालातों के बीच सरकार ने जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई का ऐलान किया है। सवाल यह है कि क्या इन घोषणाओं से वास्तव में कोई फर्क पड़ेगा या फिर यह भी अन्य सरकारी वादों की तरह सिर्फ कागजी सख्ती बनकर रह जाएगी? इतिहास गवाह है कि जब-जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा है, तब-तब न केवल सीमावर्ती इलाकों में, बल्कि पूरे देश में खाद्य पदार्थों और ईंधन की किल्लत का माहौल पैदा हुआ है। यह समस्या केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक भी है। राजनीतिक लाभ के लिए कई बार जमाखोरी और कालाबाजारी को न केवल नजरअंदाज किया जाता है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित भी किया जाता है।

सरकारें अक्सर महंगाई और किल्लत को राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर सही ठहराती रही हैं। यह एक प्रचलित नीति है कि संकट के समय लोगों का ध्यान भटकाने के लिए देशभक्ति की भावना को उभारा जाता है, लेकिन इसका खामियाजा आम नागरिक को भुगतना पड़ता है। सरकार द्वारा जारी सख्त निर्देशों के बावजूद, जमीनी स्तर पर इनका क्रियान्वयन हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। आमतौर पर, प्रशासनिक अधिकारी इन्हें गंभीरता से नहीं लेते या फिर स्थानीय व्यापारियों और नेताओं के दबाव में आंखें मूंद लेते हैं। यह एक खुला राज है कि कालाबाजारी करने वाले अक्सर राजनीतिक संरक्षण में फलते-फूलते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सिर्फ आदेश जारी कर देने से समस्या का समाधान हो जाएगा? क्या प्रशासनिक मशीनरी अपने काम में पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करेगी या फिर यह भी केवल फाइलों में बंद होकर रह जाएगा?

जब जमाखोरी होती है, तो इसका सबसे बुरा असर आम जनता पर पड़ता है। महंगाई आसमान छूने लगती है, जरूरी वस्तुएं बाजार से गायब हो जाती हैं, और लोगों को मजबूरी में अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। सरकारें राहत पैकेज और सस्ते राशन की योजनाएं तो बनाती हैं, लेकिन उनका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचना अक्सर एक चुनौती बन जाता है। इसके पीछे केवल भ्रष्टाचार ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जागरूकता की कमी भी एक बड़ी समस्या है।

गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को इसका सबसे अधिक खामियाजा उठाना पड़ता है। सरकार ने साफ कर दिया है कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई होगी, लेकिन क्या यह वादा हकीकत में बदल पाएगा? क्या सरकारी तंत्र इस बार वाकई में सख्त रुख अपनाएगा या फिर यह भी अन्य सरकारी निर्देशों की तरह समय के साथ फीका पड़ जाएगा? वास्तविक सुधार तभी संभव है जब सरकार अपने सख्त निर्देशों को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए ठोस कदम उठाए। हर जिले में वस्तुओं की उपलब्धता और वितरण की पारदर्शी जानकारी दी जाए। इससे आम जनता को वस्तुओं की वास्तविक स्थिति का पता चल सके और अफवाहों का अंत हो।डिजिटल प्लेटफॉर्म और ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग कर स्टॉक और मूल्य में पारदर्शिता लाई जाए। तकनीकी साधनों का उपयोग करके जमाखोरी और कालाबाजारी की निगरानी करना आज के डिजिटल युग में आसान हो सकता है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से नाम उजागर किया जाए ताकि लोग इस तरह की गतिविधियों से दूर रहें। जनता को इस लड़ाई में भागीदार बनाया जाए ताकि कालाबाजारी करने वालों की पहचान आसानी से हो सके। सामुदायिक सतर्कता समूहों का गठन किया जाए जो नियमित रूप से बाजार की स्थिति पर नजर रखें। संकट के समय गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक सहायता और सब्सिडी के माध्यम से राहत दी जाए। सिर्फ घोषणाओं से समस्याएं खत्म नहीं होतीं, बल्कि ठोस और ईमानदार क्रियान्वयन से ही सुधार संभव है।

अगर सरकार वास्तव में कालाबाजारी पर नकेल कसना चाहती है, तो उसे अपनी नीतियों और प्रशासनिक ढांचे में बदलाव करना होगा। वरना, यह सख्ती भी महज एक खोखला नारा बनकर रह जाएगी। जनता को भी सतर्क रहना होगा, ताकि कोई जमाखोर उनका हक न छीन सके। केवल आदेश और घोषणाओं से समस्याएं समाप्त नहीं होतीं, बल्कि ठोस और ईमानदार क्रियान्वयन से ही सुधार संभव है। सरकार को यह समझना होगा कि महंगाई और कालाबाजारी का मुद्दा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि एक नैतिक और राजनीतिक चुनौती भी है। जब तक प्रशासनिक तंत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और इच्छाशक्ति नहीं होगी, तब तक जमीनी सुधार की उम्मीद बेमानी है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788

डंपर के पलटने से बाइकसवार युवक की मौत, चालक फरार, पुलिस ने शुरू की जांच

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

पनवाड़ी मार्ग स्थित गिरवर गांव के पास गिट्टी से भरा डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान सड़क किनारे खड़े बाइक सवार की डंफर में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मझगवां व राठ पुलिस ने जेसीबी मशीन से डंफर अलग कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

रविवार की सुबह पनवाड़ी मार्ग स्थित गिरवर गांव के पास गलत दिशा से आ रहे गिट्टी से भरा डंफर एक चार पहिया कार को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में सड़क किनारे खड़े कोतवाली के पहाड़ी गढ़ी गांव निवासी 42 वर्षीय जयहिंद पुत्र वंशीधर की डंपर में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची मझगवां पुलिस व राठ पुलिस ने जेसीबी मशीन से डंफर को हटवाया और युवक के शव को बाहर निकाला। डंफर चालक मौके से भाग गया। बताया कि बड़ा भाई अपने प्लाट में मिट्टी की पुराई करा रहा है। रविवार को वह गिरवर के पास मिट्टी देखने गया था। वह सड़क किनारे खड़े थे तभी गिट्टी से भरा डंफर पलटने उसके भाई की दबकर मौत हो गई है। मृतक अपने पीछे तीन पुत्री अनामिका नितांशी नव्या को रोता बिलखता छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी विनीता मां ललती का रो रोकर बुरा हाल है। मझगवां थानाध्यक्ष शिव सहाय सरोज ने बताया कि बताया कि पिता की तहरीर पर डंफर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डंफर को कब्जे में ले लिया है।

सर्पदंश से महिला की मौत

राठ(हमीरपुर)। शनिवार की रात स्वजनों के साथ घर में सो रही महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।जरिया थाने के करियारी गांव निवासी 28 वर्षीय आरती पत्नी बलवान शनिवार की रात अपने स्वजनों के साथ अपने घर में जमीन पर सो रही थी। तभी उसी दौरान जहरीले सांप ने महिला को काट लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर मौके पर स्वजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। लेकिन महिला की हालत में सुधार होता न देख स्वजन उसे झांसी ले जा रहे थे। झांसी ले जाते समय रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र आदित्य पुत्री अंशिका छोड़ गई है।

पुरानी रंजिश के चलते लोगों ने कच्चे मकान में लगायी आग, शादी का सामान जला

▸ पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की

मौदहा, कोतवाली, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र के अरतरा गांव निवासी बेवा रामदेवी पत्नी लक्ष्मीनारायन ने कोतवाली में दिए तहरीर में कहा कि शनिवार रात करीब एक बजे जब मै सपरिवार घर के आँगन में अन्दर सो रही थी तभी मुहल्ले की अभिलाषा पत्नी राजकुमार वर्मा ने मेरे कच्चे घर में आग लगा दी जब तक़ हम कुछ समझ पाते तब तक़ घर में लगी आग धू धू कर जलने लगी एक घण्टे बाद फायरब्रिगेड की गाडी आई गनीमत यह रहेगी लोगों के सहयोग से आग पर काबू पर लिया गया और एक बड़ी घटना होते-होते बच गई पीड़िता ने बताया कि 17 मई को मेरे बेटे दुर्वेश की शादी है आग से शादी का सारा सामान जलकर राख हो गया है वही अभिलाषा मेरी पुत्री राजी को अपने मोबाइल से गंदे आचरण के लोगों से बात कराती है और पुत्री कही उक्त बात किसी से बता न दे पुत्री द्वारा बताने पर व मना करने पर रंजिश मानती है बात को लेकर स्वयं के हाथ में तेल से भरी गैलन लिये हुए घर पर आ गयी और चिल्लाकर गंदी गंदी गाली देते हुए कहा कि आज रात में तेरे घर में आग लगा दूंगी और रात में मेरे घर पर आग लगा दी मेरे घर पर रखा हुआ 5 बीघे का गेहूं व भूसा व कपड़े एवं गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया है जिसमें लगभग दो लाख रूपये का नुकशान हुआ है तथा मुल्जिम मौके से भाग गयी है । पीड़िता ने रविवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र दे कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने कहा आग लगाने की जानकारी मिलीं है मामले का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

खबरें एक नजर में

ईंट से कुंचलकर दलित युवक की हत्या, साढ थाना क्षेत्र के पानी पुरवा गांव की है घटना

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। साढ थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मण खेड़ा माजरा पानी पुरवा में बीती रात घर के बाहर सो रहे दलित युवक की ईट से कुचल कर हत्या कर दी गई, सूचना पाकर साढ थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ की, फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है। बताया जाता है कि वीरेंद्र कुमार नामक युवक ट्रैक्टर चालक है और वह रविवार रात घर के बाहर सो रहा था तभी उसकी ईद से कुचलकर हत्या कर दी गई परिजनों की सूचना पर साढ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि इस प्रकरण में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है तथा गिरफ्तारी के लिए टीमे गठित कर दबिस दी जा रही है।

रेवन थाना क्षेत्र के किराव गांव में अवैध खनन पर एसडीएम का छापा, जेसीबी डंपर लिए गए कब्जे में

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। रविवार देर शाम उप जिला अधिकारी अबिचल प्रताप सिंह ने बड़ी कार्रवाई,की है, रेवना थाना क्षेत्र के अंतर्गत किरांव गांव में खनन होने की मिली थी सूचना, मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व थाना प्रभारी को मौके पर मिली एक जेसीबी तथा डंपर थाना प्रभारी द्वारा बताया गया की जेसीबी तथा डंपर को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि10 मई, 2025 को तहसील स्तर पर आ रही शिकायतों का संज्ञान लेकर आज शाम खनन करते हुए एक जे सी बी तथा एक डंपर पकड़ा गया इनके द्वारा मौके पर कोई खनन तथा परिवहन संबंधी अभिलेख नहीं दिखाए गए तथा उपस्थित भट्टा कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि खनन सुल्तान शेख द्वारा अपने भट्ठे के द्वारा किया जा रहा है। अग्रिम कार्रवाई हेतु थानाध्यक्षक्ष रेवना को सुपुर्द कर अग्रिम विधिक कार्रवाई जिला खनन अधिकारी द्वारा की जा रही है।

चोरों ने ताला तोड़कर नकदी व लाखों के जेवरात किये पार, पुलिस जांच जुटी

राठ(हमीरपुर)। चोरों ने घर में घुसकर दस लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात व दो लाख रुपए की नकदी पार कर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के औंता गांव निवासी करन सिंह राजपूत ने बताया कि वह खेती बाड़ी करते हैं। शनिवार की रात वह परिवार के साथ सो रहे थे। छत के रास्ते चोर मकान में घुस गए और एक कमरे से लोहे का बक्सा उठाकर मकान के पीछे ले गए। जहां बक्सा का ताला तोड़करलाखो के जेवरात व नगदी उठा ले गये है। रविवार सुबह जब स्वजन जागे तब चोरी की जानकारी हुई। बताया कि मकान के पीछे खुला बक्सा और बिखरा हुआ सामान मिला। जल्दबाजी में चोर तीन अंगूठियां बक्से में छोड़ गए। बताया कि उसके दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र मनोज वनारस में दरोगा के पद पर हैं। छोटा पुत्र गांव में रहता है। बताया कि दोनों पुत्र अलग रहते हैं। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि करन सिंह के पुत्र मनोज जो दरोगा के पद पर हैं उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी का जेवर बैंक लॉकअप में रखवाएं हुए। जो बक्से में जेवर था वह चोरी हुआ है। मामले की जांच कराई जा रही है।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

सुमेरपुर, हमीरपुर। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के बांकी गांव में रात को एक युवक ने परिजनों से झगड़ कर जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक को गंभीर हालत में कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। शनिवार को देर रात बांकी गांव निवासी उपेंद्र कुमार ने परिजनों से झगड़कर जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया।

गाली-गलौज कर मारा पीटा

राठ(हमीरपुर)। चिकासी थाना के रहंक गांव निवासी लोकेश शिवहरे ने बताया कि 8 मई को वह अपने लोडर से शराब ठेका का माल लेकर हमीरपुर से झिन्नावीरा गांव जा रहा था। मझगवां थाने के कुल्हैंडा गांव की नहर के पास रफी वेल्डिंग की दुकान के सामने शाम 5 बजे पहले से मौजूद सत्यम तिवारी और गोल्डी तिवारी किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया। तो उक्त लोगों ने मिलकर मारा पीटा। शोर मचाया तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

न्यायालय में किया पेश

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी हरीबाबू पुत्र रामसजीवन के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। इसके खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वही क्षेत्र के भौली गांव निवासी श्रीराम व अमर सिंह पुत्रगण शिवनाथ व हरेहटा गांव निवासी मुन्ना पुत्र रामाधीन को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा तीनों का चालान किया गया है।

दरवाजा बंद कर रही महिला को लगा करंट

सुमेरपुर, हमीरपुर। क्षेत्र के सिमनौडी गांव में शनिवार की रात दरवाजा बंद करते समय उसमें उतर रहे करंट से महिला झुलस कर अचेत हो गई। महिला को रात में ही परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। सिमनौडी निवासी मौर्यध्वज वर्मा की पत्नी किरण वर्मा ;30द्ध शनिवार की रात करीब 10रू00 बजे दरवाजा बंद कर रही थी। दरवाजे के पास से गुजरी केबिल में कट होने के कारण उसमें करंट उतर रहा था। दरवाजा पकड़ते ही किरण झुलस कर बेहोश हो गई। उसे तत्काल पीएचसी में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर सुबह उसे घर भेज दिया गया।

वसूली के नाम पर वाहन चालकों से की जा रही वसूली

कुरारा, हमीरपुर। कस्बा कुरारा में नगर पंचायत के अड्डा पड़ाव के नाम पर वाहन चालकों से वसूली करने वाले गुंडा गर्दी कर रहे है। तथा शुल्क वसूली के नाम पर मारपीट करने को तैयार होते है। जिससे वाहन चालक खासे परेशान हो रहे है। कस्बा कुरारा में कस्बे से हमीरपुर, कदौरा, भौली रोड, मनकी रोड, बेरी रोड आदि को सवारी ले जाने वाले वाहनों से नगर पंचायत के अड्डा पड़ाव के ठेकेदार द्वारा वसूली कराई जा रही है। वसूली करने वाले लोग वाहन चालकों से अभद्र का व्यवहार करते है। मनकी तिराहे के पास एक वाहन चालक से अभद्रता करने पर उसने थाना पुलिस को सूचित किया। तब पुलिस ने वसूली करने वाले को थाना पुलिस थाने ले गई तथा चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। इन वसूली करने वालों की दबंगई से वाहन चालक परेशान है।

तेज आंधी के साथ हुई बूंदा-बांदी, फसले भीगीं

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

जिले के कुछ स्थानों में आज तेज आधी के साथ बूदाबादी भी हुई जिसस विजली व्यवस्था बाधित हो गयी है। हालाकि आधी पानी कुछ स्थानों में हुई है जिससे किसानों का भूसा व फसल भीग गयी है। जानकारी के मुताबिक करीब चार बजे के आसपास अचानक आसमान में बादल छा गये थोडीदेर बाद तेज आधी के साथ बूदा बांदी शुरु हो गयी। हालांकि दो घंटे बाद विजली की आपूर्ति शुरु हो गयी थी कुरारा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में दोपहर बाद आंधी के साथ बारिश हुई। इससे गर्मी से राहत मिली। कृषि कार्य में भूसा बनाने का कार्य प्रभावित हुआ। दोपहर बाद चार बजे के लगभग तेज आंधी पानी के साथ बरसात हुई। जिससे लोगो को गर्मी से राहत मिली। कृषि कार्य में भूसा बनाने का कार्य प्रभावित हुआ है।

गर्मी की फसल में मूंग की फसल में फायदा हुआ है: रविवार के शाम को मौसम ने फिर अचानक पलटी मारी और तेज हवाओं के साथ आसमान में छाए काले घने बादल जमकर बरसे। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। रविवार को सुबह से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। शाम मौसम में अचानक पलटी मारी और तेज हवाओं के साथ आए काले घने बदरा जमकर बरसे। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा, विदोखर पुरई, बण्डा, विदोखर मेंदनी, मवई जार आदि गांवों में बदरा झूमकर बरसे इससे किसान खुश नजर आया। किसानों ने कहा कि इस बारिश से गर्मी की जुताई में काफी मदद मिलेगी।

जीनस कंपनी के मालिक को विद्युत विभाग के एसई ने लिखा कड़ा पत्र

▸ सर्किल मैनेजर की शिकायत दर्ज करायी

हमीरपुर। बिजली स्मार्टमीटर का ठेका लिये जीनस कंपनी से तंग आकर विभाग के अधीक्षण अभियंता ने हाईकमान को पत्र लिखकर यहा के सर्किल मैनेजर व अन्य कर्मियो द्वारा काम न करने की शिकायत की है। कहा है कि स्मार्ट मीटर ठीक न होने से उपभोक्ताओं को न केवल परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि विभाग का राजस्व का नुकसान हो रहा है। जानकारी के मुताबिक केवल हमीरपुर नगर में बारह सौ स्मार्ट मीटरों की बिलिंग नहीं हो पा रही जिससे विभाग का राजस्व लगातार घटता जा रहा है यही नही उपभोक्ता इस मामले में लगातार शिकायते दर्ज करवा रहा है मगर कोई सुनने वाला नही है जिले में कंपनी की तरफ से तैनात पंकज कुमार कभी भी उच्चाधिकारियों की बात नही मानता है जिससे समस्या घटने के बजाय बढती जा रही है। इस मामले की जानकारी लखनऊ व आगरा के उच्चाधिकारियों को भी है मगर कोई कार्यवाही नही कर रहा है विभाग के अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने कंपनी के सर्वे सर्वा को लेटर लिखकर कहा है कि कार्यकर्ताओ के काम करने के लिये कहा जाये ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न होजिन उपभोक्ताओं ने शिकायते दर्ज करायी है उनका निस्तारण किया जाये। इस प्रकार की लापरवाही दोबारा नही होना चाहिये हालाकि इस चेताावनी का कोई असर नही हुआ है लोगो के स्मार्ट मीटरों को देखने कोई नही गया है न ही किसी को जाना है।

हाइवे पर भिड़े दो डंपर, चालक और खलासी घायल

सुमेरपुर, हमीरपुर। रविवार को नेशनल हाईवे में इंगोहटा गांव के समीप दो डंफरों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दोनों के चालक और खलासी घायल हो गए। एक डंपर चालक के फंसे होने पर डायल 112 के सिपाही विकास मिश्रा ने जान जोखिम में डालकर चालक को निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा पहुंचाया। रविवार को दोपहर बाद इंगोहटा के समीप दो डंफरों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जोरदार टक्कर में एक डंपर का चालक केबिन में ही फस गया डायल 112 के सिपाही विकास मिश्रा ने जान जोखिम में डालकर चालक को निकालकर एम्बुलेंस

की मदद से इलाज के लिए सीएचसी मौदहा पहुंचाया। इस घटना में दोनों डंफरों के चालक और खलासी घायल हुए हैं।

अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों जैसे यादगार गीतों की बेमिसाल सौगात रहे कैफी आजमी

उरई (जालौन)। प्रगतिवादी उर्दू साहित्य एवं फिल्मी जगत में अपने अनेकों यादगार गीतों से अतुलनीय योगदान देने वाले उर्दू के प्रसिद्ध प्रगतिवादी शायर और गीतकार कैफी आजमी को उनकी पुण्यतिथि पर जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान शिक्षा सृजन में इप्टा रंग कर्मियों और प्रशंसकों ने स्मृति दिवस के तौर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया। स्मृति दिवस समारोह का शुभारंभ इपटा गीत बजा नगाड़ा शांति का रंगकर्मी संजीव गुप्ता दीपेंद्र सिंह डॉ. धर्मेंद्र वर्मा प्रदीप कुमार ने पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रस्तुत कर लोगों को रोमांचित कर दिया। इप्टा अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला ने कैसी आजमी के साहित्यिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी शख्सियत थे लोकप्रिय उर्दू शायर गीतकार और अभिनेता के तौर पर उन्होंने जो कुछ भी समाज को दिया वह आज भी उन्हें लोगों के दिलों में बनाए हैं।

छह घंटे तक जाम में फंसा रहा कस्बा सुमेरपुर अफता तफरी का माहौल

सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

शनिवार शाम करीब 6 बजे कस्बे के बीचोबीच स्थित थाने के सामने एक डंपर के अचानक खराब हो जाने से नेशनल हाईवे-34 पर भीषण जाम लग गया। देखते ही देखते जाम ने बांदा मार्ग को भी अपनी चपेट में ले लियाए जिससे बारातों के वाहनए एंबुलेंस और यात्री बसें जाम में फंस गईं। जाम की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष अनूप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और यातायात बहाल कराने की कोशिशों में जुट गए। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद रात 8 बजे से वाहनों की धीमी आवाजाही शुरू हो सकी। इसी बीच मौदहा की ओर जा रहे एक कार सवार युवक ने आगे निकलने की कोशिश में थानाध्यक्ष से बहस कर ली। थानाध्यक्ष द्वारा रोके जाने पर युवक बेहद आक्रोश में आ गया तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को हिरासत में लिया और शराब पीने की आशंका पर उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया। बाद में युवक की पत्नी के साथ मौजूदगी को देखते हुए उसे रिहा कर दिया गया। युवक की पहचान कुनेहटा गांव निवासी के रूप में हुई है। करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रात 12 बजे हाईवे व बांदा मार्ग पर यातायात पूरी तरह सामान्य हो सका।

कॉम्पिटेंट एनर्जी का चर्चित सुपरवाइजर कर रहा विद्युत का चोरी से उपभोग

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

विद्युत विभाग में आम उपभोक्ताओं की चोरी पकड़ने में और उनका शोषण करने में माहिर हो चुका है। लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी खुद विद्युत का चोरी से उपभोग करने में पीछे नहीं है रहे विद्युत विभाग में उपभोक्ताओं के बिल बनाने के लिए बिलिंग एजेंसी कंपिटेंट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को जिम्मेदारी प्रदान की गई थी। इसके बाद उक्त कंपनी के द्वारा तहसील स्तर पर सुपरवाइजर बनाए गए जिनके नीचे मीटर रीडर बिलिंग का कार्य करते हैं लेकिन दूसरों के घरों में बिल बनाने वाली खुद के घरों में विद्युत का चोरी से उपभोग करते देखे जा रहे हैं। यह तब स्थिति है जब अधीक्षण अभियंता का साफ तौर पर कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारी से लेकर कर्मचारियों के घरों में मीटर लगाये जायेंगे और जितना वह विद्युत का उपभोग करेंगे उतना बिल उन्हें जमा करना होगा। फिर यहां तो प्राइवेट कंपनी के चर्चित सुपर वाइजर ही चोरी से विद्युत का उपभोग करने में लगे हुये हैं। इस बात की चर्चा विद्युत महकमे में भी अनेकों कर्मियों के मुंह से सुनी गयी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी की मानें तो बिलिंग एजेंसी के द्वारा बतौर चर्चित सुपरवाइजर जिसका घर राजेंद्र नगर में वन विभाग के पीछ बताया जाता है जो विद्युत का चोरी से उपभोग कर रहा है। 11 मार्च 2025 को ली गई गूगल लोकेशन की तस्वीर इस बात को बयां करती है जिसमें सीधे विद्युत पोल से तार उसके घर में डाला हुआ है और कोई भी मीटर नहीं लगा जब इनका यह आलम है और दूसरों का क्या होगा खुद के घर में विद्युत चोरी करने वाला यह सुपर वाइजर तहसील में प्रति महीने के हिसाब से मीटर रीडर से वसूली करता है जिसके स्क्रीनशॉट भी कार्यालय में सुरक्षित किए गए हैं और जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की जा चुकी है अगर देखा जाए तो इस समय विद्युत विभाग का दलाल अपने खास पन्टरों को बचाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है लेकिन कंपिटेंट प्राइवेट लिमिटेड के सर्किल इंचार्ज अमित ठाकुर को इस बात को समझना चाहिए कि जब सुपरवाइजर ही अपने घर विद्युत चोरी करेंगे और राजस्व को नुकसान पहुंचाएंगे तो कैसे आम उपभोक्ताओं का बिल सही निकल रहा होगा अगर विद्युत विभाग के ईमानदार उपखंड अधिकारी उरई, अधिशासी अभियंता या अवर अभियंता खबर पढ़ने के बाद गूगल लोकेशन में लिखी हुई लोकेशन पर छापा मार दें तो यह स्पष्ट हो जाएगा की सुपर वाइजर अपने घर में कैसे बिजली जला रहा है।

क्या इस खेल में शामिल सर्किल इंचार्ज

कंपिटेंट प्राइवेट लिमिटेड के सर्किल इंचार्ज अमित ठाकुर को अपनी जिम्मेदारी निभाने की फुर्सत नहीं मिलती है तभी कंबटेंट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों ने अपने आंख नाक कान सब बंद कर लिए है। कंपनी के सुपरवाइजर ने उपभोक्ताओं के बिलों को तो छोड़ों अपने घरों में भी विद्युत चोरी करना शुरू कर दी। इस बात को समझना चाहिए कि जब सुपरवाइजर ही अपने घर विद्युत चोरी करेंगे और राजस्व को नुकसान पहुंचाएंगे तो आप उपभोक्ताओं को तो बढ़ावा मिलेगा।

नाबालिग के साथ मारपीट एवं यौन उत्पीड़न करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी, दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित की गयी टीम उनि सुजीत कुमार जायसवाल, हेका अनिल कुमार, कां. नीतेश कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना श्रीनगर में पंजीकृत किये गये मुअसं. 102/25 धारा 74/115(2)/351(2)

बीएनएस व 8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 1 वांछित अभियुक्त नीरज साहू पुत्र स्व. मूलचन्द्र साहू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मोहल्ला भैरवगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को मोहल्ला भैरवगंज कस्बा व थाना श्रीनगर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है ।

रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ शस्त्रों की साफ-सफाई का आयोजन

महोबा। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, राजेश एस. के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन महोबा स्थित क्वार्टर गार्द में शस्त्रों की साफ-सफाई का कार्य संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अनुशासित रूप से अपने-अपने शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई की गई। इस प्रक्रिया का उद्देश्य शस्त्रों की क्रियाशीलता को बनाए रखना तथा किसी भी आपात स्थिति में उनकी तत्परता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार द्वारा समस्त शस्त्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 178 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

जनपद के विकासखंड जैतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर क्षेत्र के अकौना, अजनर और खमा में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में कुल 178 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां व परामर्श प्रदान किया गया। अकौना में फार्मासिस्ट अविनाश कुमार वर्मा के नेतृत्व में 50 मरीजों की जांच की गई। खमा में डॉ. पी. एन. शर्मा, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, फार्मासिस्ट जे. पी. पस्तोर, स्टाफ नर्स किरण यादव और प्रेमनारायण की टीम ने 72 मरीजों का उपचार किया। इस दौरान डॉ. पी. एन. शर्मा ने कुपोषण के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों और अभिभावकों को अधिक हरी सब्जियाँ व फल खाने की सलाह दी। अजनर में डॉ. वैशाली सोनी की टीम ने 56 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर डॉ. आशुतोष सोनी, भगवती, शैलेन्द्र सिंह और अरुण भी मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ. आशीष तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मेले में लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयां व परामर्श की सुविधा दी जाती है। हमारी स्वास्थ्य टीम ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं दीं। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। मेले के माध्यम से दर्जनों ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञों से परामर्श और उपचार प्राप्त किया।

जन सहयोग से बनाई गई पुलिस चौकी का एसपी ने किया उद्घाटन

बेलहरा, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा में नये स्थान पर जनसहयोग से बनाई गई नवनिर्मित पुलिस चौकी का रविवार दोपहर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उद्घाटन किया गया। एसपी ने नए भवन, बैरक, रसोई घर और कार्यालय का निरीक्षण किया और संबंधित से आवश्यक जानकारी हासिल की। तत्पश्चात चौकी परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। एसपी ने नए चौकी भवन को निर्माण कराने में अहम भूमिका निभाने वाले चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल की सराहना की तथा चौकी निर्माण में सहयोग करने वालों को भी धन्यवाद दिया। एसपी ने बताया कि इस चौकी के निर्माण से न सिर्फ यहां तैनात पुलिस कर्मियो को सुविधाएं मिलेगी बल्कि आने वाले फरियादियों के लिए भी अच्छी सुविधा के साथ अपराधों में भी कमी आएगी। इस दौरान एसपी ने चौकी इंचार्ज और थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि आने वाले फरियादियों को सम्मान दें और छोटे-छोटे मामलो का चौकी स्तर पर ही निस्तारण का प्रयास करें। इस अवसर पर एएसपी (दक्षिणी) डॉ अखिलेश नारायण सिंह, एएसपी (उत्तरी) विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगत राम कनौजिया, मोहम्मदपुर खाला थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला, फतेहपुर इंस्पेक्टर डीके सिंह, कुर्सी इंस्पेक्टर अनिल सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवारयुवक की मौत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। दरियाबाद से सफदरगंज मार्ग पर औलिया लालपुर प्लांट के पास एक सड़क हादसे में बाइकसवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के सरांय रज्जन गांव निवासी रवि शंकर के रूप में हुई है। रविवार को युवक अपनी बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, चार पहिया वाहन चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। सूचना मिलते ही सफदरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत सोनकर, रामजीवन अवधेश और सफदरगंज थाना पुलिस मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

बजरंगियों को कराई गई त्रिशूल दीक्षा

हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में हैदरगढ़ में आज विजय हनुमान मंदिर में बजरंगियों की त्रिशूल दीक्षा कराई गई। त्रिशूल दीक्षा के पूर्व बजरंग दल के जिला संयोजक विनय सिंह राजपूत ने त्रिशूल के महत्व पर प्रकाश डाला और इसका उपयोग धर्म व समाज की रक्षा के लिए करने का आह्वान किया।

विहिप जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मुन्ना ने दीक्षार्थियों को संकल्पित कराया कि अपने पवित्र हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति तथा हिंदू समाज का संरक्षण और संवर्धन करूंगा। उन्होंने आए हुए भाइयों व बहनों को भारत माता के आन बान शान की रक्षा के लिए त्रिशूल धारण कराया।

इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह, जिला गौ रक्षा प्रमुख रणधीर सिंह, प्रखंड संयोजक अभिषेक गुप्ता, शिवम शुक्ल, लक्ष्मी नारायण साहू, विज्ञान मिश्रा, सोमिल शुक्ला, अमन प्रताप सिंह, सत्यम मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

तमंचों के बल पर लूटपाट करने वाले अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज

हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। तमंचो के बल पर दो भाइयों से लूटपाट करने वाले अज्ञात बदमाशों के खिलाफ सुबेहा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि शुक्रवार की रात बारात से घर वापस लौट रहे थाना क्षेत्र के निंदूरी गांव निवासी रामसनेही व इनके बड़े भाई हीरालाल के साथ दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने साहापुर गांव के नजदीक माइनर पुलिया पर तमंचे के बल पर पांच हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया था। घटना के समय पुलिया पर आधा दर्जन अतिरिक्त बदमाश मुंह मे कपडा बांधकर बैठे हुए थे। लेकिन सगे भाइयों के साथ दो बदमाश ही वारदात मे शामिल रहे। घर पहुंचने के बाद राम सनेही ने 112 डायल पुलिस को सूचना दी थी । जिसके थोडी देर बाद ही 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। लेकिन तब तक बदमाश रफूचक्कर हो चुके थे। 112 पुलिस रामसनेही को सुबह थाने पर आने का आदेश देकर वापस लौट गई थी। सुबेहा पुलिस ने रामसनेही से तहरीर लेकर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है।

अवैध पेड़ों का कटान, परिवहन को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

कालपी (जालौन)। उपवन संरक्षक के निर्देशन के अनुरूप कालपी के वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में विभागीय वन दरोगाओं तथा कर्मचारियों द्वारा पेड़ों की अवैध कटान एवं परिवहन के खिलाफअभियान चलाकर चेकिंग की गयी। वन क्षेत्राधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वन क्षेत्र के वृक्षों की सुरक्षा तथा, अवैध कटान एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। इसी क्रम में वन क्षेत्राधिकारी कालपी के द्वारा मुख्य हाईवे एवं विभिन्न सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों में वन दरोगाओं तथा वंरक्षकों के द्वारा संदिग्ध वाहनों तथा गाड़ियों की चेकिंग की गई है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक वन हनुमत सिंह, वन दरोगा मन्ना सिंह तथा वनरक्षक हरि ओम के द्वारा एक ट्रक की तलाशी में अवैध लकड़ी बरामद की गयी। जिसमें वाहन चालक से 50 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार आटा-इटौरा निर्माणाधीन मार्ग के किनारे अवैध वृक्षों की कटान के रूप में संबंधित लोगों से सवा चार लाख रुपए शमन शुल्क के रूप में वसूली की जा चुकी है।

शादी समारोह में रंगबाजी को लेकर खाना खा रहे युवक से मारपीट

जालौन (उरई)। शादी समारोह में रंगबाजी को लेकर हुए विवाद में एक महिला समेत चार लोगों ने घर के बाहर खाना खा रहे युवक और उसके मित्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें दोनों को चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी सूर्यांश सोनी ने पुलिस को बताया कि उसके घर बड़े भाई की शादी का आयोजन चल रहा था। घर में शादी की खुशियों का माहौल था। लेकिन शनिवार की देर शाम अचानक अफरा-तफरी मच गई जब वहां मोहल्ले के ही रिषभ, आवास विकास कॉलोनी निवासी सागर, हिरदेशाह निवासी प्रियांक और उनके साथ आई महिला संध्या घर के बाहर पहुंचकर हंगामा करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चारों ने मिलकर घर के बाहर लगे खाने के स्टॉल के पास रखे पानी के कंटेनरों को लात मारकर गिरा दिया। जब उन्होंनने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो वे अभ्रदता करने लगे। मना किया तो चारों ने मिलकर उस पर और उसके मित्र ध्रुव पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान दोनों को चोटें आईं। शोर सुनकर जब घर के अन्य लोग ने बीच-बचाव करना चाहा, तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

वाहन चेकिंग में 90 क्वॉर्टर देशी शराब के बरामद

कोटरा (जालौन)। कोटरा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बेतवा नदी पुल के पहले एक पिकअप से दो पेटी शराब देशी ठेका के प्रमोद सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम देवरी थाना ककरबई जिला झांसी से बरामद की गई। पकड़ी गयी पिकअप को कब्जे पुलिस में लेकर थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराकर अभियुक्त प्रमोद सिंह के विरुद्ध आवश्यक विधि कार्रवाई की गई दो पेटी शराब में 90 क्वार्टर शराब के बरामद किये। यह कार्यवाही गोकुल सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक व उनके हमराही पुलिस बल मृगेंद्र सिंह, हाकिम सिंह, मोहन सिंह के साथ की गई।

बांके बिहारी मंदिर में 140वां सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ

जालौन (उरई)। नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के तत्वावधान पुरानी हाट स्थित मदन मोहन बांके बिहारी मंदिर में 140वां सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत राजेंद्रदास गोस्वामी द्वारा हनुमानजी का पूजन अर्चन व दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ किया गया। अंत में हनुमानजी व भगवान श्रीराम की स्तुति, आरती, पुष्पांजलि व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा, वाचस्पति मिश्रा, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, इंद्रजीत सिंह गुर्जर, निक्कू, मिथलेश मिश्रा, सत्यनारायण मिश्रा, शशिकांत वर्मा, सुशील कुमार बाजपेयी, पंकज गर्ग, प्रतीककांत चंसौलिया, राहुल यादव, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, पप्पू पाटकार, संतोष सोनी आदि मौजूद रहे।

व्यास मंदिर रोड पर दुर्घटनाओं को रोकने की मंशा से लोहिया बैरीकेटिंग हो रही

कालपी (जालौन)। सार्वजनिक निर्माण विभाग ने व्यास मंदिर रोड पर दुर्घटनाओं को रोकने का प्रबंध शुरू किया है। विभाग द्वारा अंधी मोडो पर लोहिया बेरीकेटिंग की जा रही है। मालूम हो कि नगर पालिका से पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र मंगरौल जाने वाला रोड बेहद महत्व हो गया है और यह रोड मदारीपुर रोड को भी जोड़ता है जिससे दिनरात वाहनों की आवाजाही रहती है इसके साथ ही इस रोड पर महाभारत जैसा ग्रंथ लिखने वाले महिर्ष वेद व्यास का जन्म स्थान भी माना जाता है और उनका मंदिर भी स्थित है और इन्हीं खासियत के चलते विभाग ने इसको चौड़ा भी बना दिया है लेकिन नगर सीमा स्थित डूडा कालोनी से बड़ा स्थान तक सड़क में घुमाव आधिक है जिसके चलते वाहन आये दिन सड़क के नीचे पहुंच जाते हैं हालांकि विभाग ने इस समस्या को संज्ञान में लेकर कालिया स्थान से बड़ा स्थान तक सड़क पर लोहे की बेरीकेटिंग करना शुरू की है जिससे वाहन अब सड़क के नीचे नहीं जा सकेंगे। पीडब्लूडी के अवर अभियंता ब्रजेन्द्र शंखवार के अनुसार के अनुसार बढ़ती दुर्घटनाओं के चलते दोनों तरफलोहे के ऐंगल लगाए गये हैं। कीरतपुर प्रधान पवनदीप निषाद व देवकली प्रधान बाल सिंह, शेखपुर गुढ़ा प्रधान रामबाबू निषाद आदि क्षेत्रीय लोगों ने विभाग की सराहना की है और कहा है कि इससे दुर्घटनाओं मे कमी आएगी।

नाले का पानी खेत में निकालने को लेकर हुई मारपीट

जालौन (उरई)। नाले का पानी खेत में निकालने को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने मिलकर युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी दीपक ने पुलिस को बताया कि उनके खेत में आशीष व अभिषेक नाले का पानी निकाल रहे थे। गंदा पानी खेत में निकालने से खेत में नुकसान होने की आशंका को देखते हुए जब उसने उन्हें खेत में नाले का पानी डालने से रोका तो वह अभद्रता करने लगे। मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्यार में असफल युवक ने फांसी लगाकर दी जान

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

प्यार मे असफलता मिलने से क्षुब्ध एक 20 वर्षीय युवक ने रविवार की भोर लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दादरा गांव के निकट कब्रिस्तान की झाड़ियों मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा के निकट हाइवे के किनारे स्थित कब्रिस्तान मे फांसी के फंदे से लटके युवक के शव को देखकर ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने फारसेंसिक साक्ष्य के नमूने एकत्रित करते हुए शव को उतरवा कर जमा तलासी ली तो मृतक के पास मोबाइल फोन व आधार कार्ड बरामद हुआ जिसके आधार पर मृतक की शिनाख्त हर्ष रावत पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम मँझपुरवा मजरे बंभौरा थाना जैदपुर के रूप मे हुई पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार को घर से गायब हुआ था हर्ष रविवार की सुबह 5 बजे माँ को किया था फोन: मृतक हर्ष रावत का प्रेम प्रसंग जैदपुर थाना क्षेत्र के ही ग्राम परसौला की एक युवती से चलता था परिजनों के मुताबिक शनिवार को हर्ष उस युवती के साथ लापता हो गया था और रात्रि मे ही युवती के परिजनों ने दोनों को बरामद कर युवती को अपने साथ लेकर चले गये और हर्ष को दुबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी थी जो बाते फांसी लगाने से पहले मृतक ने अपनी मां को फोन लगाकर कहा था कि अब हम जिंदा नही रहेंगे और फांसी लगा लेंगे जिसके बाद हर्ष के परिजन तलाश ही कर रहे थे कि पुलिस ने बताया कि हर्ष ने ग्राम दादरा के निकट फांसी लगा ली है। जानकारी होते ही परिजनों में हाहाकार मच गया।

गीत लोरी के... 'मां'

वो मां है जो हमें गोद में खिलाती थी,
गीत लोरी के सुनाती थी,
जब भी जिद करते थे चंदा मामा की,
बिठाकर कंधे पर हवा हाथ से पकड़वाती थी,
मां की क्या हिम्मत वह कुछ खा ले,
मुझसे छुपा कर कुछ पा ले,
छीन लेता था मुंह का कौर,
फिर भी रहता था सिरमौर,
जब भी घर से बाहर जाता ,
वह बाहर खड़ी भीगी आंखों से देखती,
जब मैं वापस आता,
घर से बाहर दौड़ कर, मुस्कुरा कर
जी भर के आंखें सेकती,
वही मां चलने फिरने में लाचार,
ना कोई गीत ना कोई मनुहार,
केवल आह बेटा, अरे राम, हे भगवान,
घर का हर व्यक्ति यही सोचता,
ना जाने कब आएगा इनका फरमान,
जिन्होंने बनवाया था,
दो मंजिला आलीशान मकान
घर के एक कोने में था,
छोटा सा स्नानागार,
निश्चित कर दिया है मां की सुविधाओं के लिए,
बिजली नहीं है रख दिए हैं दो दिए,
बेचारी असहाय है लेटी रहती है एक टूटे खाट पर,
कोई आए देखे लग जाए बट्टा ठाठ पर,
जाने से पहले कहा था-
बेटा मैं जा रही हूं,
कभी तुम्हें और तुम्हारे बच्चों को ना करूंगी परेशान,
ना होंगे वह हैरान,
बेटा मैं जा रही हूं,
मेरा आशीर्वाद आज भी है ,कल भी रहेगा,
मैं रहूं ना रहूं वही करूंगी जो तू कहेगा।

सौम्या श्रीवास्तव
9696827660

सड़क हादसों में आरोपी वाहन चालकों पर मुकदमा दर्ज

जालौन (उरई)। अलग अलग मामलों में सड़क हादसों में कोतवाली पुलिस ने आरोपी वाहन व उनके चालकों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के सिहारी पड़ैया निवासी रविकांत ने पुलिस को बताया कि वह व उनकी बेटी जालौन से अपने गांव सिहारी पड़ैया जा रहे थे। तभी रास्ते में कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में वह उनकी बेटी दोनों घायल हो गए साथ ही बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। धर्मेंद्र कुमार निवासी ग्राम धरमपुर थाना मंगलपुर जिला कानपुर देहात ने पुलिस को बताया कि वह व उनके साथी पुष्पेंद्र जालौन की ओर आ रहे थे। तभी जगनेवा पुल के पास पिकअप चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें वह व उनके साथी दोनों घायल हो गए। उधर, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 188 धनौरा के पास आठ मई की सुबह सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी थी। जिसमें लोकेंद्र निवासी परसौरा थाना गरौठा, रिशू निवासी नगेपुरा थाना कोंच व केशविंद निवासी कटेरा जिला झांसी की मौत हो गई थी। इसमें सिविल लाइंस झांसी निवासी प्रमोद पुरी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रक व उसके अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत

हमीरपुर जोहलूपुर हाइवे में हुआ दर्दनाक हादसा, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कदौरा (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

जोल्हुपर-हमीरपुर हाइवे पर थाना क्षेत्र के सुजानपुर के पास रविवार सुबह जोहलुपुर की तरफसे आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सुबह टहलने निकले युवकों ने पुलिस को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जोल्हुपर-हमीरपुर हाइवे पर सुजानपुर के पास एक शादी समारोह से कानपुर से लौट रहे चतेला निवासी सत्यम सिंह (25) शनिवार को एक शादी समारोह में सम्मलित होने के लिए कानपुर अपनी बाइक से गया था। रविवार सुबह करीब 5 बजे जैसे ही सुजानपुर के नजदीक पहुंचा तो पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर गिर गया। और युवक को रौंदता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह टहलने निकले युवकों ने सड़क पर पड़े युवक को देखा तो उन्होंने तुरन्त पुलिस को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए शव की शिनाख्त करवाई और शव तथा बाइक को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया। मृतक एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर था। और वह अपने दोस्त की शादी में कानपुर आया था। वहां से अपने घर चतेला आ रहा था और रास्ते मे दुर्घटना हो गई। मृतक के पिता शिवनायक चतेला में पोस्टमास्टर के पद पर तैनात है। मृतक तीन भाई और एक बहन थे। बहन की शादी हो चुकी है। बड़े भाई शिवम और छोटे भाई सुंदरम तथा मां सुमन देवी का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है उसे जल्द पकड़ा जाएगा।

बकरियां चोरी की घटना का 24 घंटे में किया खुलासा, दो चोर तमंचा सहित गिरफ्तार

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

एसओजी एवं थाना एट पुलिस की संयुक्त टीम ने बकरी चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना से संबंधित 2 अन्तर्रजनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एसओजी एवं थाना एट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बकरी चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना से सम्बन्धित 2 अन्तर्रजनपदीय अभियुक्तों को चोरी की 7 अदद बकरियों तथा घटना में प्रयुक्त 1 अदद पिकअप एवं अवैध असलाह कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार कल 10 मई को वादी द्वारा अपने घर के बाहर बंधी 7 बकरियां अज्ञात चोरों द्वारा पिकअप में भरकर चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना एट में मुकदमा अपराध संख्या 72/25 धारा 303(2) बीएनएस एवं कोतवाली कोंच में अन्य वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 109/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। 11 मई को एसओजी एवं थाना एट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 2 अभियुक्त अरमान कुरैशी पुत्र असगर उम्र करीब 22 वर्ष निवासी तालपुरा थाना कोतवाली जनपद झांसी, सुनील चौधरी पुत्र स्व. शिवदयाल उम्र करीब 28 वर्ष निवासी नारायन वाग चौराहा के पास थाना नवावाद जनपद झाँसी को कोटरा मोड़ अंडर पास कस्वा व थाना एट जिला जालौन के पास से गिरफ्तार कर चोरी के 7 बकरे, बकरियों की बरामदगी की गयी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के कुछ बकरे बकरियां बेच कर प्राप्त धन 8 हजार रुपये नगद, एक अदद तमंचा व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर एवं एक अदद तमंचा व दो अदद कारतूस 12 बोर बरामद किए गए हैं।

मातृ दिवस पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ विशेष कार्यक्रम

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

आज पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास पर मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव (डीटीसी, सीबीएसई) ने विद्यार्थियों को मातृ सम्मान और संस्कारों के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें नृत्य, गीत और कविताओं के माध्यम से माताओं के प्रति प्रेम और आदर व्यक्त किया गया। डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मां न केवल परिवार की आधारशिला होती है, बल्कि वह बच्चों के चरित्र निर्माण की पहली गुरु भी होती है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी माता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करें और उनके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित माँ को समर्पित कार्ड प्रदर्शनी के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थितजनों को भावुक कर दिया।

नारायन कॉलेज में मनाया गया मदर्स डे एवं वर्ल्ड टेक्नॉलोजी डे

मां शब्द में एक जीवन है: डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल ऑडीटोरियम में 'मदर्स डे' एवं 'वर्ल्ड टेक्नॉलोजी डे' के अवसर पर विभिन्न एक्टिविटीज में छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा नर्सरी से 5 तक के नन्हे मुन्ने छात्र/छात्राओं ने अपनी माताओं के साथ स्टेज पर विभिन्न नृत्य मुद्राओं के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। 'वर्ल्ड टेक्नॉलोजी डे' के उपलक्ष्य में कक्षा-6 से कक्षा-10 तक आधुनिक 3 डी मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूनम शर्मा तथा विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने माँ सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर की।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि माँ के असीम प्रेम और स्नेह को मात्र एक दिन में सारांशित नहीं किया जा सकता किन्तु विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां पर 'मदर्स डे' के कार्यक्रम के माध्यम से छात्र/छात्राओं को माँ के असीम प्रेम व स्नेह का बोध कराया जाता है। माँ तो हर रोज किसी न किसी तरह से अपना प्यार दिखा देती है लेकिन 'मदर्स डे' वह खास दिन होता है, जब बच्चे माँ के प्रति अपने प्यार को महसूस कराने के लिए उनके लिए कुछ खास करते हैं। ऐसे में 'मदर्स डे' पर माँ को तोहफा देना हो या उनके लिए कोई सरप्राइज प्लान करना हो, साथ में डिनर पर जाना हो या पार्टी करनी हो, 'मदर्स डे' पर यह सब करके वह मां को स्पेशल फील कराते हैं। पूनम शर्मा ने कहा कि यह दिन बच्चों को माँ के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का दिन है। मां वह आदिशक्ति है जिसने हम सभी का इस धरती पर सृजन किया है। अतः मां का सम्मान सर्वोपरि है। इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा-4 की यशिका ने प्रथम स्थान, कक्षा-यू.के.जी. के निकित एवं कक्षा-1 की प्रिशा ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा-4 की परिधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही कक्षा-4 की खुशी पाल ने सान्तवना पुरस्कार किया। 'वर्ल्ड टेक्नॉलोजी डे' के उपलक्ष्य में आधुनिक 3डी मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में गौरवी, काव्या एवं शिवांगी का मॉडल ग्रीन स्किल को प्रथम स्थान, रतनेश एवं अनमोल के डांसिंग रोबोट को द्वितीय स्थान तथा राधव का एल.पी.जी. डिटेक्टर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सी.सी.ए. इंचार्ज प्रियल अग्रवाल, ऋतु कनौजिया, संदीप यादव, टोनी साइमन तथा ए.टी.एल. लैब इंचार्ज नवीन कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

आशा बहू हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

बेटी के प्रेमी और दोस्तों ने की थी आशा बहू की हत्या

▸ मैनपुरी के बेवर क्षेत्र में नहर के किनारे बरामद हुआ था शव

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

बीते दिनों पुलिस ने मैनपुरी के बेवर क्षेत्र में नहर के किनारे एक शव बरामद किया था। शव की पहचान आशा बहू के रूप में की गई थी।

सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दरियाय निवासी 50 वर्षीय महिला राजश्री उर्फ रजनी की थाना क्षेत्र बेवर मैनपुरी में हुई हत्या की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक विष्णु कान्त तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान मो0 परवेज उर्फ अन्नू पुत्र मुन्ने खाँ निवासी किसई जगदीशपुर चौकी नादेमऊ- सौरिख, सुरजीत सिंह वैश्य उर्फ विजय सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम सहरोई- सौरिख, ड्राइवर रामजानी उर्फ दिलजानी पुत्र फिरोज खाँ निवासी सरदारपुर- सौरिख को साक्ष्य के आधार पर घटना में संलिप्त पाये जाने पर तरीन्द मोड बिधूना रोड़ से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से मृतिका से लिया गया एक अदद अंगूठी पीली धातु, एक अदद नाक की लौंग, एक जोड़ी कान की बाली पीली धातु व 7250 रुपये नगद बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्तगणो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। करीब एक हफ्ते पहले मृतका आशा बहु के बेटे ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बेटे ने शक जताया था। कि उसकी मां का अपहरण या फिर हत्या की जा सकती है। मृतका के बेटे के अनुसार, उसका शक गांव के ही युवक परवेज और उसके दोस्तों पर था। आशा बहु के परिवार के मुताबिक मृतका की बेटी का परवेज के साथ प्रेम संबंध था। जो हत्या की वजह बन गया।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक महिला के बेटे अभिषेक ने दो लोगों पर संदेह जाहिर किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवेचना के आधार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूरी घटना को स्वीकार किया है। कहा कि हत्या को लेकर सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

घटना का खुलासा करते एसपी व हिरासत में आरोपित

दुर्घटना में दो महिलाओं व बच्चे की मौत, रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। शादी समारोह से घर वापस जा रहे कार सवार लोगों को अज्ञात वाहन ने तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे कार में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद के ग्राम नगला अनूप निवासी रतेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 21 अप्रैल 2025 की सुबह लगभग 04 बजे उसका चचेरा भाई सुशील कुमार कार से घर लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने हाईवे पर कार में जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे कार में सवार नेहा पत्नी सुशील कुमार, रानी पत्नी यशपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं 11 वर्षीय सनी यादव की इलाज के दौरान 24 अप्रैल को मौत हो गई थी। कार में सवार गुड़िया, सिया, श्रेया का इलाज अभी भी जारी है। वही घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मां ही होती है बच्चे की प्रथम पाठशाला व शिक्षक

▸ ''मदर्स डे'' पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

गुरसहायगंज, कन्नौज। एक बच्चे के लिए मां उसकी पहली गुरू, दोस्त और सखी होती है। जब भी हमें चोट या दर्द होता है। तो हमारे मुंह से सबसे पहला शब्द मां ही निकलता है। हर बच्चे के लिए वो अपने दिल में बराबर का प्यार रखती है। यह बात ''मदर्स डे'' पर जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही।

रविवार को विद्यालय में ''मदर्स डे'' बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों के द्वारा मदर्स डे पर बनाये गये ग्रीटिंग व कार्ड आकर्षण का केन्द्र रहे। इसके अलावा बच्चों ने तू कितनी अच्छी हैं, तू कितनी भोली हैं, तो वहीं तेरी उंगली पकड़ के चलना जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर मौजूद माताओं व शिक्षकों का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि आज हम विद्यालय प्रांगण में ''मदर्स डे'' मना रहे हैं। इस कार्यक्रम में केवल माताओं को भेंट करने का उद्देश्य यही है कि उन्हें वह सम्मान देना जिसकी वह पूर्णरूप से हकदार हैं। बच्चे के लिए मां उसकी पहलीं शिक्षका होती है। मां के बिना सृष्टि की रचना अकल्पनीय है। मां का प्यार ऐसा गहरा सागर है जिसकी कोई माप नहीं है। पिता की काम-काज में व्यस्तता के कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई के प्रति माताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ईश्वर को देख पाना मुमकिन नहीं, लेकिन धरती पर हर शख्स की माँ होती है। माँ वो शब्द है, जिसमें शायद पूरी दुनिया का प्यार और स्नेह छिपा हुआ है। हम चाहे जितने भी बड़े हो जाएँ, लेकिन अपनी माँ के लिए हम बच्चे ही रहते हैं। माँ अपने आप में संपूर्ण सृष्टि है। माँ की इसी भूमिका और योगदान को नमन करने के लिए इस खास दिन को उन्हें समर्पित है। इस मौके पर शिक्षक सरनाम सिंह, वीरेन्द्र सिंह, विकास कुमार, मनीष कुमार शर्मा, ओमेन्द्र सिंह, राशिद खान, दुर्गेश दुबे, कमल कुमार, रंजीत कुमार, संदीप कुमार, अमन यादव, फूल मोहम्मद, श्रीमती आरती राजपूत, अल्का दुबे, सीमा राजपूत, नाजरीन बानो, संध्या यादव, स्वाती अवस्थी, संजू यादव, मुस्कान इदरीसी, प्रतिभा, वैष्णवी पाल, प्रेमा राजपूत, सौम्या, श्रुति, रागिनी, दीपिका तिवारी, अंकिता शर्मा, मनाली वर्मा आदि मौजूद रहे।

संगीत पर अभिनय करते छात्र-छात्राएं

खबरें एक नजर में

नगदी लेकर किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। पड़ोस का युवक किशोरी को बहला फुसलाकर भाग ले गया। जिसकी जानकारी होने पर किशोरी की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी पीड़ित महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 07 मई 2025 की रात लगभग 02 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री को पड़ोसी रिंकू पुत्र लालाराम बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। इस दौरान उसकी पुत्री घर में रखिए 90000 रुपये की नगदी भी साथ में ले गई। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। तरबूज के खेत की रखवाली कर रहे युवक को ट्रैक्टर चालक ने तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद घायल युवक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम लालपुर चियासर निवासी हरिशरण पुत्र रामचरण ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 07 मई 2025 की शाम लगभग 05 बजे उसका पुत्र रामकुमार गंगा की कटरी में तरबूज की रखवाली कर रहा था। तभी पड़ोसी गांव बिचपुरवा निवासी अजय पुत्र शिवमंगल ने तेजी एवं लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उसके पुत्र को टक्कर मार दी थी। जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ससुरालियों पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। घर पर युवक को बंधक बनाकर ससुरालियों ने गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर पंचायत समधन के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी दिलशाद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 02 मई 2025 की सुबह लगभग 08 बजे समधन के मोहल्ला गर्दाबाद निवासी उसके साले सलमान, मुशर्रफ नायाब, सास जैबून निशा ने उसे घर में बंधक बनाकर गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नशे के आदी युवक पर मारपीट का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। पारिवारिक विवाद को लेकर युवक ने पिता बहन और पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम हनुमंत खेड़ा निवासी राजवीर ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 10 मई की शाम लगभग 06 बजे उसके पुत्र ने उसकी पुत्री, बहू और उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। इस बात का विरोध किया तो आरोपितों ने उसे और बहु एवं पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अवैध तमंचे कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। अवैध तमंचे व कारतूस के साथ पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में थाना सकरावा पुलिस टीम ने नगला सहोरा बम्बे पर थाना सकरावा से एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त सन्तराम दास (32) पुत्र लक्ष्मण दास निवासी पंचमुखी आश्रम दरबार थाना आजाद नगर जिला भीलवाडा (राजस्थान) को गिरफ्तार कर थाना सकरावा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की।

चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार, माल बरामद

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। बीते दो महीनों में बंद पड़े तीन घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी किए गए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी बरामद कर घटना का खुलासा किया है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि 20 मार्च को ग्राम देवरमपुर नई बस्ती निवासी प्रशांत कुमार, 2 मई को सुभाष नगर खल्ला रूपमंगदपुर निवासी सरोजनी और 5 मई को इंद्रा आवास कॉलोनी निवासी पूनम के घरों के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चुराई थी। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर फर्रुखाबाद चौराहे से इंद्रा आवास कॉलोनी निवासी आमिर पुत्र सलीम और जुबैर पुत्र वाहिद खान को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से चोरी का सारा माल और नकदी बरामद कर ली गई है।

मदर्स डे पर मां को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

मदर्स डे के अवसर पर सुप्रसिद्ध संगीतमय सुंदरकांड वाचक भानु प्रताप सिंह चौहान ने अपनी मां को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने अपनी मां की यादों को साझा करते हुए कहा, मां, 2005 में आपने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन आपकी ममता, त्याग, सीख और आशीर्वाद आज भी मेरे जीवन को प्रकाशित करते हैं। आपकी गोद की गर्माहट और प्यार भरी यादें मेरे दिल में हमेशा ताज़ा रहती हैं। भानु प्रताप ने आगे कहा, मां, आप जहां भी हैं, मुझे विश्वास है कि आप मुझे देख रही हैं और मेरी हर खुशी में शामिल हैं। आपकी कमी हर पल खलती है, लेकिन मदर्स डे पर यह दर्द और गहरा हो जाता है। आपकी यादों के सहारे जीना सीखा है, और आप हमेशा मेरे दिल में जीवित रहेंगी।÷ उन्होंने अपनी मां को शत-शत नमन और अपार प्यार अर्पित किया।

सदगुरु के प्रति विश्वास से प्रारंभ होती है सच्ची भक्ति : महात्मा राजकुमार

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सतसंग में परम पूज्य महात्मा राजकुमार गुप्ता ने भक्तों को प्रभु भक्ति का गहन संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भक्ति का आधार विश्वास है, और बिना विश्वास के परमात्मा से सच्चा संबंध नहीं बन सकता। भक्ति का अर्थ है परमात्मा के साथ आत्मिक जुड़ाव, जो सदगुरु के मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं है।

महात्मा राजकुमार ने अपने प्रवचन में बताया कि परमात्मा की अनुभूति के लिए सदगुरु पर पूर्ण विश्वास आवश्यक है। सदगुरु वह सेतु हैं, जो भक्त की आत्मा को परमात्मा से जोड़ते हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वास करें कि मेरा सदगुरु समर्थ है, वही मुझे प्रभु से मिलाएगा।÷ इस विश्वास के साथ भक्त यह स्वीकार करता है कि परमात्मा ही सर्वशक्तिमान है, जो प्रत्येक कण में समाया है और सृष्टि का रचनहार है। यही विश्वास भक्ति की नींव रखता है।उन्होंने आगे कहा कि सच्चा भक्त सुख-दुख को प्रभु की इच्छा मानकर सहज जीवन जीता है। जो भक्त इस भाव को आत्मसात कर लेता है कि सुख भी तेरा, दुख भी तेरा, वही परम विश्वास वाला भक्त बनता है। ऐसा भक्त कर्म करता हुआ प्रभु की रजा में रहकर ब्रह्मज्ञानी संत कहलाता है। सतसंग में अन्य महात्माओं ने भी भजनों और प्रवचनों के माध्यम से संगत को प्रेरित किया।

महात्मा राम प्रताप के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में सीता, जय देवी, अर्चना, वर्षा भदोरिया, रजनी, शशि वर्मा, मालती, सरला, मनोरमा, गीता, आसाराम, शिवम वर्मा, राजेश, हरिश्चंद्र, राम प्रकाश, सियाराम, रामविलास, कप्तान सिंह, देवेंद्र, डॉ. अशोक, ईश्वर दयाल, रामू भदोरिया, प्रेमचंद, रामगोपाल सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ

▸ डिजिटल बाबा स्वामी रामशंकर महाराज की मधुर वाणी में सुनें रामचरितमानस की अमृतमयी कथा

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

ग्राम मेंदेपुर, कसावा में संगीतमय श्री राम कथा के नौ दिवसीय आयोजन का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गाजे-बाजे और भक्ति भजनों के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे गांव को राममय बना दिया। आयोजक सतेंद्र कुशवाहा ने बताया कि यह कथा 17 मई तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगी। 18 मई को पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा। कथा का वाचन इंटरनेट की दुनिया में डिजिटल बाबा के नाम से विख्यात युवा संत स्वामी रामशंकर महाराज करेंगे, जो हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ धाम से पधारे हैं। उनकी मधुर वाणी और संगीतमय शैली श्रद्धालुओं को भक्ति के रस में डुबो देती है।

स्वामी रामशंकर महाराज ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लाखों लोगों तक अपनी पहुंच बनाई है। हाल ही में डिजिटल बाबा ने एक्स पर श्री राम कथा की महिमा बताते हुए लिखा, राम कथा जीवन को संवारने का मार्ग है। उनकी यह ख्याति क्षेत्र में उत्साह का केंद्र बनी हुई है। सतेंद्र कुशवाहा ने कहा, हमारा सौभाग्य है कि डिजिटल बाबा हमारे बीच हैं। उनके सान्निध्य से हम अपने जीवन के अज्ञान को दूर कर सकेंगे।

भक्ति और संस्कृति का संगम

कलश यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और भक्ति भजनों ने वातावरण को और भी रमणीय बना दिया। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर कथा स्थल तक पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन और आरती की गई। आयोजकों ने बताया कि कथा के दौरान भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की जाएगी।

भागवताचार्य पं. वीरचंद्र त्रिपाठी के निधन से शोक की लहर

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ, ज्योतिषाचार्य व भागवताचार्य पं. वीरचंद्र त्रिपाठी के निधन से शोक की लहर दौड़ गई।

वे मूल रूप से ग्राम अतिराजपुर के निवासी थे और वर्तमान में छिबरामऊ के इंदिरा नगर मोहल्ले में रह रहे थे। उनके पुत्र आचार्य अभय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पं. वीरचंद्र पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। शनिवार को कानपुर में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में गमगीन माहौल छा गया। पं. वीरचंद्र त्रिपाठी अपने धार्मिक प्रवचनों और ज्योतिषीय ज्ञान के लिए क्षेत्र में खासे लोकप्रिय थे। उनके निधन पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, सभासद हिमांक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मदर्स डे : दिन भर सोशल मीडिया पर छाई रही माताएं

अनूप चौरसिया

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। इस दुनिया में मां जैसा कोई नहीं हो सकता, मां एक ऐसा व्यक्तित्व है। जो निस्वार्थ भाव से अपने बच्चों के लिए हर कदम पर मौजूद रहती है। दुनिया के इस खास और महत्वपूर्ण रिश्ते को और भी ज्यादा खास महसूस कराने के लिए हर साल पूरी दुनिया में 'मदर्स डे' मनाया जाता है। जैसा की हम सब जानते है। हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को 'मदर्स डे' (Happy Mothers Day) सेलिब्रेट किया जाता है। इस साल यह दिवस रविवार यानी 11 मई को मनाया गया।

कहते हैं कि दुनिया में सबसे खूबसूरत और प्यारा रिश्ता कोई होता है। तो वह मां और बच्चे का रिश्ता होता है। मां और बच्चे का रिश्ता अटूट होता है। मां बच्चे को बिना किसी शर्त और स्वार्थ के प्यार करती है। वह हमें बिना किसी स्वार्थ के अपने कोख में नौ महीने तक रखती है। इसके बाद जब हम इस दुनिया में आते हैं। तो वह हमें खूब सारा प्यार और दुलार देती है। वह बच्चों का पालन पोषण करके उन्हें इस काबिल बनाती है। जिससे वह इस दुनिया में जी सकें।

तो आज ममता की मूरत हमारी मां को खास महसूस कराने के लिए फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल साइड्स पर दिन भर शुभकामनाएं बधाई संदेशो का पट पड़ा रहा। सोचने बाली बात ये की जितना प्यार हम सोशल साइड्स के माध्यम से अपने माता- पिता के लिए आने बाले दिवसों में अच्छे अच्छे विचार व्यक्त करते है। काश हम सब रोज अपने माता- पिता के लिए प्यार दे तो हर दिन मातृ दिवस से कम नही। इस दुनिया में मां की तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती। इस जहां में मां से ज्यादा अनमोल कुछ भी नहीं है। संसार में कोई भी मां की जगह नहीं ले सकता। मां को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कोई भी जिंदगी भर मां की ममता का कर्ज नहीं उतार सकता।

▸ मां जैसा दुनिया में कोई नहीं, कुछ इस तरह के संदेशों का सोशल साइड्स रही भरमार

फ्री मेडिकल कैंप में 106 मरीजों का इलाज

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

फातहे बिलग्राम मिशन ने मोहल्ला चौधरियान स्थित गौसिया मस्जिद के पास सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया। कैंप में 106 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच कराई और दवाइयां प्राप्त कीं।

हुजूर अनीसुल मशायख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी की देखरेख में आयोजित इस कैंप में कानपुर से आए विशेषज्ञ डॉ. वसीम खान (एमबीबीएस, पेट, छाती, क्षय रोग, चर्म रोग, रक्तचाप), डॉ. पुनेद्र (एमएस ऑर्थो), और डॉ. आसिफ अंसारी (बीयूएमएस) ने मरीजों का इलाज किया। डॉक्टरों के साथ स्टाफ मोहम्मद सैफी, रूपेंदर, अंशु, अलफैज, आरिश और राहुल ने सहयोग किया।कैंप के सफल आयोजन में फैसल खान, आमिर अत्तारी, मोहम्मद हाफिज फैजान, महमूद मंसूरी और सलीम मंसूरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कल जन सुनवाई करेंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय कल बुधवार को अपने जनपद भ्रमण के दौरान जनपद की महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को विकास खंड उमर्दा सभागार, तिर्वा में सुबह 10 बजे से सुनेंगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलें यथा- दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, कन्या भ्रूण गर्भपात, बाल विवाह, एसिड अटैक आदि से सम्बन्धित आपराधों की सुनवाई करते हुए महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के दृष्टिगत जन सुनवाई की जाएगी।

फांसी पर लटकता मिला वृद्ध का शव, हत्या का आरोप

▸ ठठिया थाना क्षेत्र के गंगापुर्वा गांव का मामला

तिर्वा, समृद्धि न्यूज।

ठठिया थाना क्षेत्र के गंगापुर्वा गांव में रविवार की सुबह एक वृद्ध का शव गांव के बाहर पेड़ में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। शव मिलने की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस के सामने ग्रामीण की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाए जाने का आरोप जड़ा।

गंगापुर्वा गांव निवासी रामचन्द्र यादव (70) शनिवार की रात से घर से गायब था। परिजनों ने रात भर खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह वृद्ध का शव गांव के बाहर खड़े एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। शव मिलने की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने वृद्ध क हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाए जाने का आरोप जड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की बजह पता चल सकेगी।

घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़

आवास विकास कालोनी में जल निकासी बाधित होने से मच्छरों की भरमार

▸ मोहल्लेवासियों ने कालोनी में फागिंग कराने की मांग की

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

नगर के चुर्खी रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से कॉलोनीवासी परेशान हैं। नालियों में पानी रुकने और आसपास जलभराव की स्थिति बनने से मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। मच्छरों के कारण कॉलोनीवासियों को डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का डर सताने लगा है। कॉलोनी में रहने वाले अखिलेश, रामकरण, बादल, विक्की, साधना आदि ने बताया कि कॉलोनी में जल निकासी की व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता है। लोगों ने कहा कि यह स्थिति धीरे-धीरे स्वास्थ्य के लिए खतरा बनती जा रही है। जन निकासी की यदि उचित व्यवस्था हो जाए और गंदा पानी जमा न हो तो लोगों की दिक्कतें कुछ कम हो सकती हैं। उन्होंने इस समस्याओं लेकर ईओ सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपकर सप्ताह में कम से कम एक बार फॉगिंग कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जल निकासी की स्थायी व्यवस्था होने तक कम से कम मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग आवश्यक है, जिससे बीमारियों के खतरे को रोका जा सके। वाशिंदों ने यह भी मांग की कि नगर पालिका की ओर से कॉलोनी में जल निकासी की समस्या को प्राथमिकता पर लिया जाए, ताकि पानी के ठहराव की स्थिति न बने।

रामलीला ने आस्था, भक्ति के रस से किया सराबोर

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

सुढ़ार सालाबाद स्थित शिव शंभू धाम पर चल रहे पहले नौ कुंडी शिवशक्ति महायज्ञ, देवी भागवत महापुराण एवं रामलीला महोत्सव का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। सातवें दिन देवी भागवत कथा और रात्रिकालीन रामलीला के आयोजन ने सभी को आस्था और भक्ति के रस में सराबोर कर दिया।

सुबह महायज्ञ की पूर्ण विधिविधान से शुरुआत हुई, जिसमें आचार्य डॉ. मिथलेश त्रिपाठी के निर्देशन में यज्ञाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दी गईं। नौ कुंडी यज्ञशाला से उठता यज्ञधूम वातावरण को सुगंधित और पावन कर रहा था। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर अपने कष्टों के निवारण और विश्व शांति की कामना की। संध्याकाल में देवी भागवत महापुराण की सातवें दिन की कथा का वाचन भागवताचार्य अरविंद मिश्रा ने किया। उन्होंने भक्तों को माता दुर्गा के विभिन्न रूपों, महिषासुर मर्दिनी की कथा, देवी की शक्ति और भक्तों की भक्ति से मिलने वाले दिव्य फल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब देवी अपने किसी न किसी रूप में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करती हैं। कथा में विशेष रूप से चंड-मुंड वध, रक्तबीज संहार, एवं देवी के रौद्र रूपों का सुंदर वर्णन हुआ। उन्होंने बताया कि देवी केवल विनाश की प्रतीक नहीं बल्कि सृजन, रक्षा और पालन की शक्ति भी हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और जय माता दी के जयघोषों से पंडाल गुंजायमान होता रहा। रात्रि में रामलीला मंचन का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें मेघनाद वध और रावण वध की लीलाओं का सजीव प्रदर्शन किया गया। रामलीला के पात्रों ने सजीव अभिनय से दर्शकों को त्रेतायुग की घटनाओं से जोड़ दिया। मेघनाद का युद्ध, लक्ष्मण का घायल होना, हनुमान द्वारा संजीवनी लाना तथा अंत में प्रभु श्रीराम द्वारा रावण का वध कर धर्म की पुनः स्थापना करना, यह सब दर्शकों के मन में रोमांच भर देने वाला रहा।

यज्ञ में आये संतों का स्वागत करते ग्रामीण

थाने पर प्रदर्शन व पथराव करने वाले 96 लोगों पर मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

जहानगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार को थाने के बाहर प्रदर्शन किया था। इस दौरान जमकर पथराव भी किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 96 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोरीखेड़ा गांव निवासी 23 वर्षीय ट्रक चालक शिवा उर्फ शिवनंद चार दिन पहले अपनी प्रेमिका के बुलावे पर घर से निकला था। रविवार को वह कानपुर में ट्रक खड़ा कर प्रेमिका से मिलने गया था। जिसके बाद से वह लापता था।

शुक्रवार को वह गांव के पूर्व प्रधान शैलेश के मक्के के खेत में गंभीर घायलावस्था में मिला था। शिवा को अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को परिजन शव लेकर थाना जहानगंज पहुंचे और वहां सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। तनाव बढ़ने पर भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। जिससे थाने में मौजूद कई लेखपाल और पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद राजेश द्विवेदी और थानाध्यक्ष जितेंद्र पटेल मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नवाबगंज, कमालगंज, मोहम्मदाबाद और फतेहगढ़ थानों की पुलिस फोर्स के साथ पीएसी की दो कंपनियां भी बुलाई गई थी।

बीते दिन प्रदर्शन के दौरान थाने पर पथराव करता युवक

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। परिजनों का आरोप है कि प्रेम प्रसंग के चलते शिवा की हत्या की गई है। वे प्रेमिका और उसके परिजनों से पूछताछ की मांग कर रहे हैं। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। शव रखकर जाम लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सूरज की तपिश ने लोगों को झुलसाया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को पारा ऊपर जा पहुंचा। जिससे झुलसा देने वाली तपिश ने लोगों को पसीना-पसीना कर दिया। कई लोग सूरज की तपिश से बचने के लिए छाता व सिर पर सूती अंगौछा बांधे नजर आये। लोगों का कहना है कि अब गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बीते कई दिनों से तापमान सामान्य था, लेकिन शनिवार को अचानक तापमान ऊपर पहुंच गया। जिससे दोपहर में निकलने वाले लोग पसीना-पसीना नजर आये। सूखते हलक को लोगों ने शीतल पेय पदार्थों से ठंडा किया। कई महिलायें जहां छाता आदि से धूप का बचाव करते दिखीं, वहीं बाइक सवार सिर पर टोपी लगाये नजर आये। वहीं ग्रामीण सिर पर अंगौछा बांधे दिखे। लोगों का कहना कि चटख धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं सब्जी विक्रेताओं का कहना था कि दूप में उनकी सब्जी जरा देर रखने पर मुरझा जाती है। जिससे उन्हें भीगे बोरे आदि का सामना लेना पड़ रहा है। साथ ही पानी का छिड़काव भी करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरु कर दिया है। ऐसे में लोगों को पूरी तरह से एतियात बरतने की जरुरत है। अन्यथा गर्मी का प्रकोप उन पर भारी पड़ सकता है। गर्मी के कारण दोपहर में शहर में पैदल चलने वालों की संख्या भी कुछ कम दिखी। वहीं चिकित्सकों ने सलाह दी है कि छाता लेकर तथा महिलायें चेहरे को ढककर ही धूप में निकलें। फिलहाल रविवार को तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गर्मी का बचाव करतीं युवतियां

तीन तालाबों की बाउंड्री किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश, रुकवाया कार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

तीन तालाबों की बाउंड्री किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। ग्रामीणों ने बाउंड्री के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुटरा में स्थित तीन तालाब की बाउंड्री किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का आरोप कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने आम जनता के लिए रास्ता नहीं छोड़ी। जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठाने के साथ ही लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव द्वारा निरीक्षण करने पर ग्रामीणों के लिए रास्ते का निर्माण कराया जाने के नमामि गंगे प्रोजेक्ट के अधिकारियों को निर्देश दिए थे और ग्रामीणों के लिए रास्ता छोड़कर कार्य कराये जाने की बात कही थी। करीब एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घटिया निर्माण कार्य का विरोध किया। एक ग्रामीण ने बताया कि तीन तालाब सूखे होने की वजह से करीब 3 वर्ष से मेरा खेत सूखा पड़ा है उसमें फसल नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि रास्ते की समस्या की दो दिवस में सुनवाई नहीं होगी, तो हम सभी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर अनुज कुमार, राम किशोर, इरशाद, संजय सिंह, अनिल कुमार, अजय सिंह, राहुल, बाबूराम, संजीव कुमार, भूपेंद्र, सूरज सिंह, शिवम कटियार, शक्ति सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

विरोध करते ग्रामीण

ओम प्रताप सिंह सोलंकी बने भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष

▸ एसडीएम की आय से अधिक सम्पत्ति की करायी जाये जांच

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज कार्यालय पर रामलाल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पंचायत का संचालन प्रताप सिंह गंगवार द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह द्वारा ओम प्रताप सिंह सोलंकी निवासी त्योरी इस्माइलपुर नवाबगंज तहसील कायमगंज को जनपद फर्रुखाबाद का जिलाध्यक्ष चयनित किया गया है। आज की पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि ग्राम समाज की विवादित जमीनों और खाद के गढ्डों, खलियान आदि की जमीनों पर अवैध कब्जा के संबंध में शिकायत करने पर लेखपाल झूठी, भ्रामक रिपोर्ट उपजिलाधिकारी कायमगंज को देता है। उसी रिपोर्ट के आधार पर जब किसान सही साक्ष्य देता है तो उपजिलाधिकारी कायमगंज किसानों को जेल भेजने की धमकी देता हैं। उपजिलाधिकारी भ्रष्टाचार में लीन हैं। इसी तरह का मामला कायमगंज तहसील के गांव भगौतीपुर की नॉन जेड जमीन गाटा संख्या 114 व 96 पर भी श्रीकृष्ण गौतम, सुदामा देवी और सतीशचंद्र आदि लोग अवैध कब्जा किए हैं। उक्त नॉन जेड जमीन करोड़ों की राजकीय संपत्ति है। उस पर निर्माण हो रहा है। करीब छः माह से अवैध कब्जे की समस्या को भाकियू भानु द्वारा उठाया जा रहा है। एसडीएम कायमगंज आरोपियों से मोटी रकम लेकर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता है। एसडीएम कायमगंज की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाए। ब्रजेश कुमार बनाम नरेंद्र आदि वाद संख्या 6203/22 धारा 116 ग्राम नरसिंहपुर कायमगंज की पत्रावली निस्तारण नहीं कर रहे हैं इस बाबत सुविधा शुल्क लेकर भी पीड़ित को टरका रहे हैं। गांव भटासा नहर की पुलिया टूटी है आवागमन की परेशानी हो रही है पुलिया का निर्माण कराया जाए, गांव भटासा कायमगंज में होम्योपैथिक और एलोपैथिक अस्पताल में दवाखाने और मरीजों के बैठने के लिए उचित स्थान का प्रबंध किया जाए। उपरोक्त वर्णित मांगों को जनहित में तत्काल हल कराया जाए अन्यथा कि स्थिति में भारतीय किसान यूनियन भानु तहसील कायमगंज में धरना प्रदर्शन को बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर गोपाल तिवारी प्रदेश सचिव, मुन्नालाल सक्सेना जिला प्रभारी, ओम प्रताप सिंह सोलंकी जिलाध्यक्ष, प्रताप सिंह गंगवार जिला संगठन सचिव, रामवीर जिला सचिव, बिंदु सिंह गंगवार जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रामलाल गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनीत सक्सेना जिला मीडिया प्रभारी, विजय शाक्य तहसील अध्यक्ष, श्योराज, अनुज, जसवंत आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक करते भाकियू भानु गुट के पदाधिकारी

शादी समारोह में शामिल होने आये मां-बेटे को दबंगों ने पीटा

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

शादी समारोह में शामिल होने गए व्यक्ति को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आई मां को भी लाठी मारकर घायल कर उनके कुंडल ले लिए। पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद व सात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा थाना जैथरा के गांव नगला भूड़ निवासी किशनपाल ने बताया कि वह तीन दिन पूर्व अपनी मां मुन्नी देवी के साथ क्षेत्र के गांव बेहटी निवासी देव सिंह की नातिन के विवाह में शामिल होने आए थे।

दावत खाने के दौरान देर रात जनपद कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव पदम नगला निवासी रनवीर व अनंतराम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उन्होंने दर्जन भर से अधिक लोगों के साथ मिलकर लाठी -डंडों से मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार की आवाज सुनकर बचाने आई मां को लाठी मारकर घायल कर दिया। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। आरोप है कि बीच बचाव के दौरान मां के कुंडल उक्त लोग ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद व सात अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

▸ पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद व सात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में मातृ दिवस का हुआ आयोजन

छात्रा को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व अन्य

सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्रायें

▸ विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मोनिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि केवीपी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य विश्व मोहिनी पांडे रहीं। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। जिसमें स्वागत गीत, समूह नृत्य, नाटक, कविता और भाषण सम्मिलित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा की और मातृ दिवस के बारे में विस्तार से बताया। वहीं विशिष्ट अतिथि ने बच्चों के द्वारा बनाए कार्ड का अवलोकन किया तथा उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। विद्यालय की प्रबंधक मोनिका अग्रवाल ने सभी बच्चों और शिक्षकों की सराहना की तथा बच्चों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्ष्ण श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, बच्चों व शिक्षकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन सुरभि श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, संतोष शर्मा, सिल्की मिश्रा, नेहा, साधना शर्मा, सिमरन सिंह, कमला गंगवार, रीना बाथम, निधि, प्रिया पांडे, साइना खान, पूजा सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

खेत के विवाद में किशोर को मारपीट कर किया घायल

सीएचसी में भर्ती घायल किशोर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।

खेत के विवाद में किशोर को परिजनों ने मारपीट कर घायल कर गिया। उसे घायलावस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव अरियारा निवासी ब्रजपाल का 14 वर्षीय पुत्र अमन को पुलिस घायल अवस्था में पुलिस मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी लाई। जहाँ इलाज के दौरान घायल के पिता ब्रजपाल ने बताया कि खेत के विवाद में परिवार के ही पुरुषों व महिलाओं ने लाठी-डंडों ने मारपीट कर उसके पुत्र अमन को गंभीर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

विधायक ने फीता काटकर संकिसा बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का किया उद्घाटन

बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का उद्घाटन करते विधायक सुशील शाक्य

पूजा अर्चना करते भक्षु डॉक्टर धम्मपाल महाथैरो, कर्मवीर शाक्य आदि

संकिसा/मेरापुर, समृद्धि न्यूज।

भाजपा विधायक सुशील शक ने आज सायं संकिसा स्थित धम्मालोको बुद्ध बिहार के सभागार में फीता काटकर संकिसा बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने धरती पर आकर पूरी मानवता का कल्याण किया। उनके उपदेशों का पालन करने से पूरा जीवन बदल जाएगा। उन्होंने समारोह में कम अनुयायियों को देखकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बुद्ध ने हमारे समाज में ही जन्म लिया था, लेकिन समाज के लोगों में बुद्ध की जन्म जयंती पर खुशी का भाव नहीं है। यदि खुशी का भाव है तो वह भी प्रदर्शित नहीं हो रहा है। हम लोग अपने बच्चों का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाते हैं लोगों को बुलाकर उनको जलपान कराकर बच्चों को आशीर्वाद दिलाते हैं। होली दिवाली के त्यौहार भी धूमधाम से मनाते हैं। अंबेडकर जयंती भी धूमधाम से मनाई जाती है। विधायक ने भिक्षुओं की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा की वह बुद्धम शरणम गच्छामि का पाठ पढ़ाकर इसका अर्थ भी समझते हैं, लेकिन स्वयं बौद्ध धर्म के नियमों का पालन नहीं करते हैं। जबकि बौद्ध धर्म जीवन जीने का तरीका है। इससे पूर्व विधायक कार्यक्रम के आयोजक भिक्षु डॉक्टर धम्मपाल महाथैरो, कर्मवीर शाक्य ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा को नमन करते हुए पूजन किया। इस मौके पर भिक्षु शील प्रिय, भिक्षु धम्म रत्न, भिक्षु धम्म रक्षित, जय सिंह, रघुवीर शाक्य, राहुल शाक्य एडवोकेट, डॉक्टर देवेश शाक्य, पवन शाक्य,. भूपेंद्र सिंह शाक्य, राम सेवक शाक्य, विधायक के निजी सचिव रोहित कुशवाहा, सोनू राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

ईंट से लदे ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर वृद्ध की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ईंट से लदे ट्रैक्टर से कुचलकर वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे निजी वाहन से लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जाँच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के बन्थल शाहपुर में पूर्व ब्लाक प्रमुख का ईंट भट्ठा है। जिसके लिए ग्राम रायपुर से कच्ची ईंट भरकर ट्रैक्टर आ रहा था। रायपुर में ही 60 वर्षीय रामफेरे कूड़ा डालने जा रहे थे। उसी दौरान ट्रैक्टर उन पर चढ़ गया। जिससे रामफेरे गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें परिजन आनन-फानन में लोहिया अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिससे मृतक की पत्नी शांती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है।

अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में आधा दर्जन घायल

सीएचसी में भर्ती महिला

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव नगला टीन निवासी गुड्डी 40 वर्षीय पत्नी दीवारी लाल, मंसूर नगर निवासी महिमा चन्द्र 52 वर्ष, उलियापुर निवासी सुखवीर सिंह 44 वर्ष व लालू 33 वर्ष, कटरा रहमत खाँ निवासी अहसान का 7 वर्षीय पुत्र हमजा, जनपद फर्रुखाबाद के थाना कादरी गेट के मोहल्ला अंगूरीबाग निवासी राम लडैती 60 वर्ष पत्नी नन्नू घायल हो गए। आसपास के लोगों व 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद गुड्डी व राम लड़ैती को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

गर्म चाय गिरने से बालक झुलसा


सीएचसी में भर्ती बालक

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। गर्म चाय गिरने से बालक झुलसकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका उचपार किया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पट्टिया निवासी विशाल राजपूत का 5 वर्षीय पुत्र वैभव गर्म चाय उसके ऊपर गिरने से गंभीर रुप से झुलस गया। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां उसका उपचार जारी है।

सपा की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर दिया गया बल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में चारों विधानसभाओं के अध्यक्षों की एक आकस्मिक बैठक आयोजित की गई।

जिलाध्यक्ष ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से अपेक्षा जताई कि पाकिस्तान को और कठोर उत्तर दिया जाए, जिससे भविष्य में आतंकवाद के नाम पर भारत में घुसपैठ की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने सभी विधानसभा अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पीडीए के कार्यक्रम को बूथ स्तर तक निरंतर चलाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब केवल एक वर्ष शेष है, ऐसे में संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रत्येक बूथ पर जातिवार अध्यक्षों सहित पूर्ण बूथ कमेटी का गठन अति आवश्यक है। उन्होंने सभी बूथों पर नए मतदाताओं को जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाने तथा कटे हुए नामों को पुनः जुड़वाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए, ताकि पार्टी का हर वोट सुरक्षित रहे। जिलाध्यक्ष ने सभी विधानसभा अध्यक्षों को बॉर्डर टू बॉर्डर साइकिल यात्रा की तैयारियों के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर यह यात्रा निकाली जाएगी। जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने बताया कि सभी फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष अपनी बूथ कमेटिया संबंधित विधानसभा अध्यक्षों को उपलब्ध कराये। 15-16 मई को विधानसभा अध्यक्षों व फ्रंटल संगठनों की बैठक होगी। जिससे बूथों को और मजबूत किया जा सके। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी, चंद्रेश राजपूत, नरेंद्र सिंह यादव, उदय प्रताप सिंह उर्फ भोला यादव, सोमेंद्र सिंह, रामपाल सिंह यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मौजूद सपाई

जल शक्ति मंत्री ने नलकूप कालोनी व सिंचाई विभाग का किया निरीक्षण

निरीक्षण करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नलकूप कालोनी स्थित निर्माणाधीन सिंचाई विभाग के कार्यालय व आवास तथा सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण किया।

नव निर्माणाधीन कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों से अध्यसात हेतु 15 कक्ष है। वर्तमान कार्यालय निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की। मंत्री ने नलकूप कालोनी परिसर तथा अधिशासी अभियंता आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय परिसर की स्वच्छता व परिसर में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सहायक अभियंता व अधिकारियों से व्यक्तिगत भी जानकारी ली। वहीं कर्मचारियों ने बताया कि कोई भी समस्या नहीं है। इस दौरान जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, अधिशासी अभियंता दुर्ग कुमार, शिवांशु बाजपेयी, संजय कुमार संचाल, विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सभी मण्डल अध्यक्षों को दो दिन में कमेटी बनाने के दिये गये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंडलों में गठन के लिए जनपद पहुंचे जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे एवं पर्यवेक्षक क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी पिछले कुछ महापूर्व संगठन पर अभियान के अंतर्गत जनपद में मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई थी, उन घोषित सभी मंडलों में मंडल कमेटी बनाने के लिए कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी को प्रांतीय नेतृत्व द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पर्यवेक्षक सुनील तिवारी ने मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की एवं उनको दो दिन के अंदर कमेटी बनाने की निर्देश दिए। संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे एवं जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की उपस्थिति में मंडल कमेटियों को बनाने का कार्य आरंभ हो गया है।

पर्यवेक्षक में सुनील तिवारी ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर दो दिवसीय प्रवास के दौरान जनपद के सभी घोषित मंडलों में कमेटी बनवाने के निर्देश मिले हैं। जनपद में 15 मंडल अध्यक्षों का घोषणा हो चुकी है, तीन मंडल अभी घोषित नहीं हुए हैं। इन 15 मंडलों में सभी घोषित मंडल अध्यक्षों को दो दिन के अंदर कमेटी को गठन करने का निर्देश दिया गया है। कुछ मंडलों में कमेटियों का गठन हो चुका है, मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। कमेटी बनाते समय सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखते हुए सभी वर्ग का समायोजन होगा। नवनिर्वाचित कमेटी में बनने वाले पदाधिकारी सक्रिय सदस्य आवश्यक हैं, लेकिन महिला एवं अनुसूचित वर्ग के पदाधिकारी अगर सक्रिय सदस्य नहीं है, लेकिन पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा है तो ऐसे कार्यकर्ताओं को भी स्थान दिया जा सकता है। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया आगामी पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने मंडलों में ऐसे पदाधिकारी का चयन करें। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया सभी घोषित 15 मंडलों में दो दिन के अंदर प्रांतीय नेतृत्व की मोहर बाद कमेटीया घोषित हो जाएंगी। इस दौरान सांसद मुकेश राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, अमरदीप दीक्षित, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद पर्यवेक्षक सुनील तिवारी आदि

डीपीएस इंटर कालेज मूसाखिरिया में मां सरस्वती प्रतिमा का हुआ अनावरण

- प्रधानाचार्य शिवओम द्विवेदी ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर मां सरस्वती की मूर्ति भेंटकर किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।

डीपीएस इंटर कालेज मूसाखिरिया में मां सरस्वती प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर रहे। विशिष्ठ जिला विद्यालय निरीक्षक व अध्यक्षता एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य शिवओम द्विवेदी ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर मां सरस्वती की मूर्ति भेंटकर सम्मानित किया। विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार में जो विद्यालय सहयोग मांगेगा मैं पूर्ण रुप से तैयार हूं। प्रबंधक पुत्र डा0 सौरव कटियार ने आभार व्यक्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि सभी लोग अच्छा पठन-पाठन करें, जिससे यहां के बच्चे पूरे प्रदेश में नाम रोशन करें। अध्यक्षता करते हुए एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति ने कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह, ओमपाल सिंह, करुणेन्द्र सिंह, विश्वमोहिनी पाण्डेय, डा0 महेश चन्द्र राजपूत, उमाशंकर, मनोज श्रीवास्तव, कुलदीप दुबे, विजेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे। आभार प्रधानाचार्य शिवओम द्विवेदी ने व्यक्त किया।

अतिथियों का स्वागत करते प्रधानाचार्य

फसल काटने व जोतने तथा धमकी देने में नौ पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गाली-गलौज करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम बड़ा फतेहपुर निवासी रघुवीर पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वीरपाल पुत्र रामविलास निवासी ग्राम रूपपुर मंगलीपुर ने जुनरी की फसल काटकर ली और गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से जोत दिया। जिसका मैंने विरोध किया तो वीरपाल अपने आठ साथियों के साथ आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारने पीटने के दौड़ पड़े तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 191 (2)/ 303 (2)/ 324 (4)/ 131/ 352/ 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

कैबिनेट मंत्री ने आलू विपणन संघ के चेयरमैन की मां को दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि सभा में मौजूद कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आलू विपणन संघ के चेयरमैन विमल कटियार की माता के निधन पर उनके गांव पहुंचकर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तीन दिन पूर्व विमल कटियार की माता जी का निधन हो गया था। रविवार को कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने दुखी परिवार को ढांढस बंधाया और हर सुख-दुख में सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष फतेहचद राजपूत, कुलदीप गंगवार, रूपेश गुप्ता, दिनेश कटियार आदि मौजूद रहे।

मारपीट व अश्लील हरकत करने के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना तथा पीड़िता के कपड़े फाडकर अश्लील हरकतें करने के मामले में पुलिस ने चार नामदर्ज सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के क्षेत्र पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि राजेश राजपूत पुत्र दीनदयाल निवासी ग्राम जनईया सठईया थाना मऊदरवाजा ने मेरे साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर अपने तीन नाम दर्ज व एक अज्ञात साथियों के साथ आया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ कपड़े फाड़कर अश्लील हरकतें की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध धारा धारा 115(2), 352, 351(3),74 बीएनएस व 3(1)द/3(1)ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

कंपिल, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के गांव अनरतला निवासी सुधीर ने दी तहरीर में बताया कि एक माह पूर्व ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेत में गेहूं लादने जा रहा था। उसी समय गांव के ही राकेश, प्रवीनश, महिमा चंद्र व गोपाल ने रंजिश में मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान शैलेन्द्र, राघवेंद्र व महारानी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पूर्व सैनिकों ने पाकिस्तान से लड़ाई लड़ने के लिए भरी हुंकार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक बढ़पुर स्थित होटल राजपूताना के सभागार में सम्पन्न हुई। वर्तमान में चल रहे युद्ध पर चर्चा की गई। सभी पूर्व सैनिकों ने हुंकार भरते हुए कहा कि हम सब लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। देश की युद्ध परिस्थितियों में आम जनता एकजुट है। पूर्व सैनिकों ने एकजुट होकर देश की जनता को धन्यवाद दिया। किरन सिंह राठौर ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर रख दिया है। उनकी एक भी ड्रोन व मिसाइल देश में घुसने नहीं दी गई है और उनके हवाई अड्डों को धूल में मिला दिया। कैप्टन उदयराज सिंह ने कहा कि आज जो युद्ध हो रहा है उसे पहले हो जाना चाहिए था। राकेश सिंह राठौर ने कहा कि सीजफायर जल्दी नहीं करना चाहिए था।

पाकिस्तान हमेशा दोगलागिरी का काम करता है। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हम लोग निष्ठा के साथ नरेन्द्र मोदी के साथ है। रामकरन सिंह ने कहा कि युद्ध विराम शर्तों पर होना चाहिए। इस अवसर पर सीपी परिहार, राजेन्द्र पाल, राजकिशोर चंदेल, उदय पाल सिंह चौहान, श्याम सिंह चौहान, इंद्रेश सिंह चौहान, राहुल सिंह चौहान, विजय कुमार तिवारी, विवेक सिंह राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद पदाधिकारी

पब्लिक स्कूल एसो. का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

- विद्यालय संचालन समाज की सेवा है: प्रभात अवस्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पब्लिक स्कूल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह जेपी मेमोरियल स्कूल निकट सेंट्रल जेल रोड पर धूमधाम से संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने अध्यक्ष डॉ0 मुकेश सिंह राठौर, सचिव देव कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष मुन्ना लाल तिवारी एवं उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी देवेश नारायण अवस्थी सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई। संरक्षक डॉ0 प्रभात कुमार अवस्थी ने एसोसिएशन का परिचय देते हुए कहा कि विद्यालय संचालन समाज की सेवा है। हमसे व्यवसायिक बर्ताव नहीं होना चाहिए। अध्यक्ष डॉ0 मुकेश सिंह राठौर ने कहा कि सरकार को हमारे विद्यालयों को लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर आदि के संचालन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए। मिथलेश अग्रवाल एवं फतेहचंद्र वर्मा ने एसोसिएशन को शुभकामनाएं देते हुए सदैव सहायता करने की बात कही। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह एसोसिएशन की मांगों को उच्च स्तर तक पहुंचा कर हर संभव सहायता करेंगे। एसोसिएशन की ओर से अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर, माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उमेश मिश्रा, पीवी सिंह राठौर, नरेंद्र गुप्ता, दामोदर सिंह, संजय यादव, एसके वर्मा, रामेश्वर दयाल, जतिन नारायण अवस्थी, राजेश तिवारी, अनुराग गुप्ता, अंजुम दुबे, मनीष मिश्रा, राम अवतार कुशवाहा, अनुपम बाजपेई, मंजू शाक्य, कशिश सिंह, आस्था सिंह आदि उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद पदाधिकारी

खबरें एक नजर में

करंट लगने से महिला अचेत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। महिला को करंट लगने से वह अचेत हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव दूंदेमई सलेमपुर निवासी रीना (35) पत्नी गौरेंद्र कुमार को पंखे का प्लग लगाते समय करंट लग गया। करंट लगते ही महिला अचेत हो गई। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उसे भर्ती कर चिकित्सकों ने उपचार शुरु कर दिया।

राष्ट्रीय लोकदल ने संगठन का विस्तार कर बांटे मनोनयन पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। देश के जाबाज वीर सैनिकों का उत्साह बढ़ाते हुए सभी ने आभार व्यक्त करते हुए सुरक्षा व रक्षा के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी गठन के दौरान नियुक्ति पत्र बांटे। योगेन्द्र सिंह को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, अनिल सिंह चौहान को जिला महासचिव बनाया। शैलेन्द्र सिंह भदौरिया व रणजीत सिंह चौधरी को जिला उपाध्यक्ष, पुष्पेन्द्र कुमार राजपूत को जिला मीडिया प्रभारी, अवनीश सिंह तोमर को जिला संयोजक मनोनीत किया। राणा प्रताप को अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली।

दबंगों ने ग्रामीण की भूमि पर पुनः किया कब्जा

कंपिल, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के गांव जिजौटा बुजुर्ग निवासी विश्वनाथ दुबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उनका खेत मानिकपुर गांव में स्थित है। जिस पर दबंगों ने कब्जा कर लिया था। तीन वर्ष पूर्व उपजिलाधिकारी ने टीम गठित कर कानूनगो से मेड़बंदी कर उन्हें कब्जा दिला दिया। एक माह पूर्व गांव मानिकपुर निवासी विनोद कुमार, ढुड़ियापुर निवासी भूरा व ओमकार ने खेत में मेड़बंदी के दौरान लगे पथरों को उखाड़कर फेंक दिया। उक्त लोगों ने मक्के की फसल बोकर उस पर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला अंडियाना निवासी आर्यन गुप्ता रविवार अपने मित्र करन को साथ लेकर बाइक से नगर के डिग्री कालेज में परीक्षा दिलाने आया था। आर्यन अपने मित्र को कॉलेज छोड़कर दोपहर वापस थाना क्षेत्र के गांव बाँसमई जा रहा था, तभी सामने से आ रहे बाइक सवार की आर्यन की बाइक में टक्कर हो गई। टक्कर लगने से आर्यन गुप्ता व दूसरी बाइक सवार गांव पुठरी निवासी सुनील कठेरिया सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे पायलट अवधेश कुमार व ईएमटी ब्रजकिशोर ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां घायलों की हालत गंभीर होने पर डॉ0 वशिष्ट कटियार ने लोहिया रेफर कर दिया।

सपा की बैठक में पेयजल की समस्याओं पर हुई चर्चा

- सरकार की नाकामियों को जन-जन के बीच ले जायें सपा कार्यकता : देवी प्रसाद चौधरी

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।

2027 विधानसभा चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर पीडीए जन पंचायत व भीषण गर्मी में खराब हैण्डपम्पों के रख-रखाव आदि पर कार्यकर्ताओं ने बैठक में जोर-शोर से उठाया।

सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर आयोजित बैठक को जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर जनपंचायत बूथ स्तर पर लगाने का काम करें और कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता नये मतदाताओं को जोड़ने का काम करें। कहा कि जनपद में अधिकांश हैण्डपम्प खराब है और साथ ही मरम्मत की भी जरूरत है। सरकार की योजना हर घर नल व जल की योजना फेल हो चुकी है। हत्या, लूट, बलत्कार की घटनायें बढ़ी है। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता जन-जन के बीच सरकार की नाकामियों को बताने का काम करें।

कार्यकर्ता व पदाधिकारी हर बूथ की मतदाता सूची का अवलोकन करें। जिन मतदाताओं का नाम सूची में छूटा है उसे सूची में शामिल कराएं। ऐसे नाम भी कटवाएं जो गलत तरीके से सूची में शामिल हो गए हैं। कहा कि भाजपा सरकार किसान, नौजवान, व्यापारी, अल्पसंख्यक और गरीब विरोधी है। इस सरकार का किसी से कोई लेना देना नहीं है। प्रत्येक कार्यकर्ता आम जनता से मिलकर संगठन को और मजबूत करे। आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाएं। कहा कि गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। बैठक में पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र पटेल, अशोक यादव, राजेश भारतीय, राणा प्रताप सिंह, विजय पटेल, सियाराम जैसल, धनन्जय सिंह, संजय यादव, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, प्रिन्स राव, हरिशंकर यादव, श्यामअचल यादव, अभय यादव, अतीक खान, गणेश केशरी, अरशद अली, कौशिक कनौजिया, विकास केशरी, सुभाष पटेल, मेवालाल प्रजापति, रामगोपाल बिन्द, रामजी मौर्या, मुकुन्दलाल यादव, राममिलन यादव, जैनेन्द्र सिंह, सुशील सिंह, जमुना यादव, कन्हैया यादव, विजय यादव, पिन्टू यादव, राहुल राव, बलराम यादव, दुर्गा सिंह, रंजीत फौजी, डा0 रतन सिंह पटेल, अहमद नवाज, शिव नरायन बिन्द, अशोक मिश्रा आदि मौजूद रहें।

हादसे को दावत दे रहा जर्जर विद्युत पोल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जर्जर विद्युत पोल कभी भी बड़ा हादसा कर सकता है। टूटे पोल को कई बार स्थानीय लोगों ने विभाग से शिकायत की, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली।

फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्वालटोली टिलिया में एक विद्युत विभाग का पोल क्षतिग्रस्त होने के चलते कोई भी घटना घटित हो सकती है। काफी दिनों से विद्युत पोल का नीचे का हिस्सा गल गया है। पुराना पोल हटाया नहीं गया है। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कभी भी कोई भी घटना घटित हो सकती है। नया पोल लगने के बाद भी पुराना पोल हटाया नहीं गया है। मोहल्ले के लोगों ने पुराना पोल हटाने के लिए विभाग को कई बार सूचना दी। उसके बावजूद भी पोल हटाया नहीं गया है। तेज हवा चलने पर पोल हिलने लगता है। मोहल्ले के लोगों ने मांग की पोल को शीघ्र हटाया जाये। ऐसे में कोई घटना घटित हुई तो विद्युत विभाग जिम्मेदार होगा।

वालटोली में लगा जर्जर विद्युत पोल

आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिला अचेत, भर्ती

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में रविवार कि शाम गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर महिला अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी ओमप्रकाश की 25 वर्षीय पत्नी शांति अपने घर के ओसारे में बैठे थी कि घर के सामने स्थित नीम के पेड़ पर आकाशीय बिजली कि गिरने से महिला उसकी चपेट में आकर अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से महिला उपचार के लिए आई थी उपचार किया जा रहा है। हालत सामान्य है।

जुआं खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा, की कार्रवाई

हलिया (मिर्जापुर)। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि देवहट गांव निवासी शंभु सोनी, प्रदीप बिंद व अनिल बिंद, महोगढ़ी गांव निवासी कैलाश सरोज तथा प्रयागराज जिला के कोरांव थाना क्षेत्र के छड़गड़ा गांव निवासी गुलफाम रसूल को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया है। इन सभी के पास से 52 ताश के पत्ते व 1150 रुपये नगदी बरामद हुआ है। पकड़े गए सभी जुआरियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बसेली विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रु0

पत्रांकः मीमो / भूसा आपूर्ति- 2025-2026 दिनांक 11/05/2025

भूसा आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बसेली विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निराश्रित आश्रय स्थल गौशाला बसेली में भूसा आपूर्ति हेतु दिनांक 12/05/2025 से 19/05/2025 की अपरान्ह 3:00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19/05/2025 को 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थित में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/05/2025 से 19/05/2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 100.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

क्र.स	कार्य का नाम	मात्रा कुन्तल में	स्वीकृत दर के अनुसार सामग्री की लागत (रू0 लाख में)	जमानत राशि 2 %	निविदा मूल्य
1-	भूसा आपूर्ति	715 कुन्तल	750 रू0 प्रति कुन्तल	2 %	100

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (पवन कुमार) ग्राम पंचायत बसेली, बढ़पुर सचिव (प्रभात यादव)

केंद्रीय मंत्री ने जनता की समस्याएं सुन, दिलाया समाधान का भरोसा

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को महराजगंज में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याएं रखीं।

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता जनसरोकार से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पेंशन, सड़क, बिजली, शिक्षा और आवास संबंधी समस्याएं प्रमुखता से सामने आईं।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भ्रष्टाचार मुक्त, जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में लगातार काम कर रही है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे समस्याओं के समाधान की निगरानी करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने दें।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जम कर चले लाठी-डंडे

मारपीट में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल, पुलिस ने मामले को संभाला

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। जिले के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ऊटी खास में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। दोनों पक्षों के लोगों ने लाठी, डंडा, हांकी और ईंटों से एक-दूसरे पर हमला किया। इस झड़प में पुरुषों के अलावा महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे। गांव की गलियों में लोग लाठियां लेकर एक-दूसरे पर हमला करते दिखे।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही श्यामदेउरवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। पुलिस वीडियो को सबूत के रूप में लेकर जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो गंभीर

- अनपरा थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे पर हुआ हादसा
- घायल युवकों में से एक की एक जून को होनी है शादी

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

अनपरा थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे पर करहिया गांव के पास रविवार की सुबह दो बाईक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल दो अन्य युवकों को स्थानीय अस्पताल के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने वस्तु स्थिति का जायजा लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया। जानकारी के अनुसार बैरपान गांव निवासी चिंतामणी यादव उम्र 40 वर्ष पुत्र ऋचक रविवार की सुबह अनपरा बाजार से दूध बांटकर अपने घर वासप लौट रहा था। करहिया गांव के पास काशीमोड़ स्थित एजेंसी पर बाइक सर्विसिंग कराने जा रहे विंढमगंज थाना क्षेत्र के कचनरवा गांव निवासी हरीदास यादव उम्र 22 वर्ष पुत्र रामवृक्ष व सूका उम्र 18 वर्ष पुत्र सिरेंद्र की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद सभी घायलों को उपचार के लिए डिबुलगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही चिंतामणी यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल हरीदास व सूका की हालत गंभीर होने के कारण दोनों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि चितामंणी यादव हिंडालको रेणुसागर में ठेकेदार के यहां कैजुअल नौकरी करता था। साथ ही घर में दूध का करोबार भी था। तीन भाईयों में वह सबसे बड़ा था। उसके दो लड़कें हैं। हादसे में उसकी मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घायल हरीदास यादव की एक जून को शादी होनी है। ससुराल से उसे एक माह पूर्व बाइक भेंट की गई थी। उसी बाइक की सर्विसिंग कराने के लिए वह कचनवरा से काशीमोड़ स्थित एजेंसी पर अपने एक साथी के साथ जा रहा था।

हाइवा ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

सोनभद्र। विढ़मगंज थाना क्षेत्र के कोलिन डूबा पेट्रोल पंप के पास शनिवार की देर रात तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार तीन युवकों में से एक की मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल दो युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जुझ रहे है। मृतक की शादी बीते 20 अप्रैल को हुई थी। जानकारी के अनुसार शशिकांत यादव उम्र 21 वर्ष , विशाल उम्र 19 वर्ष व नीरज कुमार उम्र 18 वर्ष एक ही बाइक से देर रात कहीं जा रहे थे। तीनों जैसे ही कोलिन डूबा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे कि तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद मौके पर पहुंचे आस-पास के लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी में भर्ती कराया। जहां देखते ही चिकित्सकों ने शशिकांत को मृत घोषित कर दिया। बाद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर बताते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मृतक शशिकांत की शादी बीते 20 अप्रैल को हुई थी।

खबरें एक नजर में

पीएम मोदी का आपत्तिजनक फोटो वायरल मामले में तीन युवक गिरफ्तार

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज। अनपरा थाना पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों की पहचान अनपरा बाजार निवासी शब्बीर अंसारी पुत्र स्व जमालुद्दीन, जुबैर अंसारी पुत्र स्व जमीलुद्दीन व इजहार पुत्र इस्लाम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अनपरा बाजार निवासी शब्बीर, जुबैर व इजहार ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गलत तरीके से फोटो एडिट कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। तमाम लोगों ने इसकी शिकायत अनपरा थाना पुलिस से किया। शिकायत मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने जांच-पड़ताल कर उक्त तीनों युवकों को धर दबोचा। एएसपी कालू सिंह ने बताया कि मामले में स्थानीय पुलिस ने पीएम मोदी का आपत्तिजनक फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले अनपरा बाजार निवासी शब्बीर, जुबैर व इजहार के खिलाफ मुकदमा संख्या 78/2025 पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

जरूरतमंदों को बांटा खाद्य सामग्री

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज। मारवाड़ी युवा मंच सोन महिला शाखा के बैनर तले रविवार को हर्षोल्लास के साथ मदर्स-डे मनाया गया। इस अवसर पर शाखा की पदाधिकारियों ने गरीब असहाय माताओं को खाद्य सामग्री भेंट किया। अध्यक्ष रितु जालान ने मदर्स-डे के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि मां को पहला गुरू माना जाता है। मां के बिना बच्चों की दूनिया अधूरी है। इस संसार में सिर्फ मां ही अपने बच्चों को खुद भूखा पेट रहकर पालने की शक्ति रखती है। इस मौके पर प्रतिभा कनोडिया, दीप्ति केडिया, रंजन अग्रवाल, मीरा केडिया, रिंकी जालान, अंशिका झुनझुनवाला , सीमा केडिया आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

अमेठी, समृद्धि न्यूज। जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में शनिवार को देर शाम जनपद में शान्ति, सुरक्षा एंव सुदृढ़ यातायात व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, होटल, ढाबा, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास के क्षेत्रों में जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं पुलिस चौकियों के प्रभारीगणों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत कुल 116 स्थानों पर सघन चेकिंग करते हुए कुल 1057 संदिग्ध व्यक्तियों एवं 939 संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की गयी जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 333 वाहनों का चालान किया गया तथा 7 वाहनो को सीज किया गया।

डीपी एक्ट में एक गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज। जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों पर प्रभावी अकुंश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में रविवार को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वस्तु एवं वाहन के दौरान डीपी एक्ट थाना मोहनगंज में वांछित एक अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र स्व. रामकृष्ण पासी निवासी ग्राम खानापुर चपरा थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

आकस्मिक दबिश में पकड़ी गई 52ली. अवैध शराब

अमेठी, समृद्धि न्यूज। जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में रविवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम-पीपरपुर, बलाई का पुरवा, बाहापुर , मूर्ति का पुरवा व नटपुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी । दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र मुसाफिरखाना के थाना-बाजार शुक्ल के अन्तर्गत ग्राम -नटपुरवा व मूर्ति का पुरवा से लगभग 52ली. अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया । इस कार्यवाही मे 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए। साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया साथ ही ईंट भट्ठों का भी सघन निरीक्षण आबकारी टीम द्वारा किया गया। उक्त कार्यवाही मे आबकारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा व समस्त स्टाफ शमशेर कुमार, सर्वेश कुमार व मनोज कुमार आदि संविदा वाहन के साथ दविस में शामिल रहे।

करमा थाना का सीओ ने किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज। क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पांडेय ने रविवार को करमा थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीवी, मेस, बैरक आदि का जायजा लिया। थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने के लिए संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सीओ ने अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ितों की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुनने व उनके प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, शस्त्रों के रख-रखाव व मिशन शक्ति कक्ष, महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। एंटी रोमियों टीम को अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के लिए कड़े निर्देश दिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

भारतीय संस्कृति की आत्मा है योग : धनराज सिंह

ओबरा, समृद्धि न्यूज। स्थानीय गांधी मैदान में राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को एक विशेष योग कक्षा का आयोजन किया गया। इस विशेष योग सत्र में ओबरा क्षेत्र के नागरिक प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे, जबकि देशभर से सैकड़ों लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से योग कक्षा को देखा और योगाभ्यास किया। यह आयोजन स्थानीय स्तर पर आयोजित होकर भी राष्ट्रीय चेतना का वाहक बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय योग संरक्षक धनराज सिंह तथा राष्ट्रीय योग गुरु झल्लन शर्मा ने उपस्थित लोगों को योग के विविध आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। धनराज सिंह ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आत्मा को जाग्रत करने और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूती देने का साधन है। हमारा शेष जीवन अब राष्ट्रीय नवनिर्माण योग सेना को समर्पित है। हम चाहते हैं कि हर युवा, हर नागरिक योग को अपनाकर न केवल अपने शरीर को स्वस्थ बनाए, बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी अपनी भूमिका निभाएं। योग गुरु झल्लन शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसे केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में न देखें, बल्कि इसे जीवन की संपूर्णता का मार्ग समझें। योग से न केवल बीमारियां दूर होती हैं, बल्कि मन और मस्तिष्क में शांति का संचार होता है। आने वाले समय में राष्ट्रीय नवनिर्माण योग सेना पूरे भारत में योग क्रांति का सूत्रपात करेगी।

जूते के शोरूम में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

- फायर ब्रिगेड ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्लॉक कार्यालय के सामने स्थित चरण पादुका जूता-चप्पल शोरूम में शनिवार देर रात आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरा शोरूम उसकी चपेट में आ गया। सूचना पाकर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। शोरूम में रखे जूते-चप्पल और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई। दुकानदार आशीष कुमार के मुताबिक, रात करीब तीन बजे उन्हें फोन पर आग लगने की सूचना मिली। जब वे मौके पर पहुंचे,तब तक तीन दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी थीं। शोरूम संचालक ने बताया कि इस हादसे में करीब डेढ़ करोड़ रुपए का माल जल गया। आग इतनी विकराल थी कि दमकल की गाड़ियों को करीब 15 बार फायर डिपो से पानी भरने जाना पड़ा। सुबह आठ बजे तक आग पूरी तरह काबू में लाई जा सकी। आसपास के इलाके में देर रात तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्रशासन कर रहा नुकसान का आकलन फायर ब्रिगेड अधिकारी बीरसेन ने बताया कि आग लगने की सूचना रात करीब एक बजे मिली थी। सूचना पर तुरंत टीम रवाना की गई और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सदर कोतवाल सतेन्द्र राय ने बताया कि अभी तक पीड़ित की ओर से तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन आग से हुए नुकसान का आकलन कर रहा है।

नहर किनारे अवैध शराब के अड्डों पर हुई कार्रवाई

पुलिस ने ऑपरेशन कार-ओ-बार के तहत गुमटियां बंद कराईं

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। नौतनवा थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में रविवार को पुलिस ने ऑपरेशन कार-ओ-बार के तहत कार्रवाई की। नहर के किनारे अवैध रूप से चल रही गुमटियों पर छापेमारी की गई। इन गुमटियों में शराबियों को बैठकर शराब पीने की सुविधा दी जा रही थी। पुलिस की टीम के पहुंचते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कई शराबी वहां से भाग निकले। पुलिस ने तुरंत सभी अवैध गुमटियों को बंद करा दिया। इनके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह के अवैध अड्डों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में नशाखोरी पर रोक लगेगी।

बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आप ने चलाया स्वच्छता अभियान

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर के रेलवे क्रासिंग के पास बुद्ध विहार पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्क में झाड़ू लगाकर जमा कूड़ा-कचरा साफ कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा कि भारत बुद्ध की धरती जो शांति, समानता और सद्भाव की संस्कृति को मानती है। इसकी रक्षा के लिए हम सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार रहते हैं। जिला उपाध्यक्ष राजकुमार मौर्या ने हाथों में झाड़ू और फावड़ा लेकर पार्क के हर कोने को साफ किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पार्क को साफ रखने में सहयोग करें और कचरा इधर-उधर न फेंकें। कहा कि गंदगी से बीमारियां जन्म लेती है। बीमारियों से बचने के लिए सभी को स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर विधान सभा संरक्षक राजेंद्र मौर्या, माइनारिटी विंग जिला महा सचिव अनवर अली, नगर अध्यक्ष लक्ष्मण मौर्या आदि मौजूद रहे।

एसोसिएशन की मजबूती के लिए एकता जरूरी : जनक

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज। एसोसिएशन आफ कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स सोनभद्र उत्तर प्रदेश की जिला स्तरीय बैठक का रविवार को आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री जनक सिंह व विशिष्ट अतिथि नित्यम विश्वकर्मा, प्रदीप राजपूत, डा अरुण चौबे, डा संजय सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश सचिव नित्यम विश्वकर्मा ने कहा कि एसोसिएशन के जरिये स्वास्थ्य कर्मियों के हितों की रक्षा व उनके कार्य स्थितियों में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। संगठन ने अब तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल किया है। भविष्य में भी सीएचओएस के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित है। अब तक की प्रमुख उपलब्धियां में सेंटर टाइमिंग में बदलाव सहित स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यान्वित में हुए बदलाव शामिल है। सीएचओएस के लिए बंद किये गये लॉयल्टी बोनस को संगठन के अथक प्रयासों से पुनः लागू कराया गया है। इस मौके पर युगवीर सिंह, रोहित कुमार, दीपक चौहान, विनोद कुमार, अतुल कुमार, शैलेश कुमार, संदीप कुमार, महेश कुमार, राजवीर सिंह, अनुराधा सिंह, प्रीति यादव आदि मौजूद रहे।

मामूली विवाद में बड़े ने ली छोटे भाई की जान

अमेठी, समृद्धि न्यूज। जनपद के थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत कल देर रात खौपुर बुजुर्ग के बड़मानुष टोला में एक बड़ा हादसा हो गया। शनिराम उम्र लगभग 30वर्ष का शुक्रवार की देर रात टॉर्च की चार्जिंग को लेकर अपने बड़े भाई की पत्नी से विवाद हो गया। बातों ही बातों में हुए मामूली विवाद ने झगड़े का रूप ले लिया तथा बात मारपीट तक पहुंच गई, जिसमें बड़े भाई मनीराम ने शनिराम की लोहे की पाइप से जमकर पिटाई कर दी, जिससे शनिराम को गंभीर चोटें आ गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शनिराम को संग्रामपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां स्थित को गम्भीर देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना से समय शनिराम की पत्नी संगीता अपने चार बच्चों सजनी, अमित, विकास और छोटू के साथ मायके गई थी। शनिराम मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का पालन पोषण करता था। घटना के बाद से आरोपी भाई मनीराम परिवार सहित घर से फरार है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी भाई की तलाश जारी है।

एसएसबी मुख्यालय में हुआ विशेष आयोजन

मातृ दिवस पर स्वास्थ्य शिविर के साथ संदीक्षा कार्यक्रम आयोजित

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 66वीं वाहिनी ने अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एसएसबी मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देश पर आयोजित किया गया।

वाहिनी मुख्यालय में संदीक्षा कार्यक्रम के साथ-साथ संदीक्षा सदस्यों और उनके बच्चों के लिए चिकित्सा जांच शिविर भी लगाया गया। 66वीं वाहिनी के उप कमांडेंट प्रभाकर चतुर्वेदी के अनुसार, सहायक कमांडेंट डॉ.अभिषेक कुमार ने संदीक्षा सदस्यों और उनके बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में संदीक्षा अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने मातृ दिवस के महत्व पर चर्चा की। इस आयोजन से वाहिनी के परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभमिला।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सीडीपीओ में हुआ विवाद

धन वसूली का लगाया आरोप डीपीओ से जांच की मांग

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। महराजगंज के नौतनवा विकास खंड में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सीडीपीओ अनुराग त्रिपाठी के बीच विवाद सामने आया है। आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की नौतनवा अध्यक्ष कुसुमकांति त्रिपाठी ने डीपीओ को पत्र लिखा है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि सीडीपीओ अनुराग त्रिपाठी और सुपरवाइजर अर्चना शर्मा मिलकर कार्यकत्रियों से धन वसूली करते हैं। शिकायत करने पर सीडीपीओ जांच का बहाना बनाकर कार्यकत्रियों को धमकाते हैं। एसोसिएशन का कहना है कि कार्यकर्ता सीमा चौधरी की तबीयत भी इन्हीं की प्रताड़ना से खराब हुई थी। कार्यकत्रियों ने अपने आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि डीएम अनुनय झा को इस मामले की उच्चस्तरीय जांच किसी अन्य विभाग से करानी चाहिए। वहीं सीडीपीओ अनुराग त्रिपाठी का कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

सपा प्रतिनिधि मंडल ने परिवार को दी एक लाख की आर्थिक सहायता

सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जुड़ीकुइयाँ में सपा का प्रतिनिधि मंडल समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी स्व.मो.हुसैन उर्फ अफजल के घर पहुँचा और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार दिए गए एक लाख रुपये का चेक उनकी पत्नी मैमुननिशा को मदद के तौर पर सौंपा गया।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव, पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह, सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान व विधानसभा अध्यक्ष हरि नारायण यादव ने शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को चेक सौंपा। इस दौरान

जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा के कार्यकर्ता एवं सेक्टर प्रभारी मो. हुसैन उर्फ अफजल के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए परिवार को एक लाख रुपये का आर्थिक मदद दिया। पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने कहा कि हम लोगों के निवेदन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गरीब कार्यकर्ता के परिवार की जो मदद की है उसके लिए हम उनके आजीवन आभारी हैं।

वहीं समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया ने छोटे से कार्यकर्ता को एक लाख रुपए का सहायता की है इससे जनपद के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है और हम सब अपने नेता अखिलेश यादव पर फक्र करते हैं।

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप सपा के वरिष्ठ नेता मुरली मिश्रा, सपा के नेता/प्रधान सोनू यादव, छात्रसभा के जिलाध्यक्ष विष्णु उमर, गुड्डू सिंह, पप्पू सिंह, सिकंदर ख़रबिंद, अबरार, प्रधान कामता यादव, सूरज तिवारी, मो.हारूँन जमीरउल्लाह, महबूब आलम खान, धीरज सिंह, अबरार अहमद, पहलवान चौधरी, अब्दुल्लाह, अहमद हुसैन, रियाज, इबरार, इशरार समेत तमाम लोग उपस्थित रहें।

विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : एएसपी

- सदर कोतवाली में लंबित विवेचनाओं की एएसपी मुख्यालय ने किया समीक्षा, दिए निर्देश

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

सदर कोतवाली परिसर में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा किया।

इस दौरान उन्होंने विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर संबंधित विवेचकों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। इससे पूर्व उन्होंने अर्दली रुम किया निरीक्षण किया। साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। एएसपी मुख्यालय कालू सिंह ने विवेचनाओं में वांछित अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई तेज करने के लिए विवेचकों को निर्देशित किया। कहा कि विवेचनाओं में लापरवाही बरतने वाले संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पुराने मामलों सहित महिला संबंधित अपराधों का मौका मुआयना कर साक्ष के साथ निस्तारण किया जाए। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय, नई बाजार चैकी प्रभारी संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान में शामिल हुए पुलिसकर्मी

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में रविवार को जनपद के पुलिस कार्यालय समेत समस्त थाना, चौकी व पुलिस लाइन परिसरों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों की साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया। साफ-सफाई अभियान के अंतर्गत पुलिसकर्मियों ने परिसर को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाए रखने हेतु श्रमदान कर सफाई का संदेश दिया। अभियान में पुलिस जवानों द्वारा अपने तैनाती स्थल, थानों व चौकियों को स्वच्छ करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें पूरे उत्साह के साथ भाग लिया गया।

थानों पर हुआ संवाद दिवस

थाना संवाद दिवस पर जनता व कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान

हर रविवार की तरह इस रविवार को भी जनपद के सभी थानों पर थाना संवाद दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमजन की समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु संबंधित विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व पर्यवेक्षण अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर वादीगण की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही थाना स्टाफ की रहने-खाने व कार्य संबंधित समस्याओं पर संवाद किया गया।

रिकॉर्ड संधारण की समीक्षा व कर्मचारियों से संवाद

थानों में दैनिक रजिस्टर, आमद-रवानगी व बीट बुक की जानकारी की समीक्षा की गई। प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी व्यक्तिगत व कार्य से जुड़ी समस्याओं को जाना गया तथा उनके समाधान हेतु तत्काल निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों पर इस संवाद दिवस के माध्यम से आमजन व पुलिसकर्मियों के मध्य विश्वास व समन्वय की भावना को सशक्त किया गया।

GST No. : 09AEBPN2161A1Z1
Mob. : 9454444497
Great Man

TAILORS & DRAPERS
SALER : SUITTING, SHIRT - ING & DRESS METERIALS
Barachandganj, Near Railway Crossing, Lucknow

Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A.,B.Com.,M.Com.,M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org